गुरुवार, 5 फरवरी 2026

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

Epaper.samagya.in

# समाज्ञा

कोलकाता, फाल्गुन कृष्णपक्ष चतुर्थी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 16 – 28 |
| आर्द्रता | 72% |
| सूर्योदय: 06:14 | सूर्यास्त: 17:27 |



आरोन जॉर्ज के शतक से भारत अंडर-19 विश्व कप के फाइनल में पृष्ठ 8

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

सुविचार : ख़ुद के प्रति समर्पण ही सच्ची शक्ति है – वह शक्ति जो भीतर से आती है।

RED-X
B.W.P. PLY, BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

एसआईआर विवाद : मुख्यमंत्री ममता ने उच्चतम न्यायालय से लोकतंत्र की रक्षा की अपील की

# व्हाट्सएप आयोग जैसा है चुनाव आयोग, सिर्फ नाम काटने के लिए हो रहा एसआईआर : ममता

- मुख्यमंत्री का आरोप,एसआईआर की कवायद में बंगाल को निशाना बनाया जा रहा
- निर्वाचन आयोग औंर राज्य के निर्वाचन अधिकारी को नोटिस जारी, नौं फरवरी तक जवाब तलब



ममता बनर्जी ने खुद की अपने केस की पैरवी

**नयी दिल्ली/कोलकाता :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने उच्चतम न्यायालय से मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की जारी कवायद में बुधवार को हस्तक्षेप करने का आग्रह किया ताकि 'लोकतंत्र की रक्षा की जा सके। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य को निशाना बनाया जा रहा है और इसके लोगों के अधिकारों का हनन किया जा रहा है। उच्चतम न्यायालय ने ममता की याचिका और किसी सेवारत मुख्यमंत्री द्वारा उसके समक्ष प्रस्तुत दलीलों पर गौर किया और कहा कि पात्र व्यक्तियों को मतदाता सूची में शामिल होना चाहिए। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की पीठ ने उनकी याचिका पर निर्वाचन आयोग और पश्चिम बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को नोटिस जारी कर नौ फरवरी तक जवाब मांगा है। प्रधान न्यायाधीश ने निर्वाचन आयोग को निर्देश दिया कि बूथ स्तर के अधिकारियों और मतदाता सूची अधिकारियों को नाम की वर्तनी में विसंगतियों जैसी छोटी-मोटी गलतियों के आधार पर नोटिस जारी करते समय अधिक संवेदनशील रहें। मुख्यमंत्री ने निर्वाचन आयोग को 'व्हाट्सएप आयोग' कहा, जो स्पष्ट रूप से निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन अधिकारियों को व्हाट्सएप पर कथित रूप से भेजे जा रहे निर्देशों की ओर इशारा था। बनर्जी का प्रतिनिधित्व वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम दीवान ने किया। बनर्जी ने प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ से व्यक्तिगत रूप से अपनी दलीलें पेश करने की अनुमति मांगी। शुरुआत में, बनर्जी ने पांच मिनट तक बहस करने की अनुमति मांगी। प्रधान न्यायाधीश ने जवाब में कहा कि अदालत उन्हें अपनी बात रखने के लिए पांच मिनट नहीं बल्कि 15 मिनट का समय देगी। बनर्जी ने कहा कि समस्या यह है कि हमारे वकीलों ने शुरू से ही हमारा पक्ष रखा, लेकिन सब कुछ खत्म होने के बाद भी हमें न्याय नहीं मिल रहा। हमें कहीं भी न्याय नहीं मिल रहा। मैं एक बंधुआ मजदूर हूं, महोदय... मैं एक साधारण परिवार से हूं और मैं किसी पार्टी के लिए नहीं लड़ रही हूं। बनर्जी ने आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल को निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने पूछा कि असम में यही मापदंड क्यों नहीं अपनाया जा रहा है। पीठ ने उनकी ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम दीवान के साथ-साथ खुद उन्हें (बनर्जी) भी दलील पेश करने की अनुमति दी थी। बनर्जी ने कहा कि वे पश्चिम बंगाल को निशाना बनाकर वहां के लोगों के अधिकारों को कुचलने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमें कहीं न्याय नहीं मिल रहा है। मैंने निर्वाचन आयोग को छह पत्र लिखे हैं। सुनवाई के अंत में, उन्होंने व्यक्तिगत रूप से बहस करने का मौका देने के लिए पीठ के प्रति आभार व्यक्त किया और उनसे 'लोकतंत्र को बचाने' का आग्रह किया।

# लोकसभा में भारी हंगामे के कारण टला प्रधानमंत्री मोदी का भाषण



विपक्ष की महिला सांसदों ने घेर ली पीएम मोदी की कुर्सी

**नई दिल्ली :** संसद के बजट सत्र का बुधवार को छठा दिन था, लेकिन लोकसभा में हंगामा जारी रहा। विपक्षी दलों खासकर कांग्रेस ने विभिन्न मुद्दों पर सरकार पर हमला बोला, जिसके कारण सदन की कार्यवाही बार-बार स्थगित हुई। हद तो तब हो गई जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव का जवाब देने का कार्यक्रम शाम 5 बजे तय था, लेकिन कांग्रेस सांसद पोस्टर बैनर लेकर स्पीकर के चेयर तक पहुंच गए। हालांकि पीएम मोदी तब तक लोकसभा में नहीं पहुंचे थे। स्पीकर ने जब सदन कल तक के लिए स्थगित किया तब कांग्रेस की महिला सांसद ज्योति मणि और वर्षा गायकवाड़ के नेतृत्व में कुछ कांग्रेस सांसद सत्तापक्ष में मौजूद भाजपा सांसद निशिकांत दुबे की तरफ लपके, जिससे सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच काफी हो हल्ला हुआ। दरअसल, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव का जवाब देने का कार्यक्रम शाम 5 बजे तय था, लेकिन भारी हंगामे के चलते लोकसभा की कार्यवाही कल (5 फरवरी) सुबह तक के लिए स्थगित कर दी गई। पीएम मोदी सदन में नहीं बोल पाए।

**लोकसभा में पीएम मोदी नहीं बोलेंगे–सूत्र**

पीएम मोदी के जवाब के बिना ही राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पारित हो सकता है, ये जानकारी सूत्रों के हवाले से सामने आई है। अगर लोक सभा में गतिरोध नहीं सुलझता है तो पीएम का जवाब होने की संभावना कम ही है। बता दें कि विपक्षी सांसद नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का भाषण न होने देने का विरोध कर रहे हैं। उनका कहना है कि अगर हमारे सदस्य को नहीं बोलने दिया तो सत्ता पक्ष के सदस्यों को भी नहीं बोलने दिया जाएगा।

**राज्य सभा में बोलेंगे पीएम मोदी**

हालांकि पीएम मोदी राज्य सभा में धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब देंगे। गुरुवार शाम पांच बजे पीएम मोदी राज्य सभा में अभिभाषण दे सकते हैं।

**किस बात पर विपक्ष कर रहा हंगामा?**

दरअसल मंगलवार को राहुल गांधी ने लोकसभा में पूर्व आर्मी चीफ मनोज मुकुंद नरवणे की अप्रकाशित किताब के कुछ अंशों को सदन में कोट करने की कोशिश की। किताब के हवाले से वह दावा कर रहे थे कि चीन की सेना ने भारतीय सीमा में घुसने की कोशिश की थी। वहीं पीएम मोदी और नरवणे के संबंधों पर ही वह सवाल उठा रहे थे। इस पर गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कड़ी अपत्ति जताई और उन्होंने राहुल पर सदन को गुमराह करने का आरोप लगाया। वहीं बीजेपी-कांग्रेस सांसदों के बीच तीखी नोकझोंक भी हुई। इस दौरान लोकसभा स्थगित हो गई और राहुल गांधी अपनी बात नहीं रख पाए। इस वजह से विपक्षी सांसद सदन में जमकर हंगामा कर रहे हैं। पृष्ठ 7

## नीट पीजी के कट-ऑफ पर्सेंटाइल घटाने के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर केंद्र को नोटिस

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने आयुर्विज्ञान में राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड (एनबीईएमएस) द्वारा नीट-पीजी 2025-26 में दाखिले के लिए पात्रता कट-ऑफ पर्सेंटाइल में भारी कमी करने के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर बुधवार को केंद्र और अन्य से जवाब मांगा। न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति आलोक अराधे की पीठ ने भारत सरकार, एनबीईएमएस, राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग (एनएमसी) और अन्य को नोटिस जारी किए हैं। मामले की अगली सुनवाई छह फरवरी को होगी। देश भर में 18,000 से अधिक स्नातकोत्तर मेडिकल सीट खाली रहने के कारण बोर्ड ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-पीजी) 2025 प्रवेश के लिए पात्रता पर्सेंटाइल को संशोधित किया है। आरक्षित श्रेणियों के लिए इसे 40 प्रतिशत से घटाकर शून्य कर दिया है जिससे कम अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी भी स्नातकोत्तर मेडिकल सीट के लिए काउंसलिंग के तीसरे दौर में शामिल हो सकेंगे। एनबीईएमएस द्वारा जारी नोटिस के अनुसार, सामान्य वर्ग के लिए नीट पीजी का कटऑफ 50 पर्सेंटाइल से घटाकर सात पर्सेंटाइल कर दिया गया है। शीर्ष अदालत सामाजिक कार्यकर्ता हरिशरण देवगन, डॉ. सौरभ कुमार, डॉ. लक्ष्य मित्तल और डॉ. आकाश सोनी द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रही है, जिसमें यह दलील दी गई थी कि कट-ऑफ में कमी संविधान के अनुच्छेद 14 और अनुच्छेद 21 का उल्लंघन करती है।

# भारत ने रूसी तेल खरीदना बंद करने, अमेरिका में 500 अरब डॉलर का निवेश का संकल्प लिया : व्हाइट हाउस

**न्यूयॉर्क/वॉशिंगटन :** अमेरिकी राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय 'व्हाइट हाउस' ने भारत के साथ हुए नए व्यापार समझौते का स्वागत करते हुए कहा कि भारत ने रूसी तेल की खरीद बंद करने की प्रतिबद्धता जताई है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रमुख अमेरिकी क्षेत्रों में 500 अरब अमेरिकी डॉलर के निवेश पर भी सहमति व्यक्त की है। यह बयान 'व्हाइट हाउस' की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने मंगलवार को दिया। कैरोलिन ने पत्रकारों के साथ बातचीत में कहा, '' राष्ट्रपति (डोनाल्ड ट्रंप) ने भारत के साथ एक और बड़ा व्यापार समझौता किया है। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी से सीधे बात की। दोनों देशों के बीच बहुत अच्छे संबंध हैं। भारत न केवल रूस से तेल खरीदना बंद करने के लिए प्रतिबद्ध है बल्कि अमेरिका से तेल खरीदने के लिए भी प्रतिबद्ध है। संभवतः वेनेजुएला से भी जिससे हमें पता है कि अब अमेरिका और अमेरिकी जनता को सीधा लाभ होगा।'' उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिका में 500 अरब डॉलर के निवेश की प्रतिबद्धता जताई है जिसमें परिवहन, ऊर्जा एवं कृषि उत्पाद भी शामिल हैं। इसलिए राष्ट्रपति ट्रंप की बदौलत यह एक और शानदार व्यापार समझौता है।

## किसी भी देश से तेल खरीदने के लिए स्वतंत्र है भारत: रूस

**मास्को :** रूस के राष्ट्रपति भवन 'क्रेमलिन' ने बुधवार को कहा कि भारत किसी भी देश से कच्चा तेल खरीदने के लिए पूरी तरह स्वतंत्र है और अपने आपूर्ति स्रोतों में विविधता लाने के उसके फैसले में कुछ भी नया नहीं है। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने एक सवाल के जवाब में कहा, ''हम और अन्य अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा विशेषज्ञ इस बात से भली-भांति परिचित हैं कि रूस, भारत को तेल और पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति करने वाला एकमात्र देश नहीं है। भारत हमेशा से अन्य देशों से भी ये उत्पाद खरीदता रहा है, इसलिए हमें इसमें कुछ भी नया नजर नहीं आता।''

# आज चुनाव से पहले ममता सरकार का अंतरिम बजट, कल्याण और विकास पर रहेगा जोर

**राज्यपाल के अभिभाषण के साथ विधानसभा सत्र की शुरुआत**

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में आसन्न विधानसभा चुनाव से ठीक पहले ममता बनर्जी सरकार गुरुवार को विधानसभा में अंतरिम बजट (लेखानुदान) पेश करने जा रही है। माना जा रहा है कि इस बजट के जरिए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी न केवल राज्य की आर्थिक सेहत का लेखा-जोखा पेश करेंगी, बल्कि सत्ता में चौथी बार वापसी का ब्लूप्रिंट भी तैयार करेंगी। बजट सत्र की शुरुआत राज्यपाल सीवी आनंद बोस के अभिभाषण से होगी, जिसके बाद वित्त राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) चंद्रिमा भट्टाचार्य सदन में अंतरिम बजट प्रस्तुत करेंगी। कहा जा रहा है कि यह अंतरिम बजट महिला और युवा केंद्रित हो सकता है। बंगाल में महिला वोट बैंक तृणमूल कांग्रेस का मजबूत आधार रहा है। बजट में महिलाओं और युवाओं के लिए नई वित्तीय सहायता योजनाओं की घोषणा संभव है। इसके अलावा, ग्रामीण कनेक्टिविटी : चुनाव से पहले गांवों को जोड़ने वाली सड़कों और पेयजल परियोजनाओं पर भारी निवेश की घोषणा की जा सकती है। केंद्र बनाम राज्य : बजट भाषण में केंद्र सरकार द्वारा रोकी गई फंड राशि (मनरेगा और आवास योजना) का मुद्दा एक बार फिर गरमा सकता है। ममता सरकार के इस अंतरिम बजट में 'लक्ष्मी भंडार', 'स्वास्थ्य साथी', 'कन्याश्री' और ग्रामीण रोजगार से जुड़ी योजन-ाओं के लिए अतिरिक्त प्रावधान किए जाने की संभावना जताई जा रही है।

# युमनाम खेमचंद सिंह बने मणिपुर के मुख्यमंत्री

**दो उपमुख्यमंत्रियों औंर मंत्रियों ने भी ली शपथ**



**मणिपुर :** हिंसाग्रस्त मणिपुर को लंबे राष्ट्रपति शासन के बाद अपना नया मुख्यमंत्री मिल गया है। मार्शल आर्ट के धुरंधर मैतेई समुदाय के युमनाम खेमचंद सिंह ने राज्य के नए मुख्यमंत्री के तौर पर आज शपथ ली। इससे पहले आज उन्होंने मणिपुर के राज्यपाल से मिलकर सरकार बनाने का दावा पेश किया। वहीं, भाजपा विधायक नेमचा किपगेन ने मणिपुर के उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली। किपगेन कुकी समुदाय से हैं। इसके अलावा, नागा पीपुल्स फ्रंट के विधायक एल डिखो ने भी उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली है। भाजपा के गोविंदास कोंथौजम और एनपीपी केके लोकेन सिंह ने मंत्री पद की शपथ ली। नेमचा किपगेन ने नई दिल्ली स्थित मणिपुर भवन से डिजिटल माध्यम से शपथ ली।

## चांदी तीन लाख रुपये के करीब पहुंची, सोना 1.65 लाख रुपये पर

**नयी दिल्ली :** चांदी की कीमतें बढ़कर 2.98 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गईं और सोना 1.65 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रहा। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी 14,300 रुपये, या 5.03 प्रतिशत बढ़कर 2,98,300 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गई। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी तेजी से बढ़ा और 7,400 रुपये या 4.69 प्रतिशत की तेजी के साथ 1,65,100 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गया, जबकि मंगलवार को यह 1,57,700 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

# अमेरिका के साथ व्यापार समझौता ऐतिहासिक, हम कृषि क्षेत्र की सुरक्षा सुनिश्चित करने में सफल रहे: गोयल



**नयी दिल्ली :** संसद में बुधवार को केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने अमेरिका के साथ हुए व्यापार समझौते को 'ऐतिहासिक' करार देते हुए कहा कि भारत इस समझौते में कृषि और दुग्ध क्षेत्र की सुरक्षा सुनिश्चित करने में सफल रहा है। गोयल ने पहले लोकसभा में और फिर राज्यसभा में अपनी ओर से भारत एवं अमेरिका के बीच हुए व्यापार समझौते पर एक वक्तव्य दिया। उन्होंने यह भी कहा कि इस समझौते से भारत को विकसित बनाने की दिशा में देश की यात्रा को मजबूती मिलेगी। गोयल ने कहा, ''दोनों देश नियमित रूप से चर्चा कर रहे थे...दोनों पक्षों ने विभिन्न स्तरों पर गहन बातचीत की है।'' उनका कहना था कि दोनों पक्ष अपनी-अपनी अर्थव्यवस्था के महत्वपूर्ण और संवेदनशील क्षेत्रों की रक्षा करते हुए यह समझौता करने में सफल रहे हैं। मंत्री ने कहा, ''प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फोन पर चर्चा की और इसके बाद ट्रंप ने अमेरिका के टैरिफ को घटाकर 18 प्रतिशत करने की घोषणा की।'' गोयल ने कहा, ''मैं इस बात पर जोर देना चाहता हूं कि यह अमेरिका द्वारा कई प्रतिस्पर्धी देशों पर लगाए गए शुल्क से कम है।'' उन्होंने कहा कि यह समझौता भारतीय निर्यातकों को तुलनात्मक लाभ प्रदान करेगा। मंत्री के अनुसार, भारतीय पक्ष विशेष रूप से कृषि और दुग्ध क्षेत्र की सुरक्षा सुनिश्चित करने में सफल रहा है। गोयल ने इस बात पर जोर दिया, ''खाद्य और कृषि क्षेत्र में भारत की संवेदनशीलता का ध्यान रखा गया है।''

# सेना का ऑपरेशन 'किया': उधमपुर में जैश-ए-मोहम्मद के दो पाकिस्तानी आतंकवादी ढेर



**जम्मू :** जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले में एक गुफा में छिपे जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) के एक स्वघोषित शीर्ष कमांडर समेत दो पाकिस्तानी आतंकवादी बुधवार को सुरक्षा बलों की कार्रवाई में मारे गये। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। दोपहर के आसपास जब सुरक्षा बलों ने गुफा पर धावा बोला, तो कई जोरदार धमाकों की आवाजें सुनाई दीं। अधिकारियों ने बताया कि मारे गए आतंकवादियों में से एक की पहचान रुबानी उर्फ अबू मविया के रूप में हुई, जो पिछले कई वर्षों से क्षेत्र में सक्रिय था। उन्होंने बताया कि एक आतंकवादी का शव एक गुफा के पास से बरामद किया गया, जबकि दूसरे का शव गुफा के अंदर मिला। अधिकारियों के अनुसार, मंगलवार शाम लगभग चार बजे रामनगर के जाफड़ वन क्षेत्र में सेना, पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के संयुक्त दस्ते ने गुफा के भीतर आतंकवादियों का पता लगाया, जिसके बाद मुठभेड़ हुई। सेना ने 20 घंटे से अधिक समय तक चले इस अभियान को 'किया' नाम दिया और कहा कि यह अभियान समाप्त हो चुका है, लेकिन इलाका अब भी निगरानी में है।

## जम्मू-कश्मीर के किशतवाड़ में मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया

जम्मू-कश्मीर के किशतवाड़ में बर्फ से ढके ऊंचे इलाकों में बुधवार शाम को सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच गोलीबारी में एक संदिग्ध पाकिस्तानी आतंकवादी मारा गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पिछले 18 दिनों में चतरू क्षेत्र में यह पांचवीं मुठभेड़ है, क्योंकि सेना और पुलिस, जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) संगठन से जुड़े पाकिस्तानी आतंकवादियों के एक समूह की तलाश कर रही है। किशतवाड़ क्षेत्र में आतंकवादियों की निरंतर खोज और उनके खात्मे के लिए घने जंगलों और दुर्गम इलाकों में तलाशी अभियान के दौरान कई मुठभेड़ें हुई हैं। इसी क्रम में आज शाम लगभग 5.45 बजे किशतवाड़ के दिच्छर क्षेत्र में 'काउंटर-इंसर्जेंसी फोर्स डेल्टा', व्हाइट नाइट कोर, जम्मू-कश्मीर पुलिस और सीआरपीएफ के जवानों द्वारा संचालित संयुक्त अभियान (त्राशी-1) में आतंकवादियों से सामना हुआ।


अब पूर्वी भारत में टोटल जॉइंट रिप्लेसमेंट के लिए ऑटोमेटिक रोबोटिक सर्जरी

पूर्वी भारत में संयुक्त प्रतिस्थापन सर्जरी के अग्र-दूत, डॉ. संतोष कुमार, बताते हैं कि एआई-सशक्त सक्रिय स्वचालित रोबोट सीयूवीआईएस सर्जनों के लिए आंखों की एक अतिरिक्त जोड़ी के रूप में कार्य करता है और सर्जरी में अधिक सटीकता प्रदान करता है और बुजुर्ग और बड़े जोखिम वाले रोगियों के लिए अधिक फायदेमंद हो सकता है।



Dr. Santosh Kumar
Orthopaedic and Joint Replacement Surgeon

अब तक, विभिन्न आर्थोपेडिक सर्जरी में निष्क्रिय और अर्ध-सक्रिय रोबोटों का उपयोग किया गया है। अब, प्रौद्योगिकी की उन्नति ने मनुष्य की भलाई के लिए चिकित्सा विज्ञान के साथ एक गांठ बांध ली है। इसे ध्यान में रखते हुए कोलकाता के अग्रणी ऑर्थोपेडिक सर्जन और पूर्वी भारत में प्रमुख ज्वाएंट रिप्लेसमेंट सर्जन डॉ संतोष कुमार ने अब पूर्वी भारत में ज्वाएंट रिप्लेसमेंट सर्जरी के लिए अल-पावर्ड सक्रिय स्वचालित रोबोट पेश किया है। सीयूवीआईएस जैसे सक्रिय रोबोटों में एक सक्रिय स्वचालित रोबोटिक भुजा होती है जो पूर्व-योजना, अनुकरण, आकार और अभिविन्यास के साथ-साथ पूर्व-संचालन निर्धारण की अनुमति देती है और अंत में शून्य त्रुटि के साथ योजना के अनुसार हड्डी को तैयार करने का काम करती है। सर्जरी के सभी चरण स्वचालित रूप से ही होते रहते हैं और सर्जन रोबोट को हाथ से पकड़े हुए रिमोट से नियंत्रित करता है।
हालांकि पूरी प्रक्रिया इस सक्रिय स्वचालित रोबोट द्वारा की जाएगी लेकिन पूरी प्रक्रिया को डॉ. संतोष कुमार के नेतृत्व में कुशल आर्थोपेडिक सर्जनों की टीम द्वारा नियंत्रित किया जाएगा।




ADVANTAGES

- इंसान की आंखें एक मिली मीटर से करीब दो बिंदुओं में अंतर नहीं कर सकती हैं, लेकिन रोबोट एक मिलीमीटर के दसवें हिस्से तक माप का सटिक आंकलन कर सकता है। इसलिए, एक सर्जन अत्यंत सबमिली मीटर सटीकता के साथ सटीक प्रदर्शन कर सकता है।
- सर्जरी में सीयूवीआईएस का उपयोग करने की एक और खासियत अनुकूलित सरेखण भी है। यह सक्रिय रोबोट घुटने के प्रतिस्थापन में अति-उच्च परिशुद्धता के साथ हासिल किया जाता है। यह चलने की स्थिरता को पुनर्स्थापित करता है। इस प्रकार, यह एक सुरक्षित तकनीक है।
- 0% मानव त्रुटि होने की संभावना।
- सीयूवीआईएस अपने न्यूनतम इनवेसिव दृष्टिकोण, चिकनी हड्डी के कारण पोस्ट-ऑपरेटिव रिकवरी को भी तेज करता है। कटौती, प्रत्यारोपण की अनुकूलित नियुक्ति, कम खून का बहना और कम दर्द, रिकवरी में तेजी लाती है।

**प्रत्यारोपण में इसकी लंबी उम्र है।**

Institute of Robotic Joint Replacement Surgery (Belle Vue Clinic)
Dr Santosh Kumar is available for Consultation at Belle Vue Clinic, Loudon Street, Kolkata 17 (daily) and the office of Hip and Knee Foundation at Plot number 332, Lake Town block A, Kolkata-700 089
More information call us 9831911584/9831266632
Visit our website www.mykneemylife.org

## पर व्यापार समझौते में अमेरिकी पलड़ा भारी

यह सुखद ही है कि अमेरिका द्वारा भारतीय उत्पादों पर लगाये गए भारी-भरकम पचास फीसदी टैरिफ को घटाकर 18 फीसदी कर देने की बात कही जा रही है। दलील दी जा रही थी कि भारत पर रूस से सस्ता तेल खरीदने के एवज में पच्चीस फीसदी अतिरिक्त टैरिफ लगाया गया था। कुछ वैश्विक व्यापार के जानकार मानते हैं कि यह व्यापार समझौते को अमेरिका के पक्ष में लाने के लिये दबाव बनाने की रणनीति का हिस्सा ही था। लेकिन जिसके आगे भारत ने जल्दी से घुटने नहीं टेके थे। अब कहा जा रहा है कि टैरिफ के पचास फीसदी से घटाकर 18 फीसदी करने से भारत ने राहत की सांस ली है। यह भारत के रत्न, आभूषण, वस्त्र और परिधान जैसे श्रम-प्रधान क्षेत्रों के लिये सुखदकारी खबर है, जो बीते साल अगस्त में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा टैरिफ बढ़ाने के बाद से ही संघर्षरत रहे हैं। कहा जा रहा है कि लंबे समय से प्रतीक्षित भारत-अमेरिका व्यापार समझौता सिरे चढ़ने के करीब है। आशंका जताई जा रही है कि यह समझौता अमेरिका के पक्ष में झुका हुआ प्रतीत होता है। हालांकि, इस समझौते से जुड़े व्यापक विवरण का अभी सामने आने का इंतजार किया जा रहा है। कहा जा रहा है कि इस समझौते के तहत भारत अमेरिका से पेट्रोलियम पदार्थ, रक्षा संबंधी उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक्स गुड्स, फार्मास्यूटिकल्स, दूरसंचार से जुड़े उपकरण और विमानों की खरीद बढ़ाएगा। अमेरिका के नीति-नियंता दलील देते रहे हैं कि यह व्यापार समझौता उसके व्यापार घाटे को कम करने और कथित रूप से भारत को 'अनुचित लाभ' से वंचित करने की डोनाल्ड ट्रंप की मंशा के अनुरूप ही है। यह समझा जा रहा है कि कहीं न कहीं अमेरिका ने दबाव डालकर भारत को रूसी तेल की खरीद बंद करने के लिये बाध्य कर लिया है। हालांकि, कहा यह भी जा रहा है कि इस प्रक्रिया को पूरा होने में कुछ महीनों का समय लग सकता है। इसी तरह व्यापार बाधाओं को कम करने में भी कुछ वक्त लग सकता है।

वैसे रूस से तेल खरीदने पर रोक के संकेत तब मिलने लगे थे, जब भारतीय पेट्रोलियम रिफाइनरियों ने रूस से कच्चे तेल की खरीद कम करनी शुरू कर दी थी। वहीं दूसरी ओर रूस से होने वाली कम आपूर्ति से उपजी परिस्थितियों के मुकाबले के लिये भारत ने पश्चिमी एशिया, अफ्रीका और दक्षिण अमेरिका से पेट्रोलियम उत्पादों का आयात बढ़ा दिया था। वैसे इस बाबत चिंता की बात तब उत्पन्न हुई थी जब अमेरिकी कृषि सचिव ब्रुक रोलिंस ने कहा था – 'व्यापार समझौता अमेरिकी कृषि निर्यात को बढ़ावा देगा, कीमतों में वृद्धि करेगा और अमेरिका के ग्रामीण इलाकों में नकदी का प्रवाह बढ़ाएगा।' ऐसे में सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि क्या मोदी सरकार डेयरी और कृषि क्षेत्रों में अमेरिकी उत्पादों के लिये भारत के बाजारों को खोलते हुए घरेलू किसानों के हितों की रक्षा कर पाएगी? यह जानते हुए भी कि भारत में कृषि व किसान राजनीतिक रूप से बेहद संवेदनशील मुद्दा है। वैसे इस बात में कोई संदेह नहीं है कि अमेरिकी राष्ट्रपति के लगातार दबाव व 'या तो मेरी बात मानो या फिर रास्ता छोड़ दो' वाले रवैये ने नई दिल्ली को कई रियायतें देने और समझौते करने के लिये मजबूर कर दिया है। निस्संदेह,यह एक हकीकत है कि व्यापार के मोर्चे पर अमेरिका का पलड़ा भारी बना हुआ है। जिससे भारत की सौदेबाजी करने की क्षमता और रणनीतिक स्वायत्तता बनाये रखने की क्षमता को लेकर सवाल उठाये जा रहे हैं। अच्छी बात यह है कि भारत के निर्यात प्रतिस्पर्धियों मसलन इंडोनेशिया, वियतनाम और बांग्लादेश आदि पर अमेरिका द्वारा उच्च शुल्क लगाए जा रहे हैं। हालांकि, चिंता इस बात को लेकर भी जतायी जा रही है कि भारत ने ट्रंप को मात देने का एक अवसर खोया भी है। वैसे यह हकीकत किसी से छिपी नहीं है कि अमेरिका की सारी नीतियां अमेरिका से शुरू होकर अमेरिका पर ही खत्म हो जाती हैं। खासकर ट्रंप के राष्ट्रपति काल में ये नीतियां ज्यादा आक्रामक रूप में सामने आई हैं। जिसका खामियाज उसके मित्र देश भी भुगत रहे हैं।

# विकसित भारत के अग्रदूतों के भविष्य को संवारना



धर्मेंद्र प्रधान

इस वर्ष परीक्षा पे चर्चा का आयोजन भारत की शिक्षा यात्रा में शांत लेकिन निर्णायक परिवर्तन को रेखांकित करता है। माननीय प्रधानमंत्री के नेतृत्व में परिकल्पित यह पहल, जो 2018 में एक एकल वार्षिक संवाद के रूप में प्रारंभ हुई थी, आज स्वाभाविक रूप से एक जन आंदोलन का रूप ले चुकी है। अब यह एक राष्ट्रव्यापी सामूहिक प्रयास बन गई है, जिसमें विद्यार्थियों के समग्र कल्याण को केंद्र में रखा गया है और माता-पिता व शिक्षक इस साझा उत्तरदायित्व के सक्रिय सहभागी हैं।

इस वर्ष की सहभागिता का पैमाना इस पहल की गहराई को दर्शाता है। 4.5 करोड़ से अधिक पंजीकरणों के साथ परीक्षा पे चर्चा, पूर्व गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड को पीछे छोड़ते हुए अब जन-संपर्क से आगे बढ़कर सामूहिक स्वामित्व की एक महत्वपूर्ण अवस्था में प्रवेश कर चुकी है। यह अभूतपूर्व सहभागिता सक्षम वातावरण निर्मित करने के सामूहिक संकल्प को प्रतिबिंबित करती है, जहाँ प्रत्येक बच्चा सीख सके, विकसित हो सके और सही मायनों में फल-फूल सके।

**प्रधानमंत्री के प्रेरक नेतृत्व का प्रदर्शन**

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का शिक्षा, अध्ययन और परीक्षा से जुड़े तनाव जैसे विषयों पर विद्यार्थियों के साथ संवाद सहानुभूति, व्यवहारिकता और प्रेरक नेतृत्व का विशिष्ट समन्वय प्रस्तुत करता है। सरलता, अनुशासन, आशावाद और मानव क्षमता में गहरी आस्था से परिपूर्ण उनके व्यक्तित्व ने लाखों बच्चों के मन पर गहरा और स्थायी प्रभाव अंकित किया है। औपचारिक प्रोटोकॉल की जटिलताओं से परे जाकर विद्यार्थियों से मार्गदर्शक, मेंटर और शुभचिंतक के रूप में जुड़ने की सहज क्षमता प्रधानमंत्री को विशिष्ट बनाती है। उनकी संवादात्मक, कथात्मक और आत्मीय शैली विद्यार्थियों को यह अनुभव कराती है कि उनकी बातें सुनी और समझी जा रही हैं। वे गर्मजोशी, हास्य और प्रामाणिकता के साथ संवाद करते हैं तथा अक्सर अपने जीवन के अनुभवों से उदाहरण लेकर धैर्य, एकाग्रता और आत्मबल जैसे व्यापक जीवन मूल्यों को सरलता से प्रस्तुत करते हैं। यह व्यक्तिगत स्पर्श परीक्षा से जुड़े दबावों को सहज बनाते हुए आश्वस्त और सकारात्मक वातावरण का निर्माण करता है, जहाँ विद्यार्थी आत्मविश्वास के साथ सीखने और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित होते हैं।

**प्रत्येक बच्चे की विशिष्टता की पहचान**

इस प्रयास के केंद्र में एक सरल किंतु अत्यंत सशक्त सत्य निहित है: हर बच्चा विशिष्ट है। प्रत्येक बच्चा अलग तरह से सीखता है, अपनी गति से आगे बढ़ता है और अपने भीतर ऐसी प्रतिभाएँ समेटे होता है, जिन्हें अंकों या रैंक तक सीमित नहीं रखा जा सकता।

परीक्षाएँ अपनी प्रकृति के अनुसार, बच्चे की क्षमता के सीमित पहलू को ही दर्शाती हैं। समग्र व्यक्तित्व के निर्माण के माध्यम से ही उसकी वास्तविक सृजनात्मकता और उत्कृष्टता का विकास होता है। कोई बच्चा गणित में उत्कृष्टता दिखा सकता है, कोई कलात्मक कल्पना में निपुण हो सकता है, और कोई करुणा के साथ संवेदनशील चिकित्सक बनने की क्षमता रखता है। ये भिन्नताएँ किसी तरह की कमी नहीं हैं; बल्कि यही विविध, सशक्त और नवोन्मेषी समाज की आधारशिला हैं।

**राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के दर्शन का प्रतिबिंब**

यह दर्शन राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के मूल में निहित है। इसके ढाँचे के अंतर्गत शिक्षण-पद्धतियों, पाठ्यक्रमों और मूल्यांकन प्रणालियों को एक वास्तविक बाल-केंद्रित दृष्टिकोण के अनुरूप पुनर्गठित किया जा रहा है, जहाँ शैक्षणिक अध्ययन के साथ-साथ सृजनात्मकता, आलोचनात्मक चिंतन, भावनात्मक बुद्धिमत्ता, शारीरिक स्वास्थ्य और नैतिक मूल्यों के संवर्धन पर विशेष बल दिया गया है। प्रारंभिक वर्षों में खेल-आधारित शिक्षण पर इसका जोर इस तथ्य को स्वीकार करता है कि जिज्ञासा और आनंद ही आजीवन सीखने की सबसे सशक्त आधारशिलाएँ हैं।

शिक्षा के आरंभिक वर्षों में मातृभाषा में शिक्षा देने का उद्देश्य बच्चों को अवधारणाओं की बेहतर समझ प्रदान करना है, जबकि बहुभाषिकता पर दिया गया बल ऐसी पीढ़ी के निर्माण की परिकल्पना करता है जो अपनी सांस्कृतिक और भाषायी जड़ों के प्रति विश्वास रखती हो तथा भारतीय ज्ञान परंपराओं को वैश्विक मंच पर आगे बढ़ाने में सक्षम हो।

मूल्यांकन संबंधी सुधार भी इसी उद्देश्य को प्रतिबिंबित करते हैं। पहली बार कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षाएँ अब वर्ष में दो बार आयोजित की जाएँगी, जिससे विद्यार्थियों को अपने प्रदर्शन में सुधार के लिए अधिक लचीलापन मिलेगा और उच्च-दबाव वाली एकल परीक्षा से जुड़ा तनाव कम होगा। 360-डिग्री समग्र प्रगति कार्ड लागू किए गए हैं, जो केवल बच्चे की शैक्षणिक उपलब्धियों का ही आकलन नहीं करते, बल्कि उसके सामाजिक-भावनात्मक और शारीरिक विकास को भी समग्र रूप से दर्ज करते हैं। यह स्वीकार करते हुए कि तंदुरुस्ती सीखने का अभिन्न अंग है, प्रत्येक सीबीएसई विद्यालय में सामाजिक-भावनात्मक परामर्शदाताओं की नियुक्ति अनिवार्य की गई है, जो विद्यार्थियों को शैक्षणिक और भावनात्मक तनाव के प्रबंधन में निरंतर सहयोग प्रदान करेंगे। अंत में, हमारे समक्ष उत्तरदायित्व स्पष्ट है-बच्चों को किसी एक साँचे में ढलने के लिए विवश नहीं करना चाहिए, बल्कि प्रत्येक बच्चे की विशिष्ट क्षमताओं को पहचानना, उनका समर्थन करना और उन्हें सुदृढ़ बनाना चाहिए।

**समग्र रूप से सीखना** – प्रमुख केंद्रबिंदु

आज की शिक्षा केवल पाठ्यपुस्तकों, परीक्षाओं और रटने तक सीमित नहीं रह गई है। समग्रता से सीखने पर स्पष्ट रूप से ध्यान दिया जा रहा है। यह भली-भाँति समझा जा चुका है कि केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता विद्यार्थियों को 21वीं सदी की चुनौतियों के लिए तैयार नहीं करती। चिंता, भय या भावनात्मक तनाव के बोझ तले बच्चे सार्थक रूप से नहीं सीख सकते। भारत की सभ्यतागत परंपराएँ इस स्थिति से निपटने के लिए पूर्ण जागरूकता या माइंडफुलनेस, प्राणायाम और योग जैसे स्थायी साधन प्रदान करती हैं। ये अभ्यास बच्चों को अपनी भावनाओं को बेहतर ढंग से समझने में मदद करते हैं और एकाग्रता, शांति और लची-लेपन का निर्माण करते हैं। परीक्षा की तैयारी में सहायक होने के अलावा, ये अभ्यास जीवन कौशल विकसित करते हैं जो कक्षा के परे भी काम आते हैं-ताकि शैक्षणिक ज्ञान के साथ-साथ भावनात्मक बुद्धिमत्ता, प्रकृति के साथ संतुलन और आंतरिक जागरूकता को भी सुदृढ़ बनाया जा सके।

**चुनौतियों का समाधान**

फिर भी, हमें आज की एक विशिष्ट आधुनिक चुनौती-अत्यधिक डिजिटल उपयोग और स्क्रीन टाइम का सामना करना है । लंबे समय तक लगातार डिजिटल उपकरणों के संपर्क में रहने से ध्यान की क्षमता कम होती है, नींद में बाधा आती है और मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य पर प्रभाव पड़ता है। लगातार कनेक्टिविटी, ऑनलाइन तुलना और डिजिटल अतिप्रेरणा का दबाव अक्सर परीक्षा के तनाव को बढ़ा देता है और उस माइंडफुलनेस को कमजोर कर देता है, जिसे हम बच्चों में विकसित करना चाहते हैं। यहीं पर माता-पिता और शिक्षक मिलकर भूमिका निभा सकते हैं। उपकरणों के उपयोग के लिए सुरक्षित सीमाएँ तय करके, साथ ही शारीरिक गतिविधियों, सृजनात्मक प्रयासों और पारिवारिक संवाद जैसे विकल्पों के प्रति प्रोत्साहित करके हम पुन: संतुलन स्थापित कर सकते हैं।

**बच्चे – प्रगति के अग्रदूत**

विकसित भारत के लिए सभी क्षेत्रों में उत्कृष्टता आवश्यक है। जब बच्चे अपनी विशिष्ट क्षमताओं को खोजने और उनका विकास करने के लिए स्वतंत्र होते हैं, तो राष्ट्र सृजनात्मकता, समावेशिता और सामूहिक प्रगति के माध्यम से आगे बढ़ता है।

कृत्रिम बुद्धिमत्ता के इस युग में जिज्ञासा और समस्या-समाधान के बीच का फासला घट गया है। शिक्षकों, माता-पिता और संरक्षकों के रूप में हमारे लिए यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि बच्चे इस खोज में सक्षम बन सकें। इसके लिए आवश्यक है कि बच्चों को सही उपकरण, स्पष्ट सुरक्षा प्रदान की जाए तथा प्रयोग करने, नवाचार करने यहाँ तक कि असफल होने तक की स्वतंत्रता देते हुए उनका निरंतर मार्गदर्शन और सहयोग किया जाए।

आज के बच्चे विकसित भारत 2047 के अग्रदूत हैं। जो बच्चे निर्भय होकर सीखते हैं, आत्मविश्वास के साथ नवाचार करते हैं, और अपनी सांस्कृतिक जड़ों में स्थिर रहते हुए दुनिया से जुड़ते हैं, वे ही वर्तमान में विकसित भारत का निर्माण कर रहे हैं। ऐसे बच्चों का समर्थन एक ऐसी शिक्षा प्रणाली के माध्यम से किया जाना चाहिए, जो मन, हृदय और हाथ-तीनों के विकास पर केंद्रित हो; एक ऐसी प्रणाली जो प्रतिभा का उत्सव मनाए, उद्देश्य को पोषित करे, और उन्हें सार्थक जीवन के लिए तैयार करे। यही है परीक्षा पे चर्चा की भावना: बच्चों को भय से मुक्त करना और उन्हें भारत2047 के लिए आत्मविश्वासी नागरिक के रूप में तैयार करना।

**(लेखक भारत सरकार में शिक्षा मंत्री हैं)**

## यूपी/बिहार/राजस्थान

## बिहार के 213 ब्लॉकों में डिग्री कॉलेज खोलने का फैसला लिया गया : नीतीश कुमार

**पटना :** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को कहा कि राज्य के सभी ब्लॉकों में डिग्री कॉलेज खोलने का निर्णय लिया गया है, ताकि छात्रों, विशेषकर लड़कियों, को उच्च शिक्षा प्राप्त करने में सुविधा हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह फैसला 'सात निश्चय-3' के चौथे निश्चय उन्नत शिक्षा-उज्ज्वल भविष्य के तहत लिया गया है। कुमार ने कहा कि राज्य के कुल 534 ब्लॉकों में से अब भी 213 ब्लॉक में कोई भी संबद्ध डिग्री कॉलेज नहीं है और इस क्रम में सरकार ने प्रथम चरण में इन सभी 213 ब्लॉक में डिग्री कॉलेज खोलने और जुलाई 2026 तक पढ़ाई शुरू कराने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया साइट 'एक्स' पर कहा कि राज्य के पुराने और प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों को 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' के रूप में विकसित करने का भी निर्णय लिया गया है और इसके तहत कुल 55 शिक्षण संस्थानों का चयन किया गया है तथा इन संस्थानों के उन्नयन के लिए योजनाबद्ध ढंग से कार्रवाई की जा रही है।



उन्होंने कहा कि चयनित शिक्षण संस्थानों के पुराने और अनुभवी शिक्षकों तथा पूर्व छात्र-छात्राओं से विमर्श कर उनके सुझाव प्राप्त करने और उसके आधार पर आगे की कार्रवाई करने का भी निर्देश दिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के सभी ब्लॉकों में डिग्री कॉलेज की स्थापना से उच्च शिक्षा ग्रहण करने में लड़कियों को विशेष रूप से सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि वहीं, प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों को 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' के रूप में विकसित किए जाने से युवाओं को रोजगारपरक शिक्षा प्राप्त करने में सहूलियत होगी और इन संस्थानों का गौरव भी पुनर्स्थापित होगा जिससे राज्य के चहुंमुखी विकास को गति मिलेगी।

## मुख्यमंत्री ने अयोध्या में सीता के जीवन पर आधारित 'वैदेही आर्ट गैलरी' स्थापित करने का निर्देश दिया

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्री अयोध्या धाम में देवी सीता के जीवन और आदर्शों को समर्पित एक 'वैदेही आर्ट गैलरी' की स्थापना का निर्देश दिया है। एक आधिकारिक बयान में बुधवार को यह जानकारी दी गई। मुख्यमंत्री ने आवास एवं शहरी नियोजन विभाग की बैठक में कहा कि देवी सीता भारतीय संस्कृति, मर्यादा और नैतिक आदर्शों की अनुपम प्रेरणा हैं, और नई पीढ़ी को उनके उज्ज्वल चरित्र से गहराई से परिचित कराना समय की आवश्यकता है। प्रस्तावित आर्ट गैलरी की अवधारणा को रेखांकित करते हुए, आदित्यनाथ ने कहा कि यह पारंपरिक कला संग्रहालय नहीं होना चाहिए, बल्कि अत्याधुनिक, गहन सांस्कृतिक स्थान होना चाहिए जो समकालीन तकनीक के माध्यम से सीता के जीवन, बलिदान,



करुणा, गरिमा, धैर्य और आंतरिक शक्ति की आधुनिक पुनर्कथा प्रस्तुत करे। उन्होंने निर्देश दिया कि गैलरी की कथात्मक सामग्री, डिज़ाइन, दृश्य भाषा, कला और तकनीक समेत सभी पहलू दैवीय विरासत के पुनरावलोकन की भावना को प्रतिबिंबित करें और उसे आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा के स्रोत के रूप में प्रस्तुत किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि 'वैदेही आर्ट गैलरी' की मूल भावना यही हो कि आगंतुक सीता माता के जीवन-संदेश को केवल देखें नहीं, बल्कि उसे अनुभव करें, समझें और आत्मसात करें।

## जयपुर में विश्व कैंसर दिवस पर शिक्षात्मक कैलेंडर का विमोचन

**जयपुर :** विश्व कैंसर दिवस पर बुधवार को यहां शिक्षात्मक कैलेंडर का विमोचन किया गया जिसमें इस रोग से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां व संदेश शामिल हैं। यहां 'राजस्थान हॉस्पिटल' में आयोजित कार्यक्रम में वरिष्ठ महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. वीना आचार्य ने सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम, इसके जोखिम कारकों, स्क्रीनिंग और समय पर निदान के महत्व पर विस्तार से चर्चा की। एक बयान के अनुसार, उन्होंने इस बीमारी को रोकने की जानकारी देने वाले शिक्षात्मक कैलेंडर का विमोचन भी किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. एस. एस. अग्रवाल ने कहा कि कैंसर आज न केवल एक बीमारी है बल्कि हर परिवार पर इसका भावनात्मक, सामाजिक और आर्थिक प्रभाव गहरा हो रहा है।

## यमुना विकास प्राधिकरण ने एक हजार करोड़ रुपये कीमत की जमीन अतिक्रमण से मुक्त कराई

**नोएडा (उप्र) :** यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने बुधवार को एक हजार करोड़ से ज्यादा कीमत की जमीन को अतिक्रमण से मुक्त कराया। एक बयान में यह जानकारी दी गई है। यमुना विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी राकेश कुमार सिंह ने बताया कि प्राधिकरण द्वारा अतिक्रमण के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि हेरिटेज सिटी एवं राया अर्बन सेंटर जैसी महत्वपूर्ण परियोजनाओं की कुल लगभग 25 हेक्टेयर भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराया गया है।

## शिवपाल का एसआईआर के दौरान मतदान कर्मियों को धमकाने, 'पीडीए मतदाताओं' के नाम हटवाने का आरोप

**इटावा (उप्र) :** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने बुधवार को आरोप लगाया कि इटावा में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकर्ताओं ने बूथ स्तर के अधिकारियों (बीए-लओ) को डराया-धमकाया और उनके साथ मारपीट की। उन्होंने दावा किया कि ऐसा 'पीडीए' वर्ग के मतदाताओं के नाम फॉर्म-7 के जरिए मतदाता सूची से हटवाने के लिए किया गया।

## राजस्थान: राम कथा आयोजन के लिए पांच शिक्षकों की ड्यूटी लगाने का आदेश वापस

**जयपुर :** राजस्थान के शिक्षा विभाग ने राम कथा आयोजन के संबंध में पांच शिक्षकों की ड्यूटी लगाने का आदेश, विवाद उत्पन्न होने के बाद कुछ ही घंटों के भीतर वापस ले लिया। बूंदी जिले के मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय, नैनवां ने दो फरवरी को आदेश जारी किया था जिसमें नैनवां खंड के सरकारी स्कूलों के पांच शिक्षकों को बांसी स्थित श्री अम्बिका माता मंदिर में नवदिवसीय महायज्ञ, धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम और राम कथा आयोजन की व्यवस्था में तैनात करने को कहा गया था। आदेश के अनुसार, इन शिक्षकों को दो फरवरी से सात फरवरी तक इस कार्य में लगाया जाना था। हालांकि, इस आदेश पर विवाद खड़ा होने के बाद इसे उसी दिन तत्काल प्रभाव से वापस ले लिया गया। इससे संबंधित शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति रद्द कर दी गई और उन्हें उनके मूल पदों पर लौटने का निर्देश दिया गया। नैनवां (बूंदी) के मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ने कहा कि जब यह महसूस हुआ कि आदेश उचित नहीं है, तो इसे वापस ले लिया गया। उन्होंने बुधवार को कहा, ''यह माना गया कि आदेश गलत है, इसलिए इसे उसी दिन वापस ले लिया गया।''

## बिहार में बनेगा रक्षा गलियारा: सम्राट चौधरी

**पटना :** बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बुधवार को कहा कि राज्य में रक्षा गलियारे का निर्माण कराया जाएगा जिससे न केवल राज्य की औद्योगिक क्षमता सुदृढ़ होगी, बल्कि युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। रक्षा मंत्रालय की ओर से अध्ययन दौरे पर बिहार आए राष्ट्रीय सुरक्षा अकादमी (एनडीए) के वरिष्ठ अधिकारियों और विशेषज्ञों से उपमुख्यमंत्री की बुधवार को मुलाकात हुई। इस दौरान चौधरी और अधिकारियों के बीच बिहार में प्रस्तावित रक्षा गलियारे की योजनाओं, संभावनाओं और विकास से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर सार्थक और विस्तृत चर्चा हुई। चौधरी ने कहा कि यह बैठक बिहार के औद्योगिक और सामरिक विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उपमुख्यमंत्री ने कहा, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार युवाओं को रोजगार देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। पिछले पांच वर्षों में राज्य में 50 लाख से अधिक लोगों को सरकारी नौकरी और रोजगार उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने बताया कि अगले पांच वर्षों में एक करोड़ नौकरी और रोजगार देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 5 फरवरी, गुरुवार, 2026, विक्रम सम्वत् 2082, फाल्गुन कृष्णपक्ष चतुर्थी, 24:26 तक, नक्षत्र : उत्तर फाल्गुनी, 22:57 तक, योग : सुकर्माण, 24:05 तक, सूर्योदय: 06:14, सूर्यास्त: 17:26, चन्द्रोदय : 20:47, चन्द्रास्त: 08:19, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : मकर, चन्द्र राशि : कन्या, राहू काल : 13:13 से 14:37

## राशिफल

**मेष :** आज का दिन आपके लिए कुछ अधिक भागदौड़ भरा रह सकता है। आप अपने मुख्य कामों के साथ-साथ इधर-उधर के कार्यों में भी उलझे रहेंगे।

**वृष :** आज आपके चारों ओर का माहौल सकारात्मक और खुशनुमा बना रहेगा। लगातार कोई न कोई अच्छी खबर सुनने को मिल सकती है, जिससे मन प्रसन्न रहेगा।

**मिथुन :** आज का दिन नए घर, मकान या संपत्ति की खरीदारी के लिए बेहद शुभ संकेत दे रहा है। आपकी मेहनत और लगन आपको एक अच्छे मुकाम तक पहुंचाने में सफल होगी।

**कर्क :** आज का दिन विद्यार्थियों के लिए विशेष रूप से अनुकूल है। पढ़ाई-लिखाई में एकाग्र होकर जुटने से अच्छे परिणाम मिल सकते हैं।

**सिंह :** आज का दिन आपके लिए कुछ खास कर दिखाने का है। जीवनसाथी को नौकरी में प्रमोशन या कोई अच्छी उपलब्धि मिलने से घर का माहौल खुशहाल रहेगा।

**कन्या :** आज का दिन सामाजिक कार्यक्रमों से जुड़कर नाम और सम्मान कमाने का है। बावजूद इसके, आप स्वादिष्ट भोजन का आनंद उठाएंगे।

**तुला :** आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आने वाला है। कार्यक्षेत्र में आपको अपने कामों के लिए दूसरों पर निर्भर रहने से बचना होगा।

**वृश्चिक :** आज का दिन भौतिक सुख-सुविधाओं में वृद्धि लेकर आएगा। व्यवसाय में किसी बड़ी डील को लेकर आपको पार्टनरशिप करनी पड़ सकती है, जो आगे चलकर लाभदायक सिद्ध होगी।

**धनु :** आज का दिन आपके लिए काफी अच्छा रहने वाला है। अपने आसपास के लोगों से थोड़ा सतर्क रहना जरूरी होगा। कहीं पिकनिक या घूमने-फिरने की योजना भी बन सकती है।

**मकर :** आज का दिन कुछ नया करने की प्रेरणा लेकर आएगा। अपने कामों को लेकर आप सख्ती दिखाएंगे, जिससे वे समय पर पूरे होंगे। पैतृक संपत्ति को लेकर बंटवारे की स्थिति बन सकती है।

**कुम्भ :** आज का दिन मौज-मस्ती और आनंद से भरा रहेगा। किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मुलाकात होगी, लेकिन बातचीत के दौरान अपनी वाणी पर संयम रखें।

**मीन :** आज का दिन आपको अपने जरूरी कामों पर पूरा ध्यान देने की सलाह दे रहा है, क्योंकि मन बार-बार इधर-उधर भटक सकता है। विद्यार्थियों को मानसिक और बौद्धिक दबाव से राहत मिलेगी।

## वर्ग पहेली नं. 3342

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | ■ | 4 | | 5 | ■ | 6 |
| | ■ | 7 | | 8 | | ■ | 9 | 10 | |
| 11 | | | ■ | 12 | | 13 | ■ | 14 | |
| | ■ | 15 | 16 | ■ | 17 | | 18 | ■ | |
| 19 | 20 | ■ | 21 | | | ■ | 22 | 23 | |
| ■ | 24 | | | ■ | ■ | 25 | | | ■ |
| 26 | | ■ | ■ | 27 | | | ■ | ■ | 28 |
| 29 | | 30 | | | ■ | 31 | | | |
| | ■ | | ■ | 32 | | | ■ | ■ | |

*बायें से दायें:-* 1) पलटना, 4) अवधि; समय, 7) एक संख्या, 9) खोया; चंपत, 11) बिल्ला, 12) अयोध्या, 14) तीर, 15) घमंड, 17) पैर के नीचे का भाग, 19) बाल, 21) हत्या, 22) अनुबंध, 24) ठोकर, 25) पहलू; बाजू; विस्तार, 26) कुदक; बूथ; डिब्बा; हुंडी, 27) एक पौधा जिसके फल से रुई निकलती है, 29) पराश्रित, 31) द्वारा, 32) रात.

*ऊपर से नीचे:-* 1) हुड़दंग, एक दूसरे को उठाना और पटकना, 2) बूँद-बूँद गिरना, 3) नृत्य, 4) मदन, 5) विश्वासघात; धोखा, 6) चौकन्ना; सावधान, 8) अंजली, 10) कामयाबी, 13) पेंदा, 16) विष, 18) घटना, 20) लुत्फ़, 23) कौशल्येय, 25) नीला (रंग), 26) कपाल, 27) एक संतकवि, 28) विजय, 30) कोटि; समकोण; वृंद.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प्र | ता | प | ■ | म | ■ | उ | दा | स | ■ |
| या | ■ | रा | ह | च | ल | ता | ■ | भा | प |
| स | म | धी | ■ | ल | ■ | व | ह | ■ | त |
| ■ | ■ | न | चा | ना | ■ | ला | ल | पी | ला |
| अ | व | ता | र | ■ | आ | ■ | धा | ■ | ■ |
| सा | रा | ■ | ण | ■ | स | फ़ | र | ना | मा |
| व | ह | शी | ■ | फ़ | रा | र | ■ | ■ | त |
| धा | ■ | त | र | स | ■ | व | गै | र | ह |
| न | कु | ल | ■ | ल | ■ | री | ■ | सा | त |

## सुडोकू-पहेली-3300

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | | | 8 | | | | |
| | | | | | 7 | | | 9 |
| 9 | | 3 | | | 1 | | | |
| 5 | | | 8 | 7 | | 2 | | |
| | | | | | | | | 7 |
| | | 6 | | | | 3 | | |
| | 9 | | | | 6 | | 1 | |
| | 2 | | 5 | 3 | | | 7 | |
| | 8 | | | 4 | | 6 | | |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।

••••

आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।

**सूडोकू पहेली - 3299 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 7 | 4 | 8 | 3 | 2 | 6 | 5 |
| 3 | 8 | 5 | 6 | 2 | 7 | 4 | 9 | 1 |
| 6 | 2 | 4 | 1 | 9 | 5 | 3 | 8 | 7 |
| 2 | 7 | 6 | 3 | 5 | 4 | 8 | 1 | 9 |
| 8 | 3 | 9 | 2 | 7 | 1 | 5 | 4 | 6 |
| 5 | 4 | 1 | 9 | 6 | 8 | 7 | 3 | 2 |
| 7 | 5 | 3 | 8 | 1 | 6 | 9 | 2 | 4 |
| 1 | 9 | 8 | 7 | 4 | 2 | 6 | 5 | 3 |
| 4 | 6 | 2 | 5 | 3 | 9 | 1 | 7 | 8 |

# ममता को सुप्रीम कोर्ट में पैरवी करते हुए देखने के लिए बड़ी संख्या में उमड़े वकील और वादी

**नयी दिल्ली/कोलकाता :** उच्चतम न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश के अदालत कक्ष में बुधवार को उस समय वकील और वादी उमड़ पड़े जब मुख्यमंत्री ममता बनर्जी शीर्ष अदालत की पीठ के समक्ष अपनी दलीलें रख रही थीं। पारंपरिक सफेद साड़ी और काले दुपट्टे में मुख्यमंत्री सुबह करीब 10 बजे तृणमूल कांग्रेस के सांसद एवं वरिष्ठ अधिवक्ता कल्याण बनर्जी समेत अपने अन्य वकीलों के साथ उच्चतम न्यायालय के प्रवेश द्वार पर पहुंचीं। सूत्रों के अनुसार, मुख्यमंत्री ने शीर्ष अदालत के परिसर में प्रवेश करने के लिए उच्चतम न्यायालय रजिस्ट्री से प्रवेश पास के लिए आवेदन किया था और उन्हें यह पास मिल गया था। ममता के अदालत परिसर में प्रवेश करते ही, वहां मौजूद मीडिया कर्मियों ने खुशी-खुशी उनकी तस्वीरें खींचनी शुरू कर दीं और अपने मोबाइल फोन से वीडियो बनाने लगे। एलीवेटर पर कदम रखते समय, तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख बनर्जी ने मीडिया कर्मियों के इस सवाल का जवाब नहीं दिया कि क्या वह स्वयं दलीलें पेश करेंगी। सुबह लगभग 10.05 बजे ममता अपने वकीलों के साथ प्रधान न्यायाधीश के न्यायालय में दाखिल हुईं और दर्शकों के लिए लगी एक कुर्सी पर बैठ गईं। दोपहर 12.55 बजे जब प्रधान न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली पीठ ने उनकी याचिका पर सुनवाई शुरू की, तो उन्हें वकीलों के लिए आरक्षित पहली पंक्ति में देखा गया। कुछ समय तक वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम दीवान ने उनकी ओर से पैरवी की और बाद में बनर्जी ने स्वयं दलीलें पेश करने के लिए पीठ से अनुमति मांगी, जिसे स्वीकार कर लिया गया। सूत्रों के अनुसार, बनर्जी एक बार फिर उच्चतम न्यायालय में पेश हो सकती हैं।



## 29 साल बाद अदालत में फिर गूंजी ममता की दलीलें

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी एक बार फिर अदालत में अपना पक्ष रखते हुए नजर आईं। करीब 29 साल बाद उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में खुद दलीलें पेश कीं। हालांकि, इस बार वह वकील की आधिकारिक पोशाक में नहीं थीं, लेकिन हुगली की अदालत में वर्षों पहले उन्हें काला गाउन पहनकर बहस करते देखा जा चुका है। ममता बनर्जी ने कानून की पढ़ाई पूरी करने के बाद कई मामलों में वकालत की है। सुप्रीम कोर्ट में हालिया सुनवाई के दौरान वह याचिकाकर्ता के रूप में उपस्थित थी। उन्होंने पारंपरिक सफेद साड़ी के साथ काला शॉल ओढ़ रखा था। गौरतलब है कि उनके पास इतिहास में स्नातकोत्तर डिग्री के साथ-साथ कानून की डिग्री भी है, जो उन्होंने कोलकाता के योगेश चंद्र चौधरी लॉ कॉलेज से हासिल की थी। साल 1997 में हुगली जिले की एक अदालत में ममता बनर्जी ने वकील का गाउन पहनकर बहस की थी। उस समय उन्होंने चुंचुड़ा जिला न्यायाधीश अदालत में एक मामले की पैरवी की थी। तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के अनुसार, वह घटना आज भी पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच चर्चा का विषय है। करीब 14 साल बाद ममता बनर्जी पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री बनीं, लेकिन उन्होंने कई मौकों पर यह कहा है कि जरूरत पड़ने पर वह फिर से वकालत कर सकती हैं, क्योंकि उनके पास विधि की डिग्री है। यह घटना 6 जुलाई की है, जब गुप्तिपाड़ा में रथ यात्रा के दौरान पुलिस और स्थानीय व्यापारियों के बीच टकराव हो गया था। स्थिति बिगड़ने पर पुलिस ने फायरिंग की। इस गोलीबारी में लालपुकुर क्षेत्र के हलधर मंडल और बुरो बाग को गोली लगी, जिसमें हलधर मंडल की मौत हो गई। घटना के अगले दिन ममता बनर्जी गुप्तिपाड़ा पहुंचीं और मृतक के परिजनों से मुलाकात की।

## राज्यपाल ने देबल रॉय को राज्य लोक सेवा आयोग का नियुक्त किया अध्यक्ष

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस ने देबल राय को राज्य लोक सेवा आयोग (पीएससी) का अध्यक्ष बुधवार को नियुक्त किया। लोक भवन ने एक बयान में यह जानकारी दी। देवाशीष बंद्योपाध्याय, दिगंता बागची और बरनाली मुखर्जी को आयोग के सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया। बयान में कहा गया है कि ये नियुक्तियां संविधान के अनुच्छेद 316(1) के तहत की गई हैं। पीएससी को राज्य में सिविल सेवाओं और अन्य सरकारी पदों के लिए परीक्षा आयोजित करने तथा भर्ती करने का कार्य सौंपा गया है।

**e-AUCTION**

The Executive Officer, Pingla Panchayat Samiti, invites online application for selling of 142 Nos. of Standing trees by auction.

**Auction Sale Notice No.: 02/Pingla/2025-26**

**NOTICE INVITING E-TENDER NO.**

| Description | Important Date |
|---|---|
| Last Date Online Application | 10.02.2026 upto 04:00 PM |
| Auction Start Date & Time | 11.02.2026 at 2.00 PM |
| Auction End Date & time | 11.02.2026 at 4.00 PM |

Details of the Auction notice is available in the website https://eauction.gov.in

Sd/- Execcutive Officer,
Pingla Panchayat Samity

## नवान्न की अपील खारिज, 25 वरिष्ठ अधिकारियों को विशेष चुनावी प्रशिक्षण में शामिल होने का निर्देश

**कोलकाता, समाज्ञा :** निर्वाचन आयोग (ईसी) ने राज्य सरकार के छूट के अनुरोध को खारिज करते हुए राज्य के 25 आईएएस और आईपीएस अधिकारियों को आगामी विधानसभा चुनाव के लिए नयी दिल्ली में आयोजित केंद्रीय पर्यवेक्षक प्रशिक्षण में भाग लेने का निर्देश दिया। इन अधिकारियों की सूची में गृह सचिव जगदीश प्रसाद मीणा का नाम भी शामिल है। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय के सूत्रों ने कहा कि अधिकारियों को पांच और छह फरवरी को राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित ब्रीफिंग सत्र में भाग लेने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि आयोग ने निर्देश दिया है कि किसी भी भ्रम से बचने के लिए सभी संबंधित पक्षों को तत्काल इस फैसले की जानकारी दी जाए। सूत्र ने कहा कि आयोग ने स्पष्ट किया है कि सभी अधिकारियों को प्रशिक्षण में भाग लेना होगा। बता दें कि राज्य ने कहा था कि शीर्ष अधिकारियों को राज्य से बाहर भेजे जाने से कानून-व्यवस्था और प्रशासनिक कामकाज प्रभावित हो सकता है। राज्य ने वैकल्पिक नाम पेश करते हुए इन 25 अधिकारियों में से 17 को छूट देने की मांग की थी। हालांकि, निर्वाचन आयोग ने अनुरोध ठुकरा दिया और कहा कि अधिकारियों को निर्धारित कार्यक्रम के तहत सत्रों में भाग लेना होगा।

## गृह मंत्री अमित शाह 18 फरवरी को दो दिवसीय दौरे बंगाल दौरे पर आएंगे



**कोलकाता, समाज्ञा :** 2026 के विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए सभी राजनीतिक दल प्रचार अभियान में जुट गए हैं। भाजपा भी अपनी रणनीति के तहत सभाएं और रैलियां कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का बंगाल दौरा लगातार बढ़ रहा है। सूत्रों के मुताबिक, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह इस महीने एक बार फिर पश्चिम बंगाल के दौरे पर आ सकते हैं। इससे राजनीतिक गलियारों में सवाल उठने लगे हैं कि क्या राज्य नेतृत्व पर शीर्ष नेतृत्व का भरोसा कम हो रहा है? क्या इसी कारण कम अंतराल में शाह का बार-बार बंगाल आना हो रहा है? जानकारी के अनुसार, अमित शाह 18 फरवरी को दो दिवसीय दौरे पर बंगाल पहुंचेंगे। हालांकि, उस समय उच्च माध्यमिक परीक्षाएं होने के कारण वे कोई बड़ी जनसभा नहीं करेंगे। इसके बजाय, वे 2026 के विधानसभा चुनाव की रणनीति को लेकर पार्टी के प्रदेश नेताओं के साथ महत्वपूर्ण बैठक कर सकते हैं। माना जा रहा है कि इस बैठक में संगठनात्मक मजबूती और चुनावी तैयारियों पर विशेष चर्चा होगी।

## मुख्यमंत्री ममता ने कविताओं के माध्यम से किया एसआईआर का विरोध

**कोलकाता, समाज्ञा :** मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के खिलाफ जारी राजनीतिक और कानूनी लड़ाई के बीच मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने विरोध का एक अनूठा रूप अपनाया और इस मुद्दे पर 26 कविताएं लिखी हैं। ममता ने 'एसआईआर: 26 इन 26' नामक पुस्तक लिखी है जिसमें 'पैनिक' (घबराहट), 'डूम' (विनाश), 'मॉकरी' (उपहास), 'फाइट' (लड़ाई), 'डेमोक्रेसी' (लोकतंत्र) और 'हू इज टू ब्लेम' (दोष किसे दें) शीर्षक वाली कविताएं उल्लेखनीय हैं। इस पुस्तक का विमोचन 22 जनवरी को 49वें अंतरराष्ट्रीय कोलकाता पुस्तक मेले में हुआ। पुस्तक की प्रस्तावना में ममता ने इसे 'विनाशकारी खेल में अपनी जान गंवाने वालों' को समर्पित किया है और आरोप लगाया है कि राज्य के लोगों पर 'निरंतर भय का अभियान' चलाया गया है। वह लिखती हैं कि ये कविताएं ''प्रतिरोध की भावना'' से उत्पन्न होती हैं। 'डूम' शीर्षक वाली कविता में वह लिखती हैं कि हम कब तक चुप रहेंगे? इस खामोशी का मतलब शांति नहीं है – इसका मतलब है कि जीवन नष्ट हो रहे हैं, धीरे-धीरे लुप्त हो रहे हैं। कविता की अगली पंक्तियों में लिखा है कि हमें जवाब चाहिए और जवाब जनता की अदालत में मिलेंगे। 'मॉर्ग' (मुर्दाघर) शीर्षक वाली एक अन्य कविता में कहा गया कि लोकतंत्र को पराजित किया जा रहा है, उसे बुरी तरह से कुचला जा रहा है और दावा किया गया है कि प्रदर्शन स्वयं 'एजेंसी-राज' की गिरफ्त में आ गए हैं। यहां संवाददाता सम्मेलन के दौरान पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में मुख्यमंत्री ने दावा किया कि उन्होंने यात्रा के दौरान तीन दिनों में यह किताब लिखी थी। ममता की 163 पुस्तकें प्रकाशित हुई हैं। उन्होंने कहा कि वह पूर्व सांसद हैं लेकिन पेंशन नहीं लेतीं और वह मुख्यमंत्री पद का वेतन भी नहीं लेती हैं। उन्होंने दावा किया कि इन्हीं पुस्तकों और अन्य रचनात्मक कार्यों से मिलने वाली रॉयल्टी से ही उनके निजी खर्च पूरे होते हैं।

**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी आमंत्रण सूचना**

**सं. सीओएम/पार्सल/लीजिंग/लॉग टर्म ई-ऑक/एचडब्ल्यूएच/2024/पार्ट-III, दिनांक** 03.02.2026 **वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, पहली मंजिल, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा, पश्चिम बंगाल-711101** द्वारा दो चरणों में तीन वर्ष के लिए हावड़ा मंडल से शुरू होने वाली 04 **यात्रीवाही ट्रेनों के 05 आरटीवीपी की पार्सल जगह** को लीज पर देने के लिए आईआरईपीएस वेबसाइट के ई-ऑक्शन मॉड्यूल के माध्यम से ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। विस्तृत नियम और शर्तों से संलग्न ऑक्शन कैटलॉग **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। वर्तमान ई-नीलामी के लिए बोली **www.ireps.gov.in** पर ई-नीलामी मॉड्यूल के माध्यम से जमा की जाएगी। ई-नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने के लिए, वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में ई-नीलामी मॉड्यूल के माध्यम से व्यापारियों का एक बार के लिए पंजीकरण अनिवार्य है। व्यापारियों को क्लास-III का डिजिटल हस्ताक्षर लेने की भी आवश्यकता पड़ेगी। **ऑक्शन कैटलॉग का विवरण: (1) ऑक्शन कैटलॉग सं.: पीसीएल-एचडब्ल्यूएच-26-2बी। कम्पार्टमेंट** : 03 यात्रीवाही ट्रेनों के 04 आरटीवीपी। **नीलामी शुरू होने की तिथि और समय:** 13.02.2026 को 13.30 बजे। **(2) ऑक्शन कैटलॉग सं.: पीसीएल-एचडब्ल्यूएच-26-2सी। कम्पार्टमेंट** : ट्रेन नं.13005/06 का आरटीवीपी। **नीलामी शुरू होने की तिथि और समय:** 16.02.2026 को 14.00 बजे।

HWH-585/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना संख्या : ईएल/एचडब्ल्यूएच/25/21 (सूचना)/738, दिनांक:** 03.02.2026, मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, नया मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा रेलवे स्टेशन, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित विद्युत कार्यों के लिए ओपन ई-टेंडर आमंत्रित किए जाते हैं: **क्रम सं. 1, निविदा संख्या : ईएल-एचडब्ल्यूएच -25-21-3545, कार्य का नाम** : "वरिष्ठ डीईएन/1/हावड़ा के तहत सेवड़ाफुली, भद्रेश्वर और तारकेश्वर स्टेशनों पर महिला ड्रेस चेंजिंग रूम के साथ सेवड़ाफुली, बैद्यबाटी, भद्रेश्वर, हुगली, सिंगुर, बाहिरखंड, तालपुर हाल्ट, तकीपुर हॉल्ट, तारकेश्वर, हरिपाल, बिष्णुपुर,जीएनजेपी, मैनापुर, मायापुर, आरामबाग और गोघाट स्टेशनों पर गैंग हट्स का निर्माण" के संबंध में विद्युत (सामान्य) कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 29,61,786/-, **बोली सुरक्षा (जमा धन राशि):** रु. 59,200/-, **क्रम सं. 2, निविदा संख्या : ईएल-एचडब्ल्यूएच -25-21-3548, कार्य का नाम** : "वरिष्ठ डीईएन/2/हावड़ा के अधिकार क्षेत्र के तहत पीडब्ल्यूआई/पश्चिमी बर्द्धमान खंड में 2 अदद (यूनिट -5 और यूनिट -1) और पीडब्ल्यूआई/पूर्वी बर्द्धमान खंड में 3 अदद (यूनिट-2, यूनिट -5 और यूनिट -6) के गैंग हट्स का प्रावधान" के संबंध में विद्युत (सामान्य) कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 9,32,217/-, **बोली सुरक्षा (जमा धन राशि):** रु. 18,700/-, **क्रम सं. 3, निविदा संख्या : ईएल-एचडब्ल्यूएच -25-21-3549, कार्य का नाम** : "एईएन डानकुनी के अधीन एसएसई/डब्ल्यू/डानकुनी के खंड में सिवाईचंडी, चेराग्राम ब्लॉक हट, गुड़ाप और झापानडांगा में गैंग हट्स का निर्माण" के संबंध में विद्युत (सामान्य) कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 5,90,553/-, **बोली सुरक्षा (जमा धन राशि):** रु. 11,800/-, **क्रम सं. 4, निविदा संख्या : ईएल-एचडब्ल्यूएच -25-21-3550, कार्य का नाम** : "एईएन नबद्वीधाम/ के कार्यक्षेत्र में त्रिवेणी, खामारगाछी, बालगढ़, गुप्तिपाड़ा, अम्बिका कालना, धात्रीग्राम, समुद्रगढ़, पूर्बस्थली, पाटुली आदि में गैंग हट का निर्माण" के संबंध में विद्युत (सामान्य) कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 20,55,973/-, **बोली सुरक्षा (जमा धन राशि):** रु. 41,100/-, **पूर्णता अवधि:** 180 दिन (क्रम सं. 1 से 4 हेतु)। **समापन तिथि एवं समय:** दिनांक 25.02.2026 को 15.00 बजे। यदि किसी कारणवश उपर्युक्त समापन तिथि को अवकाश/ बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा जमा करने की तिथि में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, क्योंकि आईआरईपीएस वेबसाइट पर समापन तिथि और समय के बाद कोई निविदा जमा नहीं की जा सकती। हालांकि, निविदाओं का ऑनलाइन उद्घाटन समापन तिथि के बाद किसी भी सुविधाजनक दिन किया जा सकता है। निविदा का पूर्ण विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध है कि उपरोक्त वेबसाइट पर अपनी निविदा ऑनलाइन प्रस्तुत करें।

HWH-583/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# निर्वाचन आयोग भाजपा एजेंट की तरह कर रहा काम : तृणमूल कांग्रेस

## तृणमूल प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी से मुलाकात कर जताया विरोध

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस के एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) से मुलाकात कर मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में हो रही अनियमितताओं पर कड़ा विरोध दर्ज कराया। मंत्री शशि पांजा और चंद्रिमा भट्टाचार्य के नेतृत्व में दल ने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग असंवैधानिक रूप से 'माइक्रो-आब्जर्वर्स' का उपयोग कर बंगाल के 5.40 करोड़ वैध मतदाताओं को प्रताड़ित कर रहा है। नेताओं ने कहा कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने स्वयं सुप्रीम कोर्ट में दलील दी है कि जनप्रतिनिधित्व अधिनियम में माइक्रो-आब्जर्वर्स की कोई भूमिका नहीं है। भाजपा शासित राज्यों से आए ये अधिकारी वैध मतदाताओं के डेटा का जबरन पुन: सत्यापन कर रहे हैं। आश्चर्यजनक है कि जीवित लोगों को मृत घोषित कर उनके नाम काटने की साजिश रची जा रही है और राज्य सरकार द्वारा जारी दस्तावेजों को स्वीकार नहीं किया जा रहा है। प्रतिनिधिमंडल ने स्पष्ट किया कि जब मामला सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है, तब आयोग अपनी मनमानी कैसे कर सकता है? तृणमूल नेताओं ने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग का कार्यालय 'भाजपा कार्यालय' में तब्दील हो गया है, जहां एआइ और वाट्सऐप के जरिए 'फतवे' जारी किए जा रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि बंगाल की जनता के लोकतांत्रिक अधिकारों को छीनने की किसी भी कोशिश का डटकर मुकाबला किया जाएगा।



**पूर्व रेलवे**

**एनआईटी सं.: 257_2025-26 और 258_2025-26, दिनांक 02.02.2026, मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, नया मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, रेलवे म्यूजियम के पास, हावड़ा रेलवे स्टेशन, हावड़ा-711101 (वरिष्ठ डीईएन/1/ हावड़ा के क्षेत्राधिकार हेतु)** द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से निम्नलिखित ई-निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है: **क्रम सं. 1, एनआईटी सं.: 257_2025-26, कार्य का विवरण** : एईएन/लिलुआ के अधीन तारकेश्वर-बिष्णुपुर शाखा लाइन में एलएचएस नं. 26, 28 एवं 32 में शेड कार्य पूरा करने के संबंध में शेष कार्य। **अनुमानित मूल्य :** रु. 4,64,87,621.77, **बयाना राशि:** रु. 3,82,400/-, **समापन अवधि :** 06 (छह) माह। **क्रम सं. 2, एनआईटी सं.: 258_2025-26, कार्य का विवरण** : (i) एईएन/लिलुआ के अधीन एसएसई/वर्क्स/बाली की शाखा में दियारा-जीएनजेपी (तारकेश्वर शाखा लाइन) से पीएफ शेड के सुदृढ़ीकरण एवं पेंटिंग का प्रावधान। (ii) एडीईएन/बैण्डेल के अधीन एसएसई/डब्ल्यू/बैण्डेल की शाखा में रेलवे कॉलोनी बैण्डेल में क्वार्टरों का बाहरी एवं अंदरूनी नवीनीकरण, वीएटी, दरवाजों एवं खिड़कियों को बदलने का कार्य। **अनुमानित मूल्य :** रु. 3,29,97,720.25, **बयाना राशि:** रु. 3,15,000/-, **समापन अवधि :** 12 (बारह) माह। **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य (प्रत्येक हेतु)। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय :** दिनांक 16.02.2026 को 14.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट : **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। **ईएमडी और टीडीसी का भुगतान**-ई-निविदा प्रणाली के मामले में, बयाना राशि जमा (ईएमडी) और निविदा कागजात की लागत (टीडीसी) का भुगतान, केवल नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जाएगा।

HWH-582/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना सं.: एनआईटी/02/26/8, दिनांक:** 02.02.2026, प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, पूर्व रेलवे, फेयरली प्लेस, दूसरी मंजिल, 17, नेताजी सुभाष रोड, कोलकाता-700001 के द्वारा निम्नलिखित सामानों की आपूर्ति हेतु ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं।

**तालिका-क; क्रम सं.; निविदा सं.; विवरण; बयाना राशि** निम्नानुसार हैं: (1) **10251812**; लेड टाइप मार्कर लाइट आदि का क्रय; रु. 1,46,580; **निविदा खुलने की तिथि और समय** : 25.02.2026 को 13.30 बजे; (2) **10251151**; आईओएच किट; रु. 3,20,890; (3) **10251154**; सिंगल बॉटल वीसीबी के लिए पीओएच किट; रु. 2,10,660; (4) **10251152**; सिंगल बॉटल वीसीबी के लिए आईओएच किट; रु. 4,29,410; **निविदा खुलने की तिथि और समय :** 23.02.2026 को 13.30 बजे (क्रम सं. 2 से 4 प्रत्येक हेतु); (5) **15255147**; ईओटी क्रेन 25 टन आदि की आपूर्ति, स्थापना एवं आरंभ ;रु. 5,55,240; **निविदा खुलने की तिथि और समय :** 25.02.2026 को 13.30 बजे; (6) **15255041ए**; ईओटी क्रेन क्षमता 10 टन आदि की आपूर्ति, स्थापना एवं आरंभ; रु. 1,72,000; **निविदा खुलने की तिथि और समय** : 09.03.2026 को 13.30 बजे; (7) **11251126ए**; इंटरकार गैंगवे माउंटिंग; रु. 11,67,950; **निविदा खुलने की तिथि और समय** : 18.02.2026 को 13.30 बजे; (8) **01251237ए**; अपेंडेड इंसर्ट न्यूट्रल आईएसओ डिजाइन एलएनयूएक्स 301940 आदि का क्रय; रु. 1,40,170; **निविदा खुलने की तिथि और समय** : 04.03.2026 को 13.30 बजे; (9) **10252150**; इंटर लॉक असेंबली का सेट; रु. 2,98,930; **निविदा खुलने की तिथि और समय** : 17.02.2026 को 13.30 बजे(10) **14251172**; एसएस डीएसी के विविध अवयवों का क्रय आदि; रु. 7,13,100; **निविदा खुलने की तिथि और समय** : 18.02.2026 को 13.30 बजे; (11) **10261768**; मेन कम्प्रेसर आदि के लिए कॉन्टैक्टर; रु. 3,16,430; **निविदा खुलने की तिथि और समय :** 19.02.2026 को 13.30 बजे; (12) **10252320डी**; सर्किट ब्रेकर का सेट आदि; रु. 1,27,390; **निविदा खुलने की तिथि और समय** : 20.02.2026 को 13.30 बजे (13) **10262538**;आईआर-03एच टाइप पैंटोग्राफ के लिए आईओएच किट; रु. 1,40,840; (14) **10262581**; पैंटोग्राफ के लिए मेन स्प्रिंग असेंबली आदि; रु.1,41,960; **निविदा खुलने की तिथि और समय** : 24.02.2026 को 13.30 बजे (क्रम सं. 13 और 14 के लिए); (15) **11261533**; 2 (दो) आइटमों से संलग्न कंट्रोल आर्म असेंबली राइट का क्रय आदि; रु.3,55,930; **निविदा खुलने की तिथि और समय** : 23.02.2026 को 13.30 बजे; (16) **08251395**; टर्मिनल एवं इलेक्ट्रोमैग्नेटिक ट्रिप के साथ मोटर प्रोटेक्शन सर्किट ब्रेकर; रु. 1,27,050; **निविदा खुलने की तिथि और समय :** 20.03.2026 को 13.30 बजे, **निविदा मूल्य :** रु.0 क्रम सं.1 से 16 प्रत्येक हेतु।

**शुद्धिपत्र:** निम्नलिखित निविदा के लिए जारी शुद्धिपत्र हेतु कृपया www.ireps.gov.in देखें: 12255887 नियत तिथि 20.02.2026

**तालिका-ख; निविदा सं.:** 52265287; **संक्षिप्त विवरण:** रूफ माउंटेड एसी पैकेज यूनिट के लिए माइक्रोप्रोसेसर कंट्रोलर; **अनुमानित निविदा मूल्य (रु.)** रु.64,25,100.00; **निविदा की अंतिम तिथि:**24.02.2026

**टिप्पणी:** उपर्युक्त सभी निविदाएँ ई-निविदाएँ हैं एवं सभी निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि आईआरईपीएस की वेबसाइट https:// www.ireps.gov.in के माध्यम से अपनी बोली ऑनलाइन जमा करें। ऊपर उल्लिखित निविदाओं एवं अन्य आपूर्ति निविदाओं के संबंध में विस्तृत विवरण के लिए, कृपया आईआरईपीएस की वेबसाइट देखें।

STORES-67/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## मटन की जगह बीफ परोसने के आरोपित वेटर को मिली जमानत

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता की एक अदालत ने पार्क स्ट्रीट के मशहूर रेस्तरां के उस वेटर को जमानत दे दी, जिसे एक कंटेंट क्रिएटर को 'मटन' की जगह 'बीफ' परोसने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। कोलकाता के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) ने शेख नसीमुद्दीन को जमानत दे दी, जिसे धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। शनिवार को गिरफ्तारी के बाद से नसीमुद्दीन न्यायिक हिरासत में था। उसे मंगलवार को ऑनलाइन माध्यम से अदालत में पेश किया गया। नसीमुद्दीन के वकील ने जमानत अर्जी दायर की और कहा कि जांच में कोई नयी बात सामने नहीं आई है, जबकि अभियोजन पक्ष ने जमानत याचिका का विरोध किया। हालांकि, दोनों पक्षों को सुनने के बाद, सीजेएम ने नसीमुद्दीन को जमानत दे दी। उल्लेखनीय है कि कंटेंट क्रिएटर सायक चक्रवर्ती ने एक वीडियो पोस्ट किया जिसमें आरोप लगाया गया कि जब उन्होंने 'ओ-लीपब' रेस्तरां में मटन ऑर्डर किया था, तो उन्हें और उनके दो दोस्तों को बीफ परोसा गया, जिससे एक बड़ा विवाद खड़ा हो गया। एक बयान में, 'ओलीपब' ने कहा कि यह एक 'चूक' थी और इसमें नुकसान पहुंचाने का कोई इरादा नहीं था।

# नेपाल से इस्तांबुल जा रही फ्लाइट के इंजन में लगी आग, कोलकाता में इमरजेंसी लैंडिंग

### ✒ सभी 236 यात्री और 11 क्रू सदस्य सुरक्षित



**कोलकाता, समाज्ञा :** तुर्की एयरलाइंस के एक विमान के इंजन में खराबी आने के बाद विमान ने कोलकाता हवाई अड्डे पर आपात परिस्थितियों में उतरा। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने एक बयान में यह जानकारी दी। मंत्रालय की ओर से जारी बयान के मुताबिक, पायलट ने विमान के दाहिने इंजन में आग लगने की सूचना दी थी। यह उड़ान काठमांडू से तुर्किये के इस्तांबुल जा रही थी। बयान के मुताबिक, उड़ान संख्या टीएचवाई-727 वाला एयरबस ए330-300 विमान दोपहर करीब 1.15 बजे काठमांडू के त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से चालक दल के 11 सदस्यों सहित 236 यात्रियों को लेकर रवाना हुआ। एक अधिकारी ने बताया कि पायलट ने उड़ान भरने के दौरान विमान के दो इंजनों में से एक में खराबी की सूचना दी थी। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि विमान ने दाहिने इंजन में आग लगने के कारण अंतरराष्ट्रीय रेडियो संकट संकेत (पैन पैन) जारी किया और दोपहर 1:38 बजे एक इंजन की खराबी के कारण कोलकाता की ओर जाने देने का अनुरोध किया। मंत्रालय के बयान में कहा गया है कि विमान ने पूरी आ-पातकालीन स्थिति में यहां नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरा और इंजन में लगी आग पर दोपहर 1.51 बजे तक काबू पा लिया गया। इसमें कहा गया है कि उड़ान के दौरान ही विमान में लगी आग पर काबू पा लिया गया था। हवाई अड्डे के अधिकारियों ने बताया कि यात्रियों के घायल होने की सूचना नहीं है। हवाई अड्डे के एक अधिकारी ने बताया कि आधुनिक मल्टी-इंजन जेट विमानों को केवल एक इंजन के संचालन के साथ सुरक्षित रूप से उड़ान भरने और उतरने के लिए तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि इन विमानों में आग की पहचान करने और उसे बुझाने की अत्याधुनिक प्रणालियां भी लगी हैं। बताया गया है कि सभी यात्रियों और क्रू/कैप्टन को होटल में शिफ्ट कर दिया गया है। आज तड़के करीब 4 बजे एक और विमान आएगा और यात्री करीब सुबह 6 बजे रवाना होंगे।

## मजबूत राष्ट्रीय वृद्धि के बावजूद पिछड़ रहा है पूर्वी भारत : संजीव सान्याल

**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के सदस्य संजीव सान्याल ने कुछ राज्यों में वृद्धि संबंधी असमानताओं को रेखांकित किया और कहा कि औद्योगिक केंद्र के रूप में कोलकाता की दीर्घकालिक गिरावट और बुनियादी ढांचे के धीमे विकास के कारण पूर्वी भारत लगातार पिछड़ रहा है। सान्याल ने कोलकाता में कलकत्ता चैंबर आफ कामर्स के सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि आर्थिक सुधारों का लाभ क्षेत्रों में असमान रहा है। प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के सदस्य ने कहा कि 1991 के सुधारों के बाद दक्षिणी राज्यों ने गति पकड़ी और आज भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 30 प्रतिशत से अधिक का योगदान दिया है, जबकि पूर्वी और उत्तरी भारत के कुछ हिस्सों ने गति नहीं पकड़ी है। मजबूत शहरी इंजन की आवश्यकता पर बल देते हुए सान्याल ने बेंगलुरु, हैदराबाद और मुंबई-पुणे गलियारे को सफल उदाहरण बताते हुए कहा कि क्षेत्रीय विकास बड़ी सुविधाओं वाले शहरों के निर्माण पर निर्भर करता है जो निवेश और उत्पादकता बढ़ा सकते हैं। सान्याल ने वित्त वर्ष 2026-27 के आम बजट को विकासोन्मुख बताया और राजकोषीय सुदृढ़ीकरण के साथ-साथ पूंजीगत व्यय आधारित रणनीति की वकालत की। उन्होंने बजट में राजकोषीय घाटा कम करने, बुनियादी ढांचे पर अधिक खर्च और संपत्ति मौद्रीकरण पर ध्यान देने का स्वागत किया जबकि नवाचार और जोखिम लेने को प्रोत्साहित करने वाले नीतिगत उपायों का भी समर्थन किया।

## ममता सरकार की ओर से निर्देशों का पालन नहीं किए जाने पर निर्वाचन आयोग ने जताई आपत्ति

**कोलकाता, समाज्ञा :** निर्वाचन आयोग (ईसी) ने चुनाव से जुड़े अपने कई निर्देशों का पश्चिम बंगाल सरकार की ओर से कथित तौर पर पालन न किए जाने पर बुधवार को चिंता जताई और नौ फरवरी तक समयबद्ध अनुपालन सुनिश्चित करने का आग्रह किया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। मुख्य सचिव को भेजे गए पत्र में निर्वाचन आयोग ने कहा कि बार-बार याद दिलाने के बावजूद पहले जारी किए गए कई निर्देशों का पालन नहीं किया गया है। आयोग ने बताया कि जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 32 और भारतीय न्याय संहिता, 2023 के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत दो निर्वाचन पंजीकरण अधिकारियों (ईआरओ), दो सहायक ईआरओ (एईआरओ) और एक डेटा एंट्री ऑपरेटर के खिलाफ अब तक प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई है। इस संबंध में आयोग ने पांच अगस्त 2025 और दो जनवरी 2026 को भेजे गए अपने पत्रों का भी उल्लेख किया। आयोग ने यह भी कहा कि बशीरहाट-2 की एईआरओ और प्रखंड विकास अधिकारी सुमित्रा प्रतिम प्रधान को निलंबित नहीं किया गया है, जबकि उन पर वैधानिक प्रावधानों का उल्लंघन करते हुए अपनी मर्जी से 11 अतिरिक्त एईआरओ की अनधिकृत तैनाती का आरोप है। निर्वाचन आयोग ने बताया कि 25 जनवरी के पत्र के जरिए 48 घंटे में अनुपालन करने के लिए कहा गया था। यह 21 सितंबर 2000 के उच्चतम न्यायालय के आदेश तथा 31 मई 2023 को जारी आयोग के निर्देशों का उल्लंघन है। इसके अलावा, आयोग ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर 27 अक्टूबर 2025 को जारी उसके निर्देशों के उल्लंघन के बावजूद तीन मतदाता सूची पर्यवेक्षकों अश्विनी कुमार यादव, रणधीर कुमार और स्मिता पांडे के तबादले अब तक रद्द नहीं किए गए हैं। इस संबंध में 27 जनवरी 2026 को भेजे गए पत्र में 28 जनवरी को अपराह्न तीन बजे तक निर्देश का पालन करने के लिए कहा गया था। आयोग ने निर्वाचन पंजीकरण अधिकारियों और चुनाव अधिकारियों की नियुक्तियों पर भी चिंता जताई और कहा कि ये उसके निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं हैं।

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव॥
www.samagya.in
समाज्ञा
NEWS PAPER ADVERTISING SOLUTION
MATRIMONIAL | EDUCATION | OBITUARY
PROPERTY | NAME CHANGE | REMEMBRANCE
RECRUITMENT | PUBLIC NOTICE | DISPLAY
TO AD IN SAMAGYA PLEASE CONTACT
samagyaadvt@gmail.com | samagya.in
81, Chintamani Dey Road, Howrah 711 101, Mobile: 70444 44522

# उच्च माध्यमिक परीक्षा के एडमिट कार्ड पाने के लिए देना होगा दो हजार रुपये! पर्षद के विज्ञप्ति से मचा विवाद

**कोलकाता, समाज्ञा :** उच्च माध्यमिक के परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा से ठीक सात दिन पहले, उच्च माध्यमिक शिक्षा पर्षद उन सभी छात्र-छात्राओं को एडमिट कार्ड लेने का एक खास मौका दे रहा है, जिन्होंने अभी तक 'एनरोलमेंट' प्रोसेस पूरा नहीं किया है। हालांकि, इस आखिरी मौके के लिए एक बड़ा फाइन भी लगाया गया है, जिस पर शिक्षा जगत में पहले से ही मिली-जुली प्रतिक्रियाएं आ रही हैं। उच्च माध्यमिक शिक्षा पर्षद ने एक नई गाइडलाइन में कहा है कि स्टूडेंट्स, पेरेंट्स और स्कूल अथॉरिटीज की खास अनुरोध पर परीक्षा से ठीक पहले 'एनरोलमेंट' पोर्टल को फिर से खोलने का फैसला किया गया है। यह पोर्टल सिर्फ तीन दिनों के लिए खुला रहेगा। पर्षद की तरफ से साफ किया गया है कि यह मौका सिर्फ उन्हीं स्टूडेंट्स को मिलेगा, जिन्होंने क्लास 11वीं में रजिस्टर किया था, लेकिन एडमिट कार्ड पाने के लिए जरूरी एनरोलमेंट या फॉर्म नहीं भर पाए थे। इस लेट फाइन या पेनल्टी की रकम सबसे ज्यादा चर्चा का मुद्दा बन गई है। काउंसिल के निर्देशों के मुताबिक, इस आखिरी मिनट में स्टूडेंट्स को एनरोल करने वाले सभी स्कूलों को हर स्टूडेंट पर 2000 रुपये का फाइन या 'लेट फाइन' देना होगा। कई टीचर्स ऑर्गेनाइजेशन्स ने पर्षद के इस फैसले का कड़ा विरोध किया है। हालांकि, उच्च माध्यमिक शिक्षा पर्षद के अध्यक्ष चिरंजीव भट्टाचार्य ने साफ किया है कि पैसे लेना या फाइन लगाना पर्षद का मेन मकसद नहीं है। उन्होंने कहा कि हमारा मकसद यह पक्का करना है कि पूरा प्रोसेस तय नियमों और टाइम के अंदर पूरा हो। हालांकि, हम इंसानी पहलू को देख रहे हैं ताकि एक भी स्टूडेंट एग्जाम से वंचित न रहे। उन्होंने माना कि इस मामले में कुछ स्कूलों की ला-परवाही के साथ-साथ स्टूडेंट्स का असहयोग भी एक बड़ा कारण है।

## आरजी कर भ्रष्टाचार मामले में हाई कोर्ट ने अख्तर अली की जमानत खारिज की

**कोलकाता, समाज्ञा :** आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में वित्तीय भ्रष्टाचार मामले में पूर्व डिप्टी सुपर अख्तर अली की अग्रिम जमानत याचिका को कोलकाता हाई कोर्ट ने बुधवार को खारिज कर दिया। न्यायाधीश जय सेनगुप्ता की पीठ ने यह आदेश सुनाया। जानकारी के अनुसार, अख्तर अली ने पिछले दिसंबर में अग्रिम जमानत के लिए हाई कोर्ट का रुख किया था। सुनवाई के दौरान सीबीआई ने अदालत को बताया कि फिलहाल उन्हें हिरासत में लेने की आवश्यकता नहीं है। इसी दलील के आधार पर 19 दिसंबर को अदालत ने उन्हें अस्थायी राहत प्रदान की थी। हालांकि, बुधवार को अदालत ने पहले दी गई अनुमति को रद्द करते हुए उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी। इससे स्पष्ट हो गया है कि भ्रष्टाचार मामले में अख्तर अली को कोई राहत नहीं मिली है और जांच प्रक्रिया जारी रहेगी। अदालत के इस फैसले के बाद सीबीआई को अब मामले की आगे की जांच और कार्रवाई में कोई बाधा नहीं है।

## जेयू सीसीटीवी मामले में हाई कोर्ट की अहम टिप्पणी

**कोलकाता, समाज्ञा :** जादवपुर विश्वविद्यालय (जेयू) परिसर में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चल रहे मामले में कोलकाता हाई कोर्ट में महत्वपूर्ण जानकारी पेश की गई। विश्वविद्यालय की ओर से पेश अधिवक्ता ऋजू घोषाल ने अदालत को बताया कि वेबेल प्राधिकरण के अनुसार सीसीटीवी कैमरे लगाने का काम पूरा करने में अभी 17 दिन और लगेंगे। सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के संबंध में अदालत को यह भी बताया गया कि परिसर में सुरक्षा तैनाती की प्रक्रिया जारी है। अब तक दो सुपरवाइजर नियुक्त किए जा चुके हैं और विश्वविद्यालय परिसर में 30 सुरक्षा गार्ड तैनात किए गए हैं। मामले की सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश की डिवीजन बेंच ने निर्देश दिया कि इस मामले पर अगली सुनवाई 24 फरवरी को होगी। अदालत ने यह भी कहा है कि उस दिन तक सुरक्षा संबंधी कार्यों की प्रगति पर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी। हाई कोर्ट के इस निर्देश के बाद विश्वविद्यालय प्रशासन पर निर्धारित समयसीमा के भीतर सुरक्षा ढांचे को मजबूत करने का दबाव बढ़ गया है।

## दामोदर नदी के गर्भ से निकले दूसरे विश्वयुद्ध के तीन जिंदा मोर्टार शेल, इलाके में हड़कंप

**➨ निष्क्रिय करने को सेना के विशेषज्ञों की ली जा रही है मदद**



**बांकुड़ा :** जिले में उस समय सनसनी फैल गई जब दामोदर नदी से रेत खनन के दौरान एक-दो नहीं, बल्कि एक साथ तीन विशालकाय मोर्टार शेल बरामद किए गए। घटना सोनामुखी थाना क्षेत्र के डिहीपाड़ा ग्राम पंचायत अंतर्गत रांगामटी फेरीघाट इलाके की है। मंगलवार को जब पे-लोडर के जरिए नदी से रेत निकालने का काम चल रहा था, तभी रेत के साथ ये भारी-भरकम धातु के गोले बाहर निकल आए। इन संदिग्ध वस्तुओं को देखते ही वहां काम कर रहे मजदूरों और स्थानीय लोगों में दहशत फैल गई।विशेषज्ञों का प्रारंभिक अनुमान है कि ये मोर्टार शेल दूसरे विश्वयुद्ध के समय के हैं। हालांकि ये दशकों पुराने हैं, लेकिन इनके भीतर विस्फोटक होने की प्रबल संभावना को देखते हुए पुलिस प्रशासन कोई जोखिम नहीं लेना चाहता। गौरतलब है कि बांकुड़ा में द्वारकेश्वर और दामोदर नदियों के तट से पहले भी मोर्टार शेल मिल चुके हैं, लेकिन यह पहली बार है जब एक ही स्थान से एक साथ तीन शेल बरामद हुए हैं। स्थानीय निवासी कार्तिक जाना ने बताया कि नदी से ऐसी रहस्यमयी वस्तुएं निकलते देख भारी संख्या में लोग वहां जमा हो गए, जिसके बाद तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही सोनामुखी थाना पुलिस और बम निरोधक दस्ता मौके पर पहुंचा। सुरक्षा के कड़े इंतजाम करते हुए शेल को रेत की बोरियों से घेर दिया गया है ताकि किसी भी संभावित विस्फोट के खतरे को कम किया जा सके। बांकुड़ा के पुलिस अधीक्षक सौम्यदीप भट्टाचार्य ने बताया कि बम निरोधक दस्ते ने स्थिति का जायजा लिया है और सेना के विशेषज्ञों से संपर्क साधा जा रहा है। जब तक सेना की टीम आकर इन्हें सुरक्षित तरीके से निष्क्रिय नहीं कर देती, तब तक उस पूरे इलाके को पुलिस की निगरानी में रखा गया है और आम लोगों की आवाजाही पर रोक लगा दी गई है।

## विधानसभा चुनाव : आयोग का ईवीएम व वीवीपैट के प्रति जागरूकता अभियान तेज

**➨ प्रथम स्तर की जांच पूरी होने के बाद प्रशिक्षण और जागरूकता के उद्देश्य से 6259 बैलट व कंट्रोल यूनिट और वीवीपैट मशीनों को रखा गया अलग**



**कोलकाता, समाज्ञा :** बंगाल में आगामी विधानसभा चुनाव 2026 की तैयारियों ने जोर पकड़ लिया है। चुनाव आयोग ने मतदाताओं को मतदान प्रक्रिया से अवगत कराने के लिए व्यापक स्तर पर ईवीएम और वीवीपैट जागरूकता अभियान की शुरुआत की है। अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी ए नियोगी दी गई जानकारी के अनुसार, मशीनों की प्रथम स्तर की जांच पूरी होने के बाद प्रशिक्षण और जागरूकता के उद्देश्य से 6259 बैलट यूनिट व कंट्रोल यूनिट और वीवीपैट मशीनों को अलग रखा गया है। यह पूरी प्रक्रिया राष्ट्रीय और राज्य स्तर के मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों, जैसे भाजपा, तृणमूल, कांग्रेस और माकपा के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में संपन्न हुई है। जनता को मतदान का व्यावहारिक अनुभव देने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी और रिटर्निंग आफिसर कार्यालयों में 'ईवीएम प्रदर्शन केंद्र' स्थापित किए गए हैं। इसके अतिरिक्त, राज्य के सभी मतदान केंद्रों को कवर करने के लिए 294 मोबाइल वैन तैनात की गई हैं। अब तक इन वैनों ने 4617 मतदान केंद्रों का दौरा किया है, जहां लगभग 23,192 लोगों ने प्रदर्शन देखा और हजारों नागरिकों ने माक पोल में हिस्सा लेकर अपनी जिज्ञासाएं शांत कीं। आयोग ने स्पष्ट किया है कि चुनाव की औपचारिक घोषणा होने तक यह प्रदर्शन जारी रहेगा, जिसके बाद केवल डिजिटल माध्यमों से ही जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।

## केंद्र ने रश्मि कमल को पश्चिम बंगाल के लिए जनगणना अभियान निदेशक नियुक्त किया

**नयी दिल्ली/कोलकाता :** केंद्र सरकार ने पश्चिम बंगाल कैडर की 2006 बैच की भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) की अधिकारी रश्मि कमल को पश्चिम बंगाल के लिए जनगणना अभियान निदेशक और नागरिक पंजीकरण निदेशक नियुक्त किया है। केंद्र ने बुधवार को जारी एक अधिसूचना के जरिये यह जानकारी दी। राजपत्र अधिसूचना के अनुसार कमल को केंद्रीय कर्मचारी योजना के तहत केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर 14 जनवरी से तीन वर्ष के लिए या अगले आदेश तक नियुक्त किया गया है। उनका मुख्यालय कोलकाता (पश्चिम बंगाल) में होगा।

## विश्व कैंसर दिवस पर निःशुल्क पैप स्मियर जांच शिविर आयोजित



**कोलकाता, समाज्ञा :** अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के निर्देशानुसार बेहाला महिला मंडल ने आरोग्यम प्रोजेक्ट के तहत बुधवार को विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर सर्वाइकल कैंसर जागरूकता के लिए निःशुल्क पैप स्मियर जांच शिविर आयोजित किया। यह जांच शिविर सरोज गुप्ता कैंसर सेंटर एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट, ग्रीनफील्ड सिटी, सेठी डायग्नोस्टिक सेंटर तथा चिकित्सा सेंटर में लगाया गया, जहां कुल 134 महिलाओं की जांच कराई गई। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाना और समय पर जांच के महत्व को रेखांकित करना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दक्षिण कोलकाता माहेश्वरी महिला संगठन की अध्यक्ष सुमन कोठारी, सोशल एक्टिविस्ट अशोक केडिया तथा रमेश चौधरी की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन की शोभा बढ़ाई। अध्यक्ष महिमा कोठारी, मंत्री विजयलक्ष्मी बैद तथा पूरी टीम के समर्पित प्रयासों से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।



काशीपुर रोड स्थित अंबिका टावर में नवनिर्मित देवालय में देवी-देवताओं के लिए प्राण प्रतिष्ठा त्रि-दिवसीय समारोह में स्थानीय पार्षद सुमन सिंह के सानिध्य में निकली कलश शोभायात्रा

## भारतीय रेलवे में 1,43,086 गैर-गजटेड पदों पर भर्ती प्रक्रिया जारी, कई चरणों की परीक्षाएं पूरी

**➨ पहले और दूसरे चरण की परीक्षाएं पूरी, हजारों अभ्यर्थियों के पैनल तैयार**

**नई दिल्ली :** भारतीय रेलवे में वार्षिक भर्ती कैलेंडर 2024 और 2025 के तहत कुल 1,43,086 गैर-गजटेड रिक्तियों को भरने की प्रक्रिया चल रही है। इस संबंध में जानकारी रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को लोकसभा में लिखित उत्तर के माध्यम से दी।

वर्ष 2024 के दौरान रेलवे ने 92,116 पदों को भरने के लिए 10 केंद्रीकृत रोजगार अधिसूचनाएं जारी की गईं। इनमें साउदर्न रेलवे के 6,927 और इंटीग्रल कोच फैक्ट्री के 1,395 पद शामिल हैं। इन अधिसूचनाओं के तहत सहायक लोको पायलट, तकनीशियन, आरपीएफ के सब-इंस्पेक्टर और कांस्टेबल, जूनियर इंजीनियर/डिपो मटेरियल सुपरिटेंडेंट/केमिकल एंड मेटलर्जिकल असिस्टेंट, पैरामेडिकल श्रेणियां, नॉन-टेक्निकल पॉपुलर कैटेगरी (स्नातक और अंडर-ग्रेजुएट), मिनिस्ट्रियल एवं आइसोलेटेड श्रेणियां तथा लेवल-1 पद जैसे असिस्टेंट, ट्रैक मेंटेनर और पॉइंट्समैन शामिल हैं।

इनमें से 59,678 पदों के लिए प्रथम चरण/एकल चरण कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी) पूरी कर ली गई है। विभिन्न परीक्षाओं में कुल 2,50,31,009 अभ्यर्थियों ने भाग लिया। एएलपी, तकनीशियन, जेई, आरपीएफ पैरामेडिकल और एनटीपीसी श्रेणियों की परीक्षाएं देशभर के 139 से 157 शहरों में और 15 भाषाओं में आयोजित की गईं।

इसके अलावा, एनटीपीसी पदों के लिए द्वितीय चरण सीबीटी भी सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, जिसमें 5,57,611 उम्मीदवार शामिल हुए। आगे की चयन प्रक्रिया के तहत एएलपी और एनटीपीसी (ग्रेजुएट) के लिए कंप्यूटर आधारित एप्टीट्यूड टेस्ट, मिनिस्ट्रियल एवं आइसोलेटेड श्रेणियों के लिए ट्रांसलेशन टेस्ट, तथा एनटीपीसी (ग्रेजुएट स्तर) के लिए कंप्यूटर आधारित टाइपिंग स्किल टेस्ट आयोजित किए जा चुके हैं, जिनमें कुल 1,77,234 अभ्यर्थियों ने भाग लिया।

लेवल-1 श्रेणी के 32,438 पदों के लिए सीबीटी 27 नवंबर 2025 से 140 शहरों में 15 भाषाओं में आयोजित किया जा रहा है। वहीं, आरपीएफ कांस्टेबल के 4,208 पदों के लिए फिजिकल एफिशिएंसी टेस्ट 6 दिसंबर 2025 को पूरा कर लिया गया। रेल मंत्रालय के अनुसार, तकनीशियन, जूनियर इंजीनियर, पैरामेडिकल स्टाफ, आरपीएफ सब-इंस्पेक्टर और सहायक लोको पायलट सहित विभिन्न पदों के लिए 31,000 से अधिक अभ्यर्थियों के पैनल अंतिम रूप से तैयार कर लिए गए हैं, जिनमें से अधिकांश पद सुरक्षा श्रेणियों से जुड़े हैं।

इसके अतिरिक्त, वार्षिक कैलेंडर 2025 के तहत 50,970 और रिक्तियों के लिए 9 नई केंद्रीकृत रोजगार अधिसूचनाएं जारी की गई हैं, जिनमें साउदर्न रेलवे के 3,412 और आईसीएफ के 438 पद शामिल हैं। रेलवे में बड़े पैमाने पर चल रही यह भर्ती प्रक्रिया देशभर के युवाओं के लिए रोजगार के महत्वपूर्ण अवसर प्रदान कर रही है।

## पूर्वोत्तर भारत में रोजमर्रा के सामाजिक अनुभवों से जुड़ रही है टिंडर की डेटिंग पहल

**कोलकाता, समाज्ञा :** डेटिंग ऐप टिंडर ने पूर्वोत्तर भारत में साझा रुचियों के माध्यम से युवाओं को जोड़ने की नई पहल शुरू की है। गुवाहाटी, शिलांग और अरुणाचल प्रदेश के जीरो वैली सहित कई स्थानों पर आयोजित गतिविधियों में संगीत, खेल और स्थानीय सांस्कृतिक आयोजनों को बातचीत का आधार बनाया गया। कंपनी के अनुसार, भारत में हर तीन में से एक युवा सिंगल साझा रुचियों को रिश्तों के लिए अहम मानता है, जबकि 54 प्रतिशत लोग संगीत जैसी पसंद को संभावित मैच में आकर्षण का कारण मानते हैं। गुवाहाटी में आयोजित एक अंतरराष्ट्रीय संगीत कॉन्सर्ट और जीरो फेस्टिवल जैसे आयोजनों में इंटरैक्टिव एक्टिवेशन के जरिए युवाओं को ऑफलाइन बातचीत के मौके दिए गए। वहीं, शिलांग में खेल प्रतियोगिताओं के दौरान रचनात्मक संदेशों और ऑन-ग्राउंड गतिविधियों से सामाजिक माहौल को डेटिंग संवाद से जोड़ा गया। स्थानीय क्रिएटर्स और क्षेत्रीय हास्य से जुड़े डिजिटल कंटेंट के माध्यम से भी इस पहल को विस्तार दिया गया। टिंडर का कहना है कि उद्देश्य ऑनलाइन बातचीत को वास्तविक जीवन के साझा अनुभवों में बदलना है।

## अलीपुरद्वार मंडल में चार एक्सप्रेस ट्रेनों को अतिरिक्त ठहराव

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के अलीपुरद्वार मंडल के अंतर्गत विभिन्न स्टेशनों पर चार एक्सप्रेस ट्रेनों को अतिरिक्त ठहराव देने का निर्णय लिया है। यह व्यवस्था प्रायोगिक आधार पर लागू की जाएगी। 13175 सियालदह-सिलचर एक्सप्रेस (17 फरवरी 2026 से) तथा 13176 सिलचर-सियालदह एक्सप्रेस (9 फरवरी 2026 से) अब बासुगांव स्टेशन पर ठहरेगी। इसी प्रकार, 15647 लोकमान्य तिलक टर्मिनल-गुवाहाटी एक्सप्रेस (6 फरवरी 2026 से) और 15648 गुवाहाटी-लोकमान्य तिलक टर्मिनल एक्सप्रेस (10 फरवरी 2026 से) को फकीराग्राम स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव दिया जाएगा। इसके अलावा, 15629 तांबरम-सिलघाट नगांव एक्सप्रेस (9 फरवरी 2026 से) तथा 15630 सिलघाट-तांबरम नगांव एक्सप्रेस (13 फरवरी 2026 से) गोसाईगांव हाट स्टेशन पर रुकेगी। वहीं, 15643 पुरी-कामाख्या एक्सप्रेस (7 फरवरी 2026 से) और 15644 कामाख्या-पुरी एक्सप्रेस (12 फरवरी 2026 से) को कोकराझार स्टेशन पर ठहराव प्रदान किया गया है।

## ब्लू लाइन मेट्रो स्टेशनों पर टनल वेंटिलेशन और एनवायरनमेंट कंट्रोल सिस्टम के उन्नयन कार्य की शुरुआत



**कोलकाता, समाज्ञा :** मेट्रो रेलवे कोलकाता की ब्लू लाइन के भूमिगत स्टेशनों पर यात्री सुविधा, ऊर्जा दक्षता और अग्नि सुरक्षा को बेहतर बनाने के उद्देश्य से टनल वेंटिलेशन सिस्टम (टीवीएस) और एनवायरनमेंट कंट्रोल सिस्टम (ईसीएस) के उन्नयन कार्य की औपचारिक शुरुआत बुधवार को नोआपाड़ा कारशेड में हुई। इस अवसर पर मेट्रो रेलवे के महाप्रबंधक सुब्रांशु एस. मिश्रा, अन्य वरिष्ठ अधिकारी तथा एमआरडब्ल्यूडब्ल्यूओ के अध्यक्ष एवं सदस्य उपस्थित रहे। अधिकारियों ने बताया कि परियोजना पूरी होने के बाद ब्लू लाइन पर यात्रा का अनुभव अधिक सुरक्षित, आरामदायक और पर्यावरण अनुकूल होगा। करीब 585 करोड़ रुपये की लागत वाली यह परियोजना चार वर्षों में पूरी की जाएगी। इसके तहत, ब्लू लाइन के 15 भूमिगत स्टेशनों की कूलिंग प्रणाली को पारंपरिक वाटर-कूल्ड चिलर से बदलकर आधुनिक एयर-कूल्ड चिलर में परिवर्तित किया जाएगा। इस बदलाव से स्टेशनों के बाहर लगे कूलिंग टावरों की जरूरत समाप्त हो जाएगी और हर वर्ष लगभग 18 करोड़ लीटर भूजल की बचत संभव होगी। वर्तमान प्रणाली में इतनी मात्रा में भूजल का उपयोग स्टेशनों को ठंडा रखने के लिए किया जाता है। साथ ही, 41 वर्ष पुराने टनल वेंटिलेशन सिस्टम को भी आधुनिक तकनीक से बदला जा रहा है। पहले सुरंगों को ठंडा रखने के लिए बड़े सेंट्रीफ्यूगल फैन 24 घंटे चलते थे, जिनसे साल-ाना लगभग 21 करोड़ रुपये की बिजली खर्च होती थी। अब इनकी जगह उन्नत एक्सियल फैन लगाए जाएंगे, जो आग या धुएं की स्थिति में स्वतः सक्रिय होकर धुआं निष्कासन का काम करेंगे। यह प्रणाली कार्बन उत्सर्जन में भी साल-ाना लगभग 23,000 मीट्रिक टन की कमी लाने में सहायक होगी। परियोजना का कार्य एक जापानी कंपनी की भारतीय सहयोगी इकाई द्वारा किया जा रहा है, जिसे अंतरराष्ट्रीय स्तर का अनुभव प्राप्त है।

## हावड़ा-कामाख्या वंदे भारत स्लीपर बनी रात की लंबी यात्रा के लिए भरोसेमंद विकल्प




**कोलकाता, समाज्ञा :** हावड़ा-कामाख्या वंदे भारत स्लीपर एक्सप्रेस लंबी दूरी की रात्रि रेल यात्रा में तेज, आरामदायक सेवा के रूप में यात्रियों के बीच तेजी से लोकप्रिय हो रही है। आधुनिक सुविधाओं और उच्च गति के साथ संचालित यह प्रीमियम ट्रेन पूर्वी और पूर्वोत्तर भारत के बीच बेहतर संपर्क प्रदान कर रही है। 27575 हावड़ा-कामाख्या वंदे भारत स्लीपर एक्सप्रेस 23 जनवरी 2026 से सप्ताह में छह दिन (गुरुवार को छोड़कर) शाम 18:20 बजे हावड़ा से प्रस्थान करती है और अगले दिन सुबह 08:20 बजे कामाख्या पहुंचती है। इसका ठहराव बंडेल, नवद्वीप धाम, कटवा, आजीमगंज, न्यू फरक्का, मालदह टाउन, अलुआबाड़ी रोड, न्यू जलपाईगुड़ी, जलपाईगुड़ी रोड, न्यू कूचबिहार, न्यू अलीपुरद्वार, न्यू बोंगाईगांव और रंगिया स्टेशनों पर है। इस ट्रेन में आरामदायक स्लीपर बर्थ, आधुनिक शौचालय, चार्जिंग प्वाइंट, बेहतर लाइटिंग और उन्नत सुरक्षा प्रणाली जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं, जिससे यात्रियों को एक प्रीमियम यात्रा अनुभव मिलता है। रेलवे के अनुसार, 22 जनवरी से 2 फरवरी 2026 के बीच निर्धारित 10 परिचालन दिनों में इस ट्रेन ने 100 प्रतिशत समयपालन दर्ज किया। प्रत्येक दिन निर्धारित समय पर प्रस्थान और आगमन इसकी उल्लेखनीय उपलब्धि रही। अधिकारियों ने बताया कि यह सफलता मजबूत परिचालन योजना, अत्याधुनिक रोलिंग स्टॉक तकनीक तथा लोको पायलट, ऑनबोर्ड स्टाफ और मेंटेनेंस टीमों के समन्वित प्रयासों का परिणाम है। लगातार समय पर चलने की यह उपलब्धि यात्रियों के विश्वास को बढ़ाती है और लंबी दूरी की रात्रि ट्रेनों के लिए नया मानक स्थापित करती है। उल्लेखनीय है कि 17 जनवरी 2026 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हावड़ा और कामाख्या के बीच देश की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन को हरी झंडी दिखाई थी, जिसके बाद इस सेवा ने नियमित वाणिज्यिक परिचालन शुरू किया। यह ट्रेन अब लंबी दूरी की रात्रि यात्रा में समयबद्ध और यात्री-केंद्रित सेवा का नया मानक बनती जा रही है।

## वित्त वर्ष 26 की तीसरी तिमाही में मोबिक्विक को लाभ, 593 मिलियन रुपये की सालाना बढ़ोतरी

**कोलकाता, समाज्ञा :** डिजिटल वॉलेट कंपनी वन मोबिक्विक सिस्टम्स लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही में लाभ दर्ज करते हुए अपने परिचालन प्रदर्शन में मजबूत सुधार की जानकारी दी है। 31 दिसंबर 2025 को समाप्त तिमाही के लिए घोषित परिणामों के अनुसार, कंपनी ने खर्चों पर नियंत्रण और बेहतर मार्जिन के बल पर सालाना आधार पर एबिट्डा में 576 मिलियन रुपये का सुधार किया और कर पश्चात लाभ हासिल किया। समेकित आय 2,972 मिलियन रुपये पर स्थिर रही, जबकि कंट्रीब्यूशन प्रॉफिट 76 प्रतिशत बढ़कर 1,288 मिलियन रुपये पहुंच गया। कुल आय के अनुपात में फिक्स्ड कॉस्ट घटकर 38 प्रतिशत रह गई। तिमाही में एबिट्डा 150 मिलियन रुपये रहा। पेमेंट्स कारोबार में कंपनी ने रिकॉर्ड 481 अरब रुपये का ग्रॉस मर्चेंडाइज वैल्यू दर्ज किया, जो सालाना 63 प्रतिशत अधिक है। यूजर बेस 186.6 मिलियन और मर्चेंट बेस 4.79 मिलियन हो गया। वित्तीय सेवाओं में 'जिप ईएमआई' जीएमवी 9,000 मिलियन रुपये के उच्च स्तर पर पहुंचा, जबकि इस खंड का सकल लाभ 372 मिलियन रुपये रहा।

## श्री कपिलमुनी चेरिटेबल ट्रस्ट की ओर से माघ पूर्णिमा पर गंगासागर में विशाल अन्नपूर्णा सेवा



**सागर, समाज्ञा :** श्री कपिलमुनी चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा माघ पूर्णिमा के पावन अवसर पर गंगासागर भवन परिसर में 31 जनवरी से तीर्थयात्रियों के लिए भव्य अन्नपूर्णा सेवा का आयोजन किया जा रहा है। यह सेवा विशेष रूप से उन श्रद्धालुओं के लिए संचालित की जा रही है, जो सागर द्वीप के तट पर पवित्र गंगा स्नान करने और भगवान कपिल मुनी के दर्शन हेतु विभिन्न क्षेत्रों से यहां पहुंचे हैं। ट्रस्ट की ओर से बताया गया कि सेवा कार्य निरंतर चल रहा है और इसमें श्रद्धालुओं को निःशुल्क भोजन सहित आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराया जा रहा है। माघ पूर्णिमा को हिंदू धार्मिक परंपरा में अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। इस दिन, गंगा स्नान, दान और पूजा का विशेष महत्व बताया गया है। श्रद्धालु भगवान श्री सत्यनारायण की पूजा-अर्चना करते हैं, जिन्हें सत्य और धर्म का प्रतीक माना जाता है। साथ ही, प्रातःकाल सूर्य देव को अर्घ्य अर्पित करने की परंपरा भी निभाई जाती है। ट्रस्ट के सदस्यों द्वारा धार्मिक और सामाजिक सेवा के कार्यों में निरंतर सक्रिय रही है और भविष्य में भी इसी प्रकार के सेवा प्रयास जारी रखी जाएगी।

## विश्व कैंसर दिवस पर जागरूकता वॉक : कैंसर से लड़ाई और स्वैच्छिक रक्तदान बढ़ाने का संदेश






**कोलकाता, समाज्ञा :** विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर बुधवार को कैंसर के प्रति जागरूकता फैलाने और पश्चिम बंगाल में आगामी गर्मी व चुनावी अवधि के दौरान अधिक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित करने की आवश्यकता को लेकर एक रंगारंग जागरूकता वॉक का आयोजन किया गया। यह वॉक अनिमेष घोष कैंसर अवेयरनेस सेंटर (एजीसीएसी) और वेस्ट बंगाल वॉलंटरी ब्लड डोनर्स फोरम ने संयुक्त रूप से आयोजित की, जिसे एस्ट्राजेनेका फार्मा इंडिया लिमिटेड तथा इंस्टीट्यूट ऑफ ब्लड ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन एंड इम्यूनोहेमेटोलॉजी, (आईबीटीएमएंडआई) मणिकतला के रिक्रिएशन क्लब का सहयोग प्राप्त हुआ। करीब 3 किमी लंबी इस वॉक की शुरुआत आईबीटीएमएंडआई परिसर से हुई और यह अमहर्स्ट स्ट्रीट व बी.बी. गांगुली स्ट्रीट होते हुए सियालदह मेट्रो स्टेशन पर समाप्त हुई। जिसमें लगभग 150 प्रतिभागियों ने हिस्सा लेकर कैंसर जागरूकता और स्वैच्छिक रक्तदान के संदेश को जन-जन तक पहुंचाया।

कार्यक्रम का उद्घाटन अपोलो कैंसर हॉस्पिटल, कोलकाता के प्रख्यात ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. अमित दत्त द्वारी ने कैंसर से लड़ाई पर प्रेरक संबोधन के साथ किया। कार्यक्रम में आईबीटीएमआई के निदेशक डॉ. परमार्थ चट्टोपाध्याय, मुख्य अतिथि के रूप में पश्चिम बंगाल के प्रथम शतरंज ग्रैंडमास्टर दिव्येंदु बरुआ, पश्चिम बंगाल सरकार के रक्त सुरक्षा विभाग के पूर्व संयुक्त निदेशक डॉ. गोपाल चंद्र बिस्वास, इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी (पश्चिम बंगाल) के सचिव डॉ. श्यामल बरन मुखर्जी, आईबीटीएमआई के सहायक निदेशक डॉ. हांसदा, एफबीडीओआई के महासचिव तथा डब्ल्यूबीवीबीडीएफ के संस्थापक महासचिव अपूर्ब घोष, डब्ल्यूबीवीबीडीएफ के महासचिव नुरुल इस्लाम, कोलकाता जिला सचिव विकास जायसवाल सहित स्वैच्छिक रक्तदान आंदोलन से जुड़ी कई संस्थाओं के गणमान्य प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## स्कॉटिश चर्च कॉलेज के छात्रों की खोज से बदलेगा कल

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के स्कॉटिश चर्च कॉलेज के छात्रों ने यह साबित कर दिया है कि यदि युवाओं को सही मार्गदर्शन और अवसर मिले, तो वे भविष्य की समस्याओं का समाधान खोज सकते हैं। मंगलवार को कॉलेज में कथाकली देबनाथ इनोवेशन सेंटर के तत्वावधान में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में उत्कृष्ट नवाचार करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। पुरस्कार प्रदान किए कॉलेज की प्राचार्या डॉ. मधुमंजरी मंडल, नॉर्वे के ओस्लो स्थित एक संस्था के मुख्य व्यवसाय अधिकारी एवं इस केंद्र के मुख्य संरक्षक गौतम देबनाथ तथा कोलकाता के श्यामा प्रसाद मुखर्जी पोर्ट के महाप्रबंधक प्रवीन कुमार दास ने।

# हावड़ा मैदान में टोटो की बढ़ती संख्या से लोग परेशान, जाम की समस्या जस की तस

अन्नू राय



**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा मैदान और आसपास के इलाकों में टोटो (ई-रिक्शा) की लगातार बढ़ती संख्या अब आम लोगों के लिए बड़ी परेशानी का कारण बनती जा रही है। स्थानीय निवासियों और दुकानदारों का कहना है कि सड़कों पर जरूरत से ज्यादा टोटो चलने से हर दिन जाम, अव्यवस्था और दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है।

सुबह और शाम के व्यस्त समय में हावड़ा मैदान, स्टेशन रोड और मुख्य बाजार क्षेत्र में टोटो की लंबी कतारें लग जाती हैं। कई चालक सड़क के बीचों-बीच सवारियां बैठाते और उतारते हैं, जिससे ट्रैफिक पूरी तरह प्रभावित होता है। पैदल चलने वालों को भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

सबसे बड़ी चिंता यह है कि इलाके में चल रहे टोटो में से कितने वैध (लीगल) हैं और कितने अवैध (इललीगल), इसकी स्पष्ट जानकारी किसी के पास नहीं है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कई टोटो बिना वैध पंजीकरण और परमिट के सड़कों पर दौड़ रहे हैं। इतना ही नहीं, टोटो चलाने वालों में कुछ नाबालिग भी देखे जाते हैं, जो बिना प्रशिक्षण और अनुभव के वाहन चला रहे हैं।

आए दिन छोटे-बड़े हादसों की खबरें सामने आती रहती हैं। राहगीरों का कहना है कि दुर्घटनाओं के बावजूद ठोस कार्रवाई नजर नहीं आती। लोगों का यह भी आरोप है कि पुलिस कभी-कभी अभियान चलाती जरूर है, लेकिन स्थायी समाधान की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया जाता। नतीजा यह है कि जाम की व्यवस्था ज्यों की त्यों बनी रहती है और हालात में कोई खास सुधार नहीं होता।

स्थानीय नागरिकों का सवाल है कि यदि कल को कोई बड़ा हादसा हो जाए, तो उसकी जिम्मेदारी कौन लेगा? क्या प्रशासन के पास टोटो की संख्या नियंत्रित करने, अवैध संचालन पर रोक लगाने और नाबालिग चालकों पर कार्रवाई करने की स्पष्ट योजना है?

लोगों की मांग है कि टोटो के लिए निर्धारित स्टैंड और रूट तय किए जाएं, नियमित जांच अभियान चलाया जाए और नियमों का सख्ती से पालन कराया जाए, ताकि हावड़ा मैदान क्षेत्र में यातायात व्यवस्था सुचारु हो सके और आम जनता को राहत मिल सके।

# अस्पताल के बेड पर आराम फरमाते दिखा स्ट्रीट डॉग, स्वास्थ्य व्यवस्था पर सवाल



**हुगली, समाज्ञा :** गौरहाटी ईएसआई अस्पताल से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है जिसने स्वास्थ्य व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। अस्पताल के वार्ड के भीतर मरीजों के बीच एक बेड पर स्ट्रीट डॉग को आराम फरमाते हुए देखा गया है जहां कई बेड पर मरीज इलाजरत नजर आ रहे हैं, वहीं एक खाली बेड पर कुत्ते की मौजूदगी ने अस्पताल की सुरक्षा, स्वच्छता और प्रशासनिक निगरानी पर प्रश्नचिह्न लगा दिया है। इस मामले को लेकर भारतीय जनता पार्टी के नेता किशन साव ने कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने आरोप लगाया है कि अस्पताल प्रशासन अक्सर मरीजों को यह कहकर लौटा देता है कि बेड उपलब्ध नहीं हैं, जबकि वास्तविकता में अस्पताल के खाली बेड पर कुत्ते का आराम करना प्रशासनिक लापरवाही को उजागर करता है। जब मरीज और उनके परिजन इलाज और बेड के लिए भटक रहे हैं, तब इस तरह की स्थिति मानवीय संवेदनाओं और प्रशासनिक जिम्मेदारी पर बड़ा सवाल है। हालांकि, इस पूरे मामले पर अब तक अस्पताल प्रबंधन की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। प्रशासन की चुप्पी से लोगों में नाराजगी और चिंता बढ़ती जा रही है।

# एसआईआर पर फर्जी नैरेटिव के लिए यूट्यूबर्स को पैसे बांट रही तृणमूल कांग्रेस : शुभेंदु अधिकारी

## कहा, सुप्रीम कोर्ट में ममता का जाना बंगाल जैसे राज्य के लिए 'शर्मनाक'



**पूर्व मेदिनीपुर :** विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने ममता बनर्जी और उनकी पार्टी तृणमूल कांग्रेस पर गंभीर आरोप लगाये हैं। नेता प्रतिपक्ष ने कहा है कि मुख्यमंत्री और उनकी पार्टी एसआईआर का फर्जी नैरेटिव गढ़ने के लिए यूट्यूबर्स को पैसे बांट रही है। बुधवार को नंदीग्राम में अपने विधायक कार्यालय में पत्रकारों को संबोधित करते हुए शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि बंगाल में चुनाव से पहले चल रही स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) प्रक्रिया को लेकर जानबूझकर भ्रम फैलाया जा रहा है। इसके लिए पार्टी से लाभ पाने वाले मीडिया और यूट्यूबर्स का इस्तेमाल किया जा रहा है। सब कुछ मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के इशारे पर हो रहा है। शुभेंदु अधिकारी ने मुख्यमंत्री के हालिया बयानों और गतिविधियों को 'राजनीतिक ड्रामा' करार दिया और कहा कि पहले दिन मुख्यमंत्री काले शॉल में चुनाव आयोग पर हमला करती नजर आयीं। फिर, बिना किसी सबूत या सीसीटीवी फुटेज के आरोप लगाया कि दिल्ली पुलिस ने बंग भवन की तलाशी ली। हालांकि, दिल्ली पुलिस ने उनके इस दावे को गलत साबित कर दिया। इससे ममता बनर्जी एक्सपोज हो गयीं हैं। भाजपा नेता ने कहा कि इसके अगले दिन मुख्यमंत्री फिर काले शॉल में चुनाव आयोग के दफ्तर गयीं। बाहर आकर कहा कि उन्होंने अपने जीवन में ऐसा चुनाव आयोग कभी नहीं देखा। शुभेंदु अधिकारी के अनुसार, ये सभी बयान राजनीति से प्रेरित हैं और एसआईआर प्रक्रिया को कमजोर करने के उद्देश्य से दिये जा रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट में ममता बनर्जी की याचिका पर भी शुभेंदु ने सवाल उठाये और कहा कि कोर्ट में सुनवाई के दौरान मुख्यमंत्री खुद बहस में पहुंच गयीं, जबकि कोर्ट ने स्पष्ट रूप से कहा कि उनके वकील उनका पक्ष रखने में सक्षम हैं। शुभेंदु अधिकारी ने इसे पश्चिम बंगाल जैसे शिक्षित और संसाधन-संपन्न राज्य के लिए 'शर्मनाक' बताया।

# खिदिरपुर में हुमायूं कबीर के खिलाफ लगे 'गो बैक' के नारे

## हुमायूं का आरोप, तृणमूल कार्यकर्ताओं ने किया विरोध प्रदर्शन



**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता में तृणमूल कांग्रेस के पूर्व विधायक और जन उन्नयन पार्टी के प्रमुख हुमायूं कबीर पर कथित तौर पर हमला किए जाने की खबर सामने आई है। हुमायूं कबीर ने दावा किया है कि उन पर 25 से 30 लोगों ने अचानक हमला कर दिया और इस दौरान उन्हें धमकाने के लिए नारेबाजी भी की गई। हुमायूं कबीर के मुताबिक, यह घटना शब-ए-बारात के मौके पर हुई। वह एक दोस्त के घर दावत में शामिल होने गए थे, जहां लोगों से मुलाकात और बातचीत के बाद वह लौट रहे थे। इसी दौरान वार्ड नंबर 77 और 78 के बीच सड़क पर उनकी गाड़ी को घेर लिया गया और हमला कर दिया गया। विधायक का कहना है कि हमलावरों ने उनकी कार पर हमला किया और उनके खिलाफ 'भाजपा का गद्दार' जैसे नारे लगाए। हुमायूं कबीर के अनुसार, यह हमला पूरी तरह योजनाबद्ध था और हमलावर स्थानीय स्तर पर सक्रिय कुछ लोगों से जुड़े हुए थे। उन्होंने आरोप लगाया कि यह लोग बॉबी हकीम से जुड़े हैं। हमले के बाद, हुमायूं कबीर ने साफ शब्दों में कहा कि वह इस घटना से डरने वाले नहीं हैं। उन्होंने कहा कि मुझे किसी से डर नहीं लगता। ये लोग गुंडे हैं और गुंडों का काम गुंडागर्दी करना होता है। वे वही कर रहे हैं। जब उनसे पूछा गया कि वह भाजपा में हैं भी नहीं, फिर उन्हें 'बीजेपी का गद्दार' क्यों कहा गया, तो उन्होंने इसे हमलावरों की मानसिकता बताया। हुमायूं कबीर ने कहा कि ऐसे लोग बिना तर्क के नारे लगाते हैं और सच्चाई से उनका कोई लेना-देना नहीं होता। हुमायूं कबीर ने यह भी बताया कि उनके साथ मौजूद सुरक्षा कर्मियों ने स्थिति संभालने की पूरी कोशिश की और जितना संभव था, उतनी सुरक्षा दी। उनकी वजह से बड़ा नुकसान टल सका। घटना को लेकर भावुक होते हुए हुमायूं कबीर ने कहा कि मैं सिर्फ ऊपरवाले से डरता हूं। इंतकाल तो एक दिन होना ही है, जहां होगा, वो ऊपरवाला तय करेगा।

### गोलपार्क में झड़प के सिलसिले में दो और गिरफ्तार, अब तक 19 गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** पुलिस ने दक्षिण कोलकाता के गोलपार्क इलाके में दो गुटों के बीच हुई झड़प के सिलसिले में दो और लोगों को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही रविवार को बम विस्फोट और गोलीबारी सहित हिंसा के संबंध में गिरफ्तार लोगों की कुल संख्या 19 हो गई है। हालांकि, मुख्य आरोपी सोना पप्पू अभी भी फरार है। रविवार की रात को हुई अशांति के बाद से, रबिंद्र सरोबर थाना आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए लगातार छापेमारी कर रहा है। पुलिस ने बताया कि मंगलवार की रात को छापेमारी के दौरान दो और लोगों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार लोगों की पहचान राकेश बनिक और राजीव दास उर्फ सोनू के रूप में हुई है। दोनों रबिंद्र सरोबर थाना अंतर्गत पंचानंतला रोड के निवासी हैं। पुलिस ने रविवार की रात को हिंसा के तुरंत बाद उपद्रवियों की तलाश शुरू कर दी थी और दस लोगों को तुरंत गिरफ्तार कर लिया था। बाद में, सोमवार रात को छापेमारी के दौरान चार और लोगों को गिरफ्तार किया गया। मंगलवार की दोपहर तक पुलिस अभियान के दौरान तीन और लोगों को गिरफ्तार किया गया। अब दो और आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है, जिससे कुल संख्या 19 हो गई है।

### हावड़ा ब्रिज पर मिला अज्ञात युवक का खून से लथपथ शव, पुलिस ने शुरू की जांच

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा ब्रिज के पास एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई है। जानकारी के अनुसार, बुधवार की सुबह हावड़ा ब्रिज के पिलर नंबर 12 के पास फुटपाथ पर एक व्यक्ति बेहोश अवस्था में पड़ा देखा गया। सूचना मिलने पर नॉर्थ पोर्ट पुलिस स्टेशन की टीम तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने प्रारंभिक जांच में पाया कि व्यक्ति ने कोई जीवन संकेत नहीं दिए। घटनास्थल पर प्राथमिक जांच के बाद शव को कोलकाता के मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया, जहां ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित किया। इसके बाद स्थानीय लोगों से पूछताछ की गई, लेकिन किसी ने भी मृतक की पहचान या पते के बारे में जानकारी नहीं दी। मृतक के शरीर पर किसी बाहरी चोट के निशान नहीं मिले। मृतक लगभग 55 वर्षीय पुरुष हैं, जिनकी ऊंचाई 5 फीट 6 इंच, श्याम वर्ण और मध्यम कद-काठी है। वह भूरी टी-शर्ट, नीली जैकेट और काले हाफ पैंट पहने हुए थे। इस घटना में एनपीपीएस में असामान्य मृत्यु का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस मर्ग परीक्षा की रिपोर्ट का इंतजार कर रही है, जिससे मौत का वास्तविक कारण स्पष्ट होगा।

# भाजपा ने ममता बनर्जी की दिल्ली यात्रा को बताया 'कैमरों के लिए ड्रामा'



**नई दिल्ली/कोलकाता :** राज्य की निर्वाचन सूची में बांग्लादेशी घुसपैठिए, रोहिंग्या और नकली मतदाता शामिल हैं, यह बात राज्य भाजपा अध्यक्ष सामिक भट्टाचार्य ने बुधवार को दोहराई। उन्होंने जोर देकर कहा कि ऐसे घुसपैठिए पहचाने जाएंगे, हटाए जाएंगे और देश से बाहर किए जाएंगे। नई दिल्ली में भाजपा के राज्य मुख्यालय पर राज्यसभा सांसद सामिक भट्टाचार्य, भाजपा सांसद और राज्य मंत्री सुकांत मजूमदार के साथ मीडिया से बात कर रहे थे। मजूमदार ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के 1 से 4 फरवरी तक राष्ट्रीय राजधानी दौरे को 'ड्रामा' बताया। उन्होंने कहा कि यह प्रदर्शन पहले राज्य गेस्ट हाउस के सामने, फिर निर्वाचन आयोग के मुख्यालय के सामने और अगले दिन सुप्रीम कोर्ट में किया गया। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि ममता बनर्जी का यह ड्रामा केवल कैमरों के लिए है और खुद पर ध्यान आकर्षित करने का प्रयास है। जहां भी वह जाती हैं, कैमरे के पीछे सब कुछ पहले से तैयार होता है, लेकिन उनका पूरा प्रयास पूरी तरह फ्लॉप हो गया। मजूमदार ने कहा कि आमतौर पर सुप्रीम कोर्ट सीधे किसी मुख्यमंत्री से चुप रहने या ज्यादा बोलने से बचने को नहीं कहती। लेकिन इस मामले में एक न्यायाधीश ने ममता बनर्जी को बहुत संयमित और स्पष्ट तरीके से एफ्फेक्टिवेली 'चुप रहने' के लिए कहा। उन्होंने ममता बनर्जी से पूछा कि राज्य के कितने जिला मजिस्ट्रेट या जिला प्रशासन ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त को सूचना दी, और कितने मृत्युपत्र निर्वाचन आयोग को जमा किए गए। यह सवाल उन्होंने एसआईआर से संबंधित मौतों के मामले में बनर्जी द्वारा उठाए गए आरोपों के संदर्भ में पूछा।

भट्टाचार्य ने कहा कि एसआईआर अभ्यास देश के 12 राज्यों में चल रहा है, लेकिन पश्चिम बंगाल में ही इसके विरोध में सबसे ज्यादा हंगामा हो रहा है। उन्होंने याद दिलाया कि अगस्त 2005 में ममता बनर्जी ने खुद मतदाता पहचान पत्र की मांग की थी। उस समय उन्होंने आरोप लगाया था कि मतदाता सूची में केवल बांग्लादेशी घुसपैठियों के नाम डाले जा रहे हैं और सीपीआई(एम) ऐसी सूची का इस्तेमाल चुनाव में करने वाली है। अब वही ममता बनर्जी एसआईआर प्रक्रिया के खिलाफ दिल्ली पहुंची हैं। भट्टाचार्य ने कहा कि ममता बनर्जी के आरोप कि सीमा पर निगरानी केंद्र की जिम्मेदारी है, गलत हैं।

# 'हुमायूं के साथ सलीम की बैठक से अच्छा संदेश नहीं गया', माकपा राज्य समिति की बैठक में कई नेताओं ने कहा

## ✒ माकपा राज्य समिति की बैठक में सीट बंटवारे की प्रक्रिया पर भी चर्चा

**कोलकाता, समाज्ञा :** माकपा राज्य समिति की बैठक में बुधवार को कई नेताओं ने कहा कि गत दिनों जनता उन्नयन पार्टी के अध्यक्ष हुमायूं कबीर के साथ पार्टी के राज्य सचिव मोहम्मद सलीम की हुई बैठक और उसके बाद की प्रतिक्रिया से अच्छा संदेश नहीं गया है। बैठक में सीट बंटवारे की प्रक्रिया पर भी चर्चा की गई। राज्य वाम मोर्चा की बैठक गुरुवार को है। माकपा सूत्रों के अनुसार बैठक में राज्य समिति के कई सदस्यों ने स्पष्ट कर दिया कि हुमायूं के मुद्दे पर चर्चा भी नहीं होनी चाहिए। सलीम को हुमायूं से दूरी बनाकर चलना चाहिए। कई नेताओं ने बैठक में यह समझाने की कोशिश की कि राज्य सचिव की हुमायूं से मुलाकात का नकारात्मक प्रभाव पड़ा है। माकपा मुख्यालय अलीमुद्दीन स्ट्रीट के सूत्रों के अनुसार, सलीम ने यह भी स्पष्ट किया कि वह वहां कोई निर्णय लेकर नहीं गए थे। वह मामले को समझने गए थे। हालांकि, फारवर्ड ब्लाक और आरएसपी की तुलना में भाकपा का रुख थोड़ा नरम था। भाकपा माले (लिबरेशन) के महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य ने कहा कि मुझे नहीं पता कि वह हुमायूं से क्यों मिले। इसका जवाब सिर्फ सलीम ही दे सकते हैं।

### संदेशखाली में भाजपा कार्यकर्ताओं पर झूठे मुकदमों का आरोप, हाई कोर्ट पहुंची पार्टी



**कोलकाता, समाज्ञा :** संदेशखाली को लेकर एक बार फिर मामला कलकत्ता हाई कोर्ट पहुंचा है। इस बार राज्य की प्रमुख विपक्षी पार्टी भाजपा ने आरोप लगाया है कि उसके कार्यकर्ताओं और समर्थकों को झूठे मामलों में फंसाया जा रहा है। पार्टी का दावा है कि बशीरहाट के संदेशखाली क्षेत्र में गंगाधर कयाल सहित कई भाजपा कार्यकर्ताओं के खिलाफ पुलिस लगातार एफआईआर दर्ज कर रही है। आरोप है कि कुछ पर हथियार रखने के मामले लगाए जा रहे हैं, जबकि अन्य पर गंभीर आपराधिक धाराओं में एक से अधिक मुकदमे दर्ज किए जा रहे हैं। भाजपा ने अदालत को बताया कि पहले भी इस मुद्दे पर दायर याचिका की सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से मौखिक आश्वासन दिया गया था कि संबंधित लोगों के खिलाफ कोई कठोर कदम नहीं उठाया जाएगा। इसके बावजूद आरोपियों को नोटिस भेजकर थाने बुलाया जा रहा है, उन्हें परेशान किया जा रहा है और गिरफ्तारी की धमकी भी दी जा रही है। मंगलवार को भाजपा ने मुख्य न्यायाधीश सुजय पाल का ध्यान इस मामले की ओर आकर्षित करते हुए शीघ्र सुनवाई की मांग की। इस मामले की सुनवाई आगामी गुरुवार को होने की संभावना है।

# सुंदरवन में मछली पकड़ने गए मछुआरे को उठा ले गया बाघ, इलाके में मातम



**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना जिले के सुंदरवन में एक बार फिर बाघ के हमले की घटना सामने आई है। गोसाबा ब्लॉक के सातजेलिया ग्राम पंचायत अंतर्गत सुकुमारी गांव निवासी मछुआरा प्रदीप मंडल (35) को मंगलवार की दोपहर में बाघ जंगल में खींच ले गया। घटना के बाद से वह लापता है। इस हादसे से पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है। पुलिस और वन विभाग के सूत्रों के अनुसार, प्रदीप मंडल अपने दो साथियों, दुखे मंडल और संतोष मंडल के साथ रविवार को सुंदरवन के चामटार जंगल क्षेत्र में मछली और केकड़ा पकड़ने गए थे। मंगलवार की शाम को जब तीनों नदी के किनारे नाव बांधकर चर इलाके में केकड़ा पकड़ रहे थे, तभी अचानक जंगल से एक बाघ निकल आया और प्रदीप पर झपट पड़ा। बाघ ने उसकी गर्दन पकड़कर उसे घसीटते हुए जंगल के भीतर ले गया। साथियों के कुछ समझ पाने से पहले ही बाघ जंगल में ओझल हो गया। घटना के बाद प्रदीप को बचाने का कोई रास्ता न देख दुखे और संतोष वापस लौट आए। बुधवार की सुबह गांव पहुंचकर उन्होंने परिजनों और स्थानीय लोगों को घटना की जानकारी दी, जिसके बाद गांव में मातम छा गया। इसकी सूचना सजनखाली स्थित वन विभाग कार्यालय को भी दी गई। खबर मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और तलाशी अभियान शुरू किया, लेकिन अब तक प्रदीप का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। सुंदरवन टाइगर रिजर्व के डिप्टी फील्ड डायरेक्टर जोंस जस्टिन ने बताया कि हमें एक दुर्घटना की सूचना मिली है। मामले की जांच की जा रही है। यह भी देखा जा रहा है कि संबंधित लोग वैध अनुमति पत्र के साथ जंगल में गए थे या नहीं।

# केशपुर में दलीय बैठक से लौट रहे भाजपा कार्यकर्ताओं की पिटाई, 12 घायल




**पश्चिम मेदिनीपुर :** चुनाव से पहले जिले के केशपुर में एक बार फिर राजनीतिक तनाव देखने को मिला है। भाजपा ने तृणमूल कांग्रेस पर अपने कार्यकर्ताओं पर हमला करने का आरोप लगाया है। भाजपा नेताओं के अनुसार, इस कथित हमले में 12 कार्यकर्ता घायल हुए हैं। भाजपा का दावा है कि मंगलवार को केशपुर इलाके में पार्टी कार्यकर्ताओं पर योजनाबद्ध तरीके से हमला किया गया। घटना के विरोध में मंगलवार की रात को ही भाजपा कार्यकर्ताओं ने पश्चिम मेदिनीपुर जिले के पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन कर दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। वहीं, तृणमूल कांग्रेस ने आरोपों को पूरी तरह नकार दिया है। बुधवार की सुबह जिला परिषद सदस्य एवं तृणमूल नेता मोहम्मद रफीक ने कहा कि मंगलवार को इलाके में भाजपा कार्यकर्ता पिकनिक मना रहे थे। शराब के नशे में आपसी विवाद के चलते ही मारपीट हुई, जिसका तृणमूल कांग्रेस से कोई संबंध नहीं है। जिला पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि मंगलवार की रात तक इस संबंध में कोई लिखित शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। अधिकारी ने कहा कि शिकायत मिलने पर मामले की जांच की जाएगी। बुधवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि पुलिस को घटना की जानकारी देने के बावजूद उन्हें धमकाया गया। भाजपा का कहना है कि बार-बार शिकायत करने के बाद भी पुलिस की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई, जिससे प्रशासन की भूमिका पर सवाल खड़े हो रहे हैं। घटना को लेकर इलाके में तनाव का माहौल बना हुआ है और राजनीतिक आर-ोप-प्रत्यारोप जारी हैं।

### रेनबो क्रू का पौराणिक प्रस्तुति से सेमिफिनाले में दमदार प्रवेश



**कोलकाता, समाज्ञा :** इंडियाज गॉट टैलेंट सीजन 11 अब अपने सबसे रोमांचक पड़ाव सेमिफिनाले में पहुंच चुका है। देशभर से चुने गए प्रतिभाशाली कलाकारों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिल रही है, जहां हर प्रस्तुति के साथ मुकाबला और कठिन होता जा रहा है। जजों के लिए भी सही प्रतिभागियों का चयन करना चुनौतीपूर्ण बनता जा रहा है। इन्हीं टॉप कंटेस्टेंट्स में पश्चिम बंगाल की रेनबो क्रू ने अपनी अलग पहचान बनाई है। यह समूह वर्षों से भारतीय पौराणिक कथाओं को नृत्य के माध्यम से जीवंत रूप में प्रस्तुत करता रहा है। सीमित संसाधनों के बावजूद कठिन अभ्यास और सांस्कृतिक आस्था के बल पर टीम ने दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाई है। सेमिफिनाले में रेनबो क्रू ने भगवान विष्णु के कल्कि अवतार पर आधारित भावनात्मक और प्रभावशाली प्रस्तुति दी। नृत्य, संगीत, अभिव्यक्ति और मंच संयोजन के माध्यम से अधर्म के अंत और धर्म की पुनर्स्थापना की कथा को सजीव रूप दिया गया। यह प्रस्तुति केवल एक डांस एक्ट नहीं, बल्कि संस्कृति, समर्पण और विश्वास की कहानी बनकर उभरी, जिसने दर्शकों और निर्णायकों दोनों को गहराई से प्रभावित किया। शो का प्रसारण सोमवार से शनिवार, रात 8 बजे, सोनी पल पर हो रहा है।

# जादवपुर में इलाज कराने गए व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, जांच में जुटी पुलिस



**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के जादवपुर थाना अंतर्गत देशबंधु रोड इलाके में इलाज कराने गए एक व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान मंदरमणि निवासी तपन दास (63) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, वह मंगलवार को आंख के इलाज के लिए अपने रिश्तेदार अरुण नायक के घर पहुंचे थे। परिजनों के अनुसार, तपन दास की आंख की सर्जरी हुई थी और इसी सिलसिले में वह दोबारा इलाज कराने जादवपुर गए थे। डॉक्टर को दिखाने के बाद रात में उन्होंने परिवार के साथ खाना खाया और फिर मकान की तीसरी मंजिल पर स्थित एक कमरे में सोने चले गए। रात करीब एक बजे अचानक जोरदार आवाज सुनाई दी। आवाज सुनकर परिजन और आसपास के लोग बाहर निकले तो देखा कि तपन दास रक्तरंजित हालत में मकान के नीचे पड़े हुए हैं। यह घटना कैसे हुई, इस बारे में किसी को कुछ समझ में नहीं आ सका। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाने की व्यवस्था की गई, लेकिन अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिजनों का कहना है कि तपन दास की आंखों में समस्या थी। संभव है कि उसी कारण उनका संतुलन बिगड़ा हो और वह छत से नीचे गिर गए हों। सूचना पाकर जादवपुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों तथा उस परिवार के सदस्यों से पूछताछ शुरू की, जिनके घर तपन दास ठहरे हुए थे। पुलिस ने इस मामले में अस्वाभाविक मौत का केस दर्ज किया है। यह हादसा था, आत्महत्या थी या इसके पीछे कोई अन्य कारण है-इन सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। परिवार के एक सदस्य ने बताया कि आवाज बहुत तेज थी, रात करीब एक बजे मेरी नींद टूट गई। तुरंत बेटे को बुलाया। समझ नहीं आ रहा कि ऐसा कैसे हुआ, छत पर तो पक्की रेलिंग भी है। शायद अचानक चक्कर आ गया हो।

# दत्ताबाद स्वर्ण व्यवसायी हत्याकांड में पुलिस ने दाखिल की चार्जशीट

## निलंबित बीडीओ प्रशांत बर्मन का नाम नहीं




**कोलकाता, समाज्ञा :** सॉल्टलेक के दत्ताबाद इलाके में स्वर्ण व्यवसायी स्वप्न कामिल्या के अपहरण और हत्या मामले में पुलिस ने चार्जशीट दाखिल कर दी है। हालांकि, इस चार्जशीट में राजगंज के हटाए गए बीडीओ प्रशांत बर्मन का नाम शामिल नहीं होने से नया विवाद खड़ा हो गया है। मामले को लेकर पुलिस की भूमिका पर भी सवाल उठने लगे हैं। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में प्रशांत बर्मन को आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया था और 23 जनवरी तक सरेंडर करने को कहा था। लेकिन आदेश के बाद से ही वह लापता बताए जा रहे हैं और पुलिस का कहना है कि उनका पता नहीं चल पा रहा है। बुधवार को विधाननगर कमिश्नरेट ने इस मामले में निचली अदालत में चार्जशीट दाखिल की, जिसे 6 तारीख को बारासात अदालत में पेश किया जाएगा। पुलिस सूत्रों के अनुसार, चार्जशीट में पांच आरोपियों के नाम शामिल हैं, लेकिन प्रशांत बर्मन का नाम नहीं है। इसे लेकर यह सवाल उठ रहा है कि एफआईआर में नाम होने के बावजूद चार्जशीट से उनका नाम क्यों हटाया गया और क्या अब भी वे परोक्ष रूप से प्रभाव डाल रहे हैं।

# स्मरण शक्ति बढ़ाने और बुद्धि तेज करने के उपाय

सिद्धार्थ शंकर




मानव शरीर असीम रहस्यों का भण्डार है। मनुष्य का मस्तिष्क भगवान द्वारा दिया हुआ सबसे महत्त्वपूर्ण धन और अंश है। यह सुपर कंप्यूटर है जो सारे शरीर की सूक्ष्म से सूक्ष्म नाड़ियों को व्यवस्थित रूप से संचालित करता है।

इसकी कार्यशीलता पर ही सफलता और असफलता निर्भर करती है। साधारणतः मस्तिष्क का केवल तीन से सात प्रतिशत भाग ही सक्रिय हो पाता है। शेष सुप्त रहता है जिसमें असीम ज्ञान छिपा रहता है।

ऐसी विलक्षण शक्ति को जाग्रत करने के कुछ उपाय यहां प्रस्तुत किए जा रहे हैं।

- दोनों कानों के नीचे के भाग को अँगूठे और उँगलियों से दबा कर नीचे की ओर खींचें। पूरे कान को ऊपर से नीचे करते हुए मरोड़ें। सुबह चार-पांच मिनट और दिन में जब भी समय मिले, कान के नीचे के भाग को खींचें।
- सिर व गरदन के पीछे बीच में मेडुसा नाड़ी होती है। इस पर उँगली से तीन-चार मिनट मालिश करें। इससे एकाग्रता बढ़ती है और पढ़ा हुआ याद रहता है।
- **ज्ञान मुद्रा –** प्रातः उठ कर पदमासन या सुखासन में बैठकर हाथों की तर्जनी उँगली के अग्र भाग को अँगूठे से मिलाकर रखने से ज्ञान मुद्रा बनती है।
- शेष उँगलियाँ सहज रूप से सीधी रखें, आँखें बंद और कमर व रीढ़ सीधी, यह अत्यंत महत्त्वपूर्ण मुद्रा है। इसका हितकारी प्रभाव समस्त वायुमंडल और मस्तिष्क पर पड़ता है।
- ज्ञानमुद्रा पूरे स्नायुमंडल को सशक्त बनाती है। विशेषकर मानसिक तनाव से होने वाले दुष्प्रभावों को दूर कर मस्तिष्क के ज्ञान तंतुओं को सबल बनाती है। ज्ञान मुद्रा के निरंतर अभ्यास से मस्तिष्क की सभी विकृतियां और रोग दूर होते हैं जैसे पागलपन, उन्माद, विक्षिप्तता, चिड़चिड़ापन, अस्थिरता, अनिश्चितता, क्रोध, आलस्य, घबराहट, अनमनापन, व्याकुलता, भय आदि।
- मन शांत हो जाता है और चेहरे पर प्रसन्नता झलकती है। ज्ञानमुद्रा विद्यार्थियों के लिए वरदान है। इसके अभ्यास से स्मरण शक्ति और बुद्धि तेज होती है।
- अकारण उँगलियों को चटकाना, पंजा लड़ाना और उँगलियों को अनुचित रूप से चलाना आदि आदतें मस्तिष्क और स्नायुमंडल पर बुरा प्रभाव डालती हैं। इससे प्राण शक्ति का ह्रास होता है और स्मरण शक्ति कमजोर होती है, अतः इनसे बचना चाहिए।
- देशी गाय के शुद्ध घी में एक बादाम कुचल कर डाल दें और उसे गरम करके ठंडा कर लें। तत्पश्चात् छान कर रख लें। रात को सोते समय यह घी दो - दो बूंद दोनों नासिका के छिद्रों में थोड़ा गुनगुना करके डालें।
- घी ड्रापर वाली शीशी में रख लें। डालने से पहले ड्रापर की शीशी गरम पानी में रखें और फिर गरम होने पर नाक में डालें।
- यही घी नाभि में डालकर चार-पाँच बार घड़ी की दिशा में और चार-पाँच बार घड़ी की विपरीत दिशा में घुमाएं। फिर उस पर गीले कपड़े की पट्टी रखें। ऐसा करीब दस पन्द्रह मिनट करें। दक्षिण दिशा में सिर रखकर सोएँ।
- सोते वक्त दोनों की पैरों की पदतलियों में अपने हाथ से घी से मालिश करें। इससे नींद अच्छी आती है, मस्तिष्क में शांति, प्रसन्नता और सक्रियता आती है और मनोबल बढ़ता है।
- चार-पाँच बादाम की गिरी पीसकर गाय के दूध और मिश्री में मिलाकर पीने से मानसिक शक्ति बढ़ती है। आयुर्वेद के अनुसार ब्राह्मी, शंखपुष्पी, वच, असगंध, जटामांसी, तुलसी समान मात्रा में लेकर चूर्ण का प्रयोग नित्य प्रति दूध के साथ करने पर मानसिक शक्ति, स्मरण शक्ति में वृद्धि होती है।
- उत्तर दिशा में मुँह करके पिरामिड की आकृति की टोपी पहनकर पढ़ाई करने से पढ़ा हुआ बहुत शीघ्र याद होता है। टोपी कागज, गत्ता या मोटे कपड़े की बनाई जा सकती है।
- पढ़ाई में सफलता प्राप्त करने हेतु मन लगाकर पढ़ना, रूचिपूर्वक पढ़ना अत्यंत आवश्यक है। असफलता का अर्थ है कि सफलता का प्रयास पूरे मन से नहीं किया गया।
- रात्रि को सोते समय अपने दिन भर के किए हुए कार्यों पर चिंतन-मनन करना, उनकी समीक्षा करना, गलतियों के प्रति खेद व्यक्त करना और उन्हें पुनः न दोहराने का संकल्प लेना चाहिए। प्रातः सोकर जागते समय ईश्वर को नया जन्म देने हेतु धन्यवाद देना चाहिए और पूरा दिन अच्छे कार्यों में व्यतीत करने का संकल्प लेकर पूरे दिन की योजना बनाकर बिस्तर छोड़ना चाहिए। (स्वा. द.)

## सेहत की खबरें

### खुले कार्यालय बेहतर हैं छोटे केबिन से

आजकल स्थान बहुत कीमती है और छोटे छोटे स्थान पर केबिन का रूप देकर कार्यालय खोल दिए जाते हैं पर एक शोध में पाया गया है कि ऐसे छोटे-छोटे केबिन कार्यालय में कार्य करने वाले लोगों के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकते हैं क्योंकि ऐसे स्थान पर कार्य करने से कर्मचारियों का तनाव बढ़ता है जबकि बड़े कार्यालय में काम करने से उत्पादकता और आत्मविश्वास में वृद्धि पाई गई। खुले कार्यस्थल में काम करने से कर्मचारी एक दूसरे की मनोभावनाओं को बेहतर समझ पाते हैं जिससे तनाव कम होता हैं।

### अवसाद बढ़ाता है आस्टियोपोरोसिस

जो लोग अवसाद से अधिक पीड़ित रहते हैं उनमें हड्डियों की बीमारी आस्टियोप-रोसिस की संभावना अधिक होती है। अमरीका के नेशनल इंस्टीट्यूट आफ मेंटल हैल्थ ने 21 वर्ष से 45 वर्ष के लोगों पर एक शोध किया। इस शोध में उन्होंने पाया कि अवसाद हमारे शरीर की हड्डियों को भी प्रभावित करता है। अभी वे इसके कारणों को तलाश रहे हैं।

उनका विचार है कि शायद अवसादग्रस्त लोगों में हारमोन कार्टिसोल की मात्रा अधिक हो जाती है जिससे हड्डियों में ह्रास होता है। अवसाद से एस्ट्रोजन हारमोन की मात्रा भी कम हो जाती है जिससे महिलाओं की हड्डियां कमजोर हो जाती हैं। शोधकर्ताओं का कहना है कि ऐसा नहीं है कि जिन्हें अवसाद है, उन्हें आस्टियोप-रोसिस होगा ही। अवसादग्रस्त महिलाओं को कुछ सावधानियां अवश्य बरतनी चाहिए। उन्हें कैल्शियम की अतिरिक्त मात्रा लेनी चाहिए और सक्रिय जीवन शैली बिताने का प्रयास करना चाहिए।

### रेशेदार खाद्य पदार्थ रखते हैं दांतों को सफेद

बहुत से लोगों में यह समस्या रहती है कि नियमित सफाई करने के बावजूद उनके दांत सफेद नहीं रहते। उनमें पीलापन आ ही जाता है। आइए देखें यह पीलापन क्यों आता है?

ऐसा कोई भी खाद्य पदार्थ जो हमारे सफेद रूमाल पर दाग डाल दे, हमारे दांतों पर भी दाग डाल सकता है जैसे चाय, कॉफी, कोला, फ्रूट जूस व कई प्रकार के फल जिनमें रंगीन गूदा होता है। यदि आप दिन में दो बार सेब, अमरूद, नाशपाती, गाजर, गन्ना या खीरे जैसे हलके सख्त फल खायें तो इनमें उपस्थित रेशा हमारे दांतों को साफ करता है और कीटाणुओं को हटा देता है। अतः अपने दांतों की सुरक्षा के लिए गहरे रंग के खाद्य पदार्थ कम खायें और रेशेदार पदार्थ अधिक खाएं।

### गाजर बचाती है कैंसर से

इंटरनेशनल जरनल ऑफ कैंसर में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार जो महिलाएं सप्ताह में पांच दिन कम से कम चार गाजर रोज़ खाती हैं, उन्हें ओवरी कैंसर होने का खतरा आधा रह जाता है। अध्ययन ने इसका श्रेय बेटा केरोटिन को दिया है क्योंकि गाजर में बैटा केरोटिन की काफी मात्रा होती है जो कैंसर रोधी माना जाता है। गाजर के अतिरिक्त एपरीकाट, शकरकंदी, खरबूजा व सीताफल में भी बैटा केरोटिन की अच्छी मात्रा होती है।

### सेहत के लिए हंसना ही नहीं, रोना भी जरूरी हो जाता है

जो बच्चा जन्मते ही नहीं रोये तो उसका बचना मुश्किल हो जाता है। उसको कैसे भी रूलाने का प्रयत्न करना पड़ता है। किसी प्रियजन की मृत्यु पर बेटा-पत्नी रोयें नहीं और गुमसुम होकर बैठ जायें तो सबको चिंता हो जाती है कि कहीं ये पागल नहीं हो जायें। शायद इसीलिए किसी की मृत्यु पर परिवार की महिलाएं जोर से रोती हैं ताकि रोकर दुख से अपने आपको हल्का महसूस कर लें।

**आंसू को मत रोको:-**

सेहत के लिए रोना भी बहुत आवश्यक है। आंसुओं के बहने से ह्रदय की पीड़ा, गर्दन का अकड़ना और जुकाम दूर हो जाता है। आंसुओं को रोकना नहीं चाहिए। उनके द्वारा अनेक अशुद्ध पदार्थ शरीर से बाहर निकल जाते हैं। आंसू एकत्र धूल कणों को हटाकर आंख को सुरक्षा प्रदान करते हैं। बच्चों को रोने से बाहरी प्राण वायु मिलती है। आंसू तनाव मुक्ति का सबसे आसान तरीका है। आंसुओं को रोकने से दिल और दिमाग बोझ से फटने लगते हैं।

**महिलाओं की औसत आयु पुरूषों से अधिक होती है:-**

महिलाएं तनावग्रस्त कम रहती हैं-किसी भी तनाव की घड़ी में उनके आंसू निकल पड़ते हैं-इसीलिए महिलाओं को ह्रदयरोग भी कम होते हैं।

रोने से संपूर्ण शरीर प्रभावित होता है। रोने के लिए कुछ पैसे भी खर्च नहीं होते। हंसने हंसाने के लिए बहुत से मनोरंजन का सहारा लेना पड़ता है। दिल का गुबार निकालने से मन हल्का होता है। कहते हैं-ये खुशी के आंसू हैं लेकिन आंसू खुशी में भी आते हैं तो फिर रोने में हिचकिचाहट कैसी? जब दुल्हन की विदाई होती है और बेटी भाई बहन मां से गले मिलती है तो सब रोने लगते हैं।

विदाई का गीत भी बहुत रूलाने वाला होता है। सभी के आंसू आ जाते हैं। कहते हैं हंसोगे तो जगत हंसेगा लेकिन रोने वाले के साथ कोई नहीं रोयेगा। फिर भी जिसको चोट लगती है, वो तो रोयेगा और गम गलत करेगा। (स्वा.द.)

### स्वास्थ्यवर्धक है गाजर

गाजर स्वास्थ्य के लिए काफी लाभकारी फल है। यह फल जाड़े के मौसम में उगाया जाता है। विटामिनयुक्त काली गाजर उत्तम कोटि का स्वास्थ्यवर्धक फल है।

गाजर में कफ, कृमि, दाह-प्यास व पित्त दूर करने की अद्भुत क्षमता है। इसमें गाय-भैंस व बकरी के ताजा दूध की अपेक्षा 20 गुना विटामिन ए की मात्रा मौजूद रहती है। गहरे लाल रंग की गाजर में पीली नस्ल की गाजर की अपेक्षा 15 गुना विटामिन ए पाया जाता है। शरीर में रक्त के लिए अनिवार्य तत्व लोहे की मात्रा गहरे लाल रंग के गाजर में पर्याप्त मात्रा में पायी जाती है।

गाजर का रस कैंसर, आंखों की मोतियाबिंद जैसी घातक बीमारियों में काफी लाभप्रद सिद्ध हुआ है। गाजर के बीज उद्दीपक एवं स्नायविक दुर्बलता को दूर करने में सक्षम है। गाजर के बीजों का चूर्ण बनाकर गाय के दूध व शहद के साथ लेने से तथा नियमित सेवन से नपुंसकता, समय से पूर्व स्खलन, मासिक धर्म की कमी, अपच एवं जलोदर जैसी बीमारियों से राहत मिलती है।

एक गिलास गाजर का रस, 20 मिली. आंवला रस, 2 चम्मच शहद एवं बादाम 10 गिरी का योग प्रतिदिन सेवन करने से मस्तिष्क का विकास, स्मरणशक्ति में वृद्धि के साथ-साथ श्वांस रोग, यक्ष्मा, पेप्टिक अल्सर, मूत्रानली की पथरी, दमा, रतौंधी एवं नाड़ी विकार जैसे रोगों में लाभ पहुंचता है।

कच्ची गाजर को चबा-चबाकर खाने से कब्ज दूर होती है, पेशाब खुलकर होता है एवं मुंह की दुर्गन्ध दूर होती है। (स्वास्थ्य दर्पण)

# मधुमेह का होम्योपैथिक उपचार

डा. रुप कुमार बनर्जी




मधुमेह एक ऐसी बीमारी है जिसके परिणामस्वरूप रक्त प्रवाह में अत्यधिक मात्रा में ग्लूकोज होता है। यह एक मेटाबोलिक विकार है, जो लगातार पेशाब, प्यास और भूख में वृद्धि जैसे विभिन्न लक्षणों से पता लगता है। मधुमेह मुख्य रूप से दो प्रकार के होते हैं:-

**टाइप 1** (शरीर में पैनक्रियास द्वारा इंसुलिन के कम स्राव द्वारा चिह्नित)

**टाइप 2** (इंसुलिन के लिए शरीर की कम संवेदनशीलता या इंसुलिन के प्रतिरोध में वृद्धि के कारण)।

रक्त प्रवाह में ग्लूकोज की उच्च मात्रा के दुष्प्रभावों में लगातार पेशाब, प्यास में वृद्धि और भूख बढ़ती है। इलाज न किए जाने के मौके पर मधुमेह कई जटिल परिस्थितियों को ला सकता है जैसे कि किडनी (नेफ्रोपैथी) को नुकसान, नसों (न्यूरोपैथी) को नुकसान, आंखों को नुकसान और अन्य गंभीर ह्रदय संबंधी विकार।

**होम्योपैथी–** बीमारी की जटिलताओं को रोकने के लिए मधुमेह के उपचार का मुख्य लक्ष्य ब्लड शुगर का स्तर नियंत्रित करना है। परंपरागत दवा अक्सर मधुमेह के इलाज में इंसुलिन का उपयोग करती है । चूंकि यह प्रतिस्थापन है, इसलिए मधुमेह एक जीवनभर के लिए बीमारी बन जाती है। होम्योपैथी उपचार प्रभावी ढंग से इस्तेमाल किया जा सकता है

होम्योपैथी द्वारा इंसुलिन उत्पादन में पैनक्रियास के कामकाज का उपयोग एवम् रोगों के सभी चरणों के उपचार को प्रभावी ढंग से किया जाता है।

होम्योपैथिक चिकित्सक रक्त शुगर के मधुमेह प्रबंधन की दिशा में विभिन्न दृष्टिकोणों का सहारा लेते हैं। सबसे पहले जिन मरीजों के ब्लड शुगर का स्तर बहुत अधिक होता है, वे प्राथमिकता से इसको नियंत्रित करने की कोशिश करते है। होम्योपैथिक उपचार शुगर का लेवेल कम करता है।

ब्लड शुगर के स्तर और रोगी की आवश्यकता के आधार पर डाक्टर के परामर्श से खुराक दी जाती है।यह रोगी की मानसिक, भावनात्मक और शारीरिक विशिष्टताओं को ध्यान में रखते हुए दिया जाता है जिससे मधुमेह में शामिल विभिन्न प्रणालियों जैसे पैनक्रिया, हार्मोन, और प्रतिरक्षा प्रणाली को संतुलित करने में भी होता है।

होम्योपैथी स्वास्थ्य की जीवन शक्ति को संतुलित करने के लिए भी जानी जाती है। इसके लिए अपने चिकित्सक के नियमित संपर्क में रहे और उनके सुझावों का पालन करें।

– प्रस्तुति: विनय कुमार (स्वा. द.)

# नृत्य से भी होता है स्वास्थ्य को लाभ

सपना जैन

संगीत सुनना किसको अच्छा नहीं लगता। यही संगीत यदि मधुर हो तो हर व्यक्ति के दिल के साथ-साथ उसके पांव भी थिरकने लग जाते हैं। वैसे अपने पांव थिरकाने के लिए केवल मधुर संगीत की आवश्यकता नहीं है। कभी-कभी व्यक्ति जब बहुत प्रसन्न होता है तो उसके पांव बगैर संगीत के भी उठ जाते हैं और क्यों न हो, नृत्य अपने आप में इतना विशिष्ट होता है कि वह केवल संगीत पर आश्रित नहीं होता। उसमें व्यक्ति के मन के भाव उभर कर सामने आते हैं।

नृत्य तो बहुत लोग करते हैं लेकिन नृत्य करने के क्या फायदे होते हैं, यह बहुत कम लोग ही जानते हैं। आज हम आपको नृत्य करने के पांच फायदे बताने जा रहे हैं जो इस प्रकार हैं-

**1. अपने भाव व्यक्त करना:-**

अगर आप शर्मीले हैं तो केवल नृत्य ही है जो आपके शर्मीलेपन को दूर कर सकता है। नृत्य से आप अपने भावों को दूसरों के सामने ला सकते हैं। सरलता से अपनी बातें दूसरों से कहने का सबसे अच्छा तरीका नृत्य ही है।

**2. खुद को फिट रखें-**

नृत्य का दूसरा तथा सबसे बढ़िया फायदा यह है कि नृत्य से आपका व्यायाम हो जाता है और आप फिट रहते हैं तथा रक्त संचार में वृद्धि होती है। एक हफ्ते में कम से कम तीन बार नृत्य करने से आप बिलकुल फिट रहेंगे।

**3. ध्यान आकर्षित करना:-**

नृत्य द्वारा आप दूसरों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर सकते हैं। नृत्य कला से आप अनेक लोगों के बीच अपनी प्रमुखता का एहसास करा सकते हैं और सबके बीच अपनी खास पहचान बना सकते हैं।



**4. एकाग्रता बढ़ाना:-**

नृत्य करने से आपकी एकाग्रता बढ़ती है तथा आप अनुशासित व्यक्ति बन जाते हैं। इसके साथ-साथ बार-बार नृत्य का अभ्यास करने से आत्मविश्वास भी बढ़ता है।

**5. तीव्र स्मरण शक्ति:-**

कई लोगों का यह मानना है कि नृत्य से व्यक्ति की स्मरण शक्ति तीव्र होती है। नृत्य करने से आपका रक्त संचार बढ़ता है जिससे आपके शरीर के साथ-साथ आपके दिमाग पर भी असर होता है और स्मरण शक्ति बढ़ती है।

हम जानते हैं कि कहना आसान होता है लेकिन करना मुश्किल, लेकिन आप कभी खुद आजमाइये कि जब आप थोड़े उदास हों, अपना मन बदलने के लिए नृत्य करके देखिए। आप पाएंगे कि आपका मन फौरन ही बदल जाएगा।

नृत्य एक ऐसी कला है जिसे कुछ लोग केवल अपने मनोरंजन के लिए करते हैं क्योंकि वे इसके फायदे नहीं जानते लेकिन यदि वास्तव में देखा जाए तो नृत्य केवल मनोरंजन का साधन ही नहीं है अपितु इसमें तो वह गहराई है जिससे सब आकर्षित होते हैं। इसलिए हमें भी इसे मात्रा मनोरंजन न समझते हुए इसकी गहराई को समझकर ही इसे अपनाना चाहिए। (स्वा.द.)



# त्वचा की चमक के लिए पिएं जूस

नीतू गुप्ता

हैल्दी रहने के लिए फलों के सेवन पर जोर दिया जाता है। ताजे मौसमी फल शरीर को भरपूर विटामिंस देते हैं और रेशा भी। जूस विटामिंस तो भरपूर देते हैं पर इसमें फाइबर की कमी होती है।

बूढ़े, बच्चे और कमजोर लोगों को जूस पीने के लिए डाक्टर सलाह देते हैं, क्योंकि तुरंत एनर्जी की आवश्यकता होती है उन्हें। बूढे.लोग बहुत से फल दांतों के कमजोर होने या बनावटी होने के कारण खा नहीं सकते। छोटे बच्चे भी फल नहीं खा सकते।

त्वचा की चमक को बरकरार रखना चाहते हैं तो ताजे फलों का जूस आपको पूरा लाभ पहुंचाएगा। अगर आप अपनी त्वचा की टाइप समझते हैं तो उसके अनुरूप फलों का जूस लें तो लाभ पूरा उठा सकते हैं।

**खुश्क और झुर्रियों वाली त्वचा के लिए**

खुश्क त्वचा पर झुर्रियां जल्दी आती हैं। इस बारे में अधिकतर लोग जानते हैं। त्वचा की खुश्की को दूर करने के लिए पिएं गाजर का जूस। गाजर में विटामिन 'ए' की भरपूर मात्रा होती है जो त्वचा की खुश्की को दूर करती है और त्वचा पर झुर्रियां भी नहीं पड़ती। गाजर में एंटी-ऑक्सीडेंटस होने के कारण त्वचा की मांसपेशियों को मजबूती प्रदान होती है और उम्र के साथ त्वचा में बढ़ते पिग्मेंटेशन को रोकने में भी कारगर है। खुश्क त्वचा के लिए विटामिन 'ए' बेहद जरूरी है।

**नाजुक त्वचा के लिए**

जिन लोगों की त्वचा बहुत नाजुक होती है जो न अधिक सर्दी, न अधिक गर्मी बर्दाश्त कर पाती है, उन्हें लेमन जूस शहद के साथ लेना चाहिए। इससे लिवर की डिटॉक्सीफाई होता है और त्वचा पर चमक बनी रहती है। प्रातः एक गिलास कुनकुने पानी में आधा या एक नींबू का रस एक चम्मच शहद मिलाकर नियमित पिएं। इससे आपका रंग भी साफ होगा। आप चाहें तो लेमन जूस में शहद मिलाकर चेहरे की त्वचा पर भी लगा सकते हैं और 15 से 20 मिनट बाद चेहरा धो लें। त्वचा में चमक बनी रहेगी।

**तैलीय त्वचा के लिए**


त्वचा तैलीय है तो एक्ने होंगे ही। तैलीय त्वचा के लिए टमाटर का जूस पीना लाभप्रद है। टमाटर का जूस एक्ने को खत्म कर देगा और अल्ट्रा वायलेट रेंज से भी त्वचा को सुरक्षित रखेगा। टमाटर में लाइकोपीन होने के कारण शरीर की सफाई भी हो जाती है। अगर अंदरूनी रूप से शरीर साफ रहेगा तो त्वचा में चमक बरकरार रहेगी।

**दाग धब्बे वाली त्वचा के लिए**

त्वचा अगर साधारण या थोड़ी ड्राई है पर उस पर दाग धब्बे होने से आप परेशान हैं तो खीरे का जूस बहुत लाभप्रद है। गर्मियों में खीरे का जूस कूल भी रखता है और त्वचा में जल की कमी पर नियंत्राण भी रखता है। खीरे के जूस के साथ एलोवेरा का जूस भी फायदेमंद है। एलोवेरा में तो बहुत से औषधीय गुण भी होते हैं। एलोवेरा के जूस से भी त्वचा में प्राकृतिक नमी बनी रहती है और त्वचा सेल्स की टूट फूट की मरम्मत भी होती रहती है। (स्वा.द.)

# मांसपेशियों एवं फेफड़ों को शक्ति प्रदान करता है प्राणायाम

आनन्द कुमार अनन्त



प्राणायाम एक ऐसी क्रिया है जिससे न सिर्फ प्राणवायु की अधिकतम आपूर्ति हमारे अंगों को होती है वरन् आंतरिक अंगों का भलीभांति व्यायाम भी हो जाता है। इस प्रकार स्वास्थ्य की दृष्टि से प्राणायाम उपयोगी तो है, इससे आत्मोन्नति भी संभव है।

प्राणायाम करते समय डायफ्राम और पेट की मांसपेशियां बारी-बारी से खूब सिकुड़ती और फैलती हैं जिससे पाकोपयोगी अंगों का अच्छी तरह व्यायाम हो जाता है। जिन्हें अग्निमांद्य एवं कोष्ठबद्धता की शिकायत रहती है, उनमें से अधिकांश लोगों के यकृत में रक्त जमा रहता है, फलतः उसकी क्रिया दोषयुक्त होती है। इस रक्त संचय को हटाने के लिए प्राणायाम एक साधन है।

तंत्रिका तंत्र, ग्रंथि तंत्र, श्वसन तंत्र, रक्त परिसंचरण तंत्र एवं पाचन तंत्र आदि मानव शरीर के अंदर काम करने वाली भिन्न-भिन्न प्रणालियां हैं। इन सभी पर प्राणायाम का गहरा प्रभाव पड़ता है। मल विसर्जन वाले अंगों में आतें, गुर्दे एवं फेफड़े भी प्राणायाम करने से कार्य सक्षमता को प्राप्त करते हैं। श्वसन क्रिया ठीक तरह चलती रहे, इसके लिए श्वासोपयोगी मांसपेशियों के सुदृढ़ होने और फेफड़ों के लचकदार होने की आवश्यकता है।

शारीरिक दृष्टि से प्राणायाम द्वारा इन मांसपेशियों और फेफड़ों का संस्कार होता है और कार्बन डाई ऑक्साइड गैस का भली भांति निष्कासन हो जाता है। आहार का परिपाक करने वाले और रस बनाने वाले अंगों पर भी प्राणायाम का अनुकूल असर पड़ता है। अन्न के परिपाक में आमाशय, उसके पृष्ठ भाग में स्थित पैंक्रियाज और यकृत मुख्य रूप से कार्य करते हैं। प्राणायाम में इन सबकी कसरत होती है।

किसी भी मनुष्य के स्वास्थ्य के लिए यह अत्यंत आवश्यक है कि उसकी नाड़ियों में प्रवाहित होने वाले रक्त को प्रचुर मात्रा में आक्सीजन मिलती रहे। योगशास्त्रा में बताई गई पद्धति के अनुसार प्राणायाम करने से रक्त को जितनी अधिक ऑक्सीजन मिलती है, उतनी अन्य किसी भी व्यायाम से नहीं मिलती। इसका कारण यह नहीं कि प्राणायाम करते समय व्यक्ति बहुत-सी ऑक्सीजन निगल लेता है बल्कि यह है कि उसके श्वास-ोपयोगी अंग समूह की अच्छी कसरत हो जाती है।

जो लोग अपनी श्वसन क्रिया को ठीक करने के लिए किसी प्रकार का अभ्यास नहीं करते, वे अपने फेफड़ों के कुछ अंशों से ही सांस लेते हैं, शेष भाग निकम्मा पड़ा रहता है। इस प्रकार निष्क्रिय रहने वाले अंश अधिकतर फेफड़ों के अग्र भाग होते हैं। इनमें वायु का संचार अच्छी तरह नहीं होता, फलतः टी. बी. के जीवाणु वहां आश्रय पाकर बढ़ने लगते हैं।

यदि प्राणायाम द्वारा फेफड़ों के हर भाग से काम लिया जाने लगे और उसका प्रत्येक कोष्ठक दिन में कई-कई बार शुद्ध हवा से धुल जाया करे तो फिर इन जीवाणुओं का आक्रमण असंभव हो जाएगा और स्वास्थ्य संबंधी इन रोगों से बचा जा सकता है।

प्राणायाम से पाक, श्वसन एवं मलोपयोगी अंगों की क्रिया ठीक होने से रक्त अच्छा बना रहता है। यही रक्त शरीर के समस्त अवयवों में पहुंचता है। यह कार्य रक्तवाहक अंगों का विशेषकर ह्रदय का है। रक्त संचार से संबंध रखने वाला प्रधान अंग ह्रदय है और प्राणायाम द्वारा उसके अधिक स्वस्थ हो जाने से समस्त रक्तवाहक अंग अच्छी तरह काम करने लगते हैं।

प्राणायाम से मस्तिष्क और मेरूदण्ड को भी बल मिलता है। शरीर विज्ञानी इस विषय पर एक मत हैं कि सांस लेते समय मस्तिष्क में से दूषित रक्त प्रवाहित होता है और शुद्ध रक्त उसमें संचारित होता है। अगर सांस गहरी हो तो दूषित रक्त एक साथ बह निकलता है और ह्रदय से जो शुद्ध खून वहां आता है, वह और भी परिशुद्ध होता है। प्राणायाम का यह विधान है कि सांस गहरी से गहरी ली जाय। इसका परिणाम यह होता है कि मस्तिष्क से सारा दूषित खून बह जाता है और ह्रदय का शुद्ध रक्त उसे अधिक मात्रा में मिलता है।

प्राणायाम से शरीर के विभिन्न हिस्सों और अवयवों पर दबाव पड़ता है। दबाव से उस क्षेत्रा का रक्त संचार बढ़ जाता है। खून के दौरे सुव्यवस्थित हो जाने से उन अंगों का स्वास्थ्य भी प्रभावित होता है। इसी के साथ व्यक्ति धीरे-धीरे आत्मविकास करते हुए अंततः चरम लक्ष्य तक पहुंचता है। प्राणायाम एक हानिरहित योगाभ्यास ही नहीं है बल्कि यह फेफड़ों को संस्कारित भी करता है। (स्वा.द.)

# तेज खर्राटों से भी पड़ते हैं दिल के दौरे

दुर्गा प्रसाद शुक्ल



तेज-तेज खर्राटे भरना और दिन के समय सोना भी एक बीमारी है और खासकर 45 साल से कम उम्र के लोग अगर इसके आदी हो जायें तो उन्हें सोते समय कई बार सांस रूक जाने का रोग लग सकता है और आने वाले समय में उन्हें उच्च रक्तचाप और ह्रदय संबंधी आघातों का सामना करना पड़ सकता है।

फिलाडेलफिया के हर्शे शहर में एक मेडिकल कालेज के शोधकर्ताओं ने अपने पांच साल के शोध में यह निष्कर्ष निकालते हुए पूर्व की तमाम धारणाओं को चुनौती दी है जिसमें अभी तक यह माना जाता था कि सांस में रूकावट आने की बीमारी केवल वृद्धों को ही होती है।

शोधकर्ताओं ने 4365 पुरूषों से फोन पर सम्पर्क किया और उनमें से ऐसे 750 लोगों को परीक्षण के लिए चुना जो खर्राटे लेने और दिन के समय सोते रहने की आदत से पीड़ित थे। शोधकर्ताओं के अनुसार सांस में रूकावट की बीमारी से पीड़ित जितने भी रोगी पाये गये, वे सभी युवा वर्ग के ही थे अर्थात् 45 साल की आयु से कम उम्र के थे।

इन सभी लोगों में आक्सीजन ग्रहण करने की क्षमता काफी निम्न स्तर की थी अर्थात् सोने के बाद वे पर्याप्त मात्रा में आक्सीजन नहीं ले पाते थे। शोधकर्ताओं ने इस वजह से इन लोगों में उच्च रक्तचाप और ह्रदय पर जोर पड़ने के खतरे की प्रबल संभावना जाहिर की है। उनके अनुसार ऐसे लोगों का इलाज होना अविलम्ब जरूरी है।

शोधकर्ताओं ने बताया कि ऐसे रोगी प्रत्येक रात को कई बार सोते हुए सांस नहीं ले पाते हैं। अमेरिका में 18 लाख और भारत में करीब तीन लाख लोग इस महारोग से पीड़ित हैं।

उल्लेखनीय है कि इस रोग में रोगी कम से कम 20 सेकेंड तक सांस नहीं ले पाता और सोने के प्रत्येक एक घण्टे में वह कई बार सांस न ले पाने की शिकायत करता है। सांस रूकने के बाद वह फिर जब सांस लेता है तो तेज खर्राटों की आवाजें आती हैं। एक महत्त्वपूर्ण सर्वेक्षण के अनुसार सांस में रूकावट आने के कारण हुए ह्रदय पर आघातों से प्रत्येक साल करीब 50 हजार लोगों की असमय मृत्यु हो जाती है।

चिकित्सकों की सलाह है कि इस तरह के रोगों से ग्रस्त व्यक्ति को दिन में नहीं सोना चाहिए तथा प्रत्येक सुबह तड़के उठकर करीब आधा किलोमीटर की दौड़ खुले एवं स्वच्छ वातावरण में लगानी चाहिए, साथ ही साथ खाने की चीजों में कार्बोहाइड्रेट, वसा एवं अधिक प्रोटीनयुक्त भोजन से परहेज करने के साथ में चाय-और काफी से जहां तक संभव हो सके, बचना चाहिए। (स्वा.द.)

# विपक्ष के हंगामे के कारण लोकसभा की बैठक दिनभर के लिए स्थगित

## राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव की चर्चा नहीं हो सकी

### राहुल गांधी को मुद्दा उठाने की अनुमति न मिलने पर विपक्ष का विरोध



**नयी दिल्ली :** विपक्षी सदस्यों के लगातार हंगामे के कारण बुधवार को लोकसभा की कार्यवाही तीन बार के स्थगन के बाद शाम पांच बजे दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। सदन में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को पूर्व सेना प्रमुख एम एम नरवणे के अप्रकाशित संस्मरण से जुड़े मुद्दे उठाने की अनुमति नहीं मिलने और आठ विपक्षी सदस्यों के निलंबन के मुद्दे पर गतिरोध की स्थिति बनी हुई है। लोकसभा में धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब आज शाम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा दिए जाने की संभावना से जुड़ी खबरों के बीच, पांच बजे सदन की बैठक दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद निशिकांत दुबे ने लोकसभा में कुछ किताबों का जिक्र करते हुए पंडित जवाहरलाल नेहरू और कांग्रेस नेताओं पर निशाना साधा और इस मुद्दे पर विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण भी सदन की कार्यवाही एक बार स्थगित करनी पड़ी। पूर्वाह्न 11 बजे सदन की बैठक शुरू होते ही लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने प्रश्नकाल शुरू कराया। इस दौरान, विपक्ष के सदस्य हंगामा करने लगे। अध्यक्ष बिरला ने विपक्षी सदस्यों से प्रश्नकाल चलने देने का आग्रह करते हुए कहा, ''सदन के अंदर मर्यादित आचरण और व्यवहार करना सभी सदस्यों की जिम्मेदारी है।'' शोर-शराबा नहीं थमने पर उन्होंने पांच मिनट बाद ही बैठक दोपहर 12 बजे तक स्थगित कर दी। सदन की कार्यवाही दोबारा शुरू हुई तो वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने विपक्षी सदस्यों की नारेबाजी के बीच, भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर वक्तव्य पढ़ा। बिरला ने इस दौरान आसन के समीप और सत्तापक्ष की पंक्तियों के सामने आकर नारेबाजी कर रहे विपक्षी सदस्यों के प्रति नाराजगी जताते हुए कहा, ''इस देश में अलग- अलग समय आप सरकार में रहे हैं। उसके बावजूद आप सदन की परंपराओं और मर्यादाओं को तोड़ रहे हैं।'' कांग्रेस सदस्यों के हाथों में पूर्व सेना प्रमुख और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की तस्वीर वाले पोस्टर थे, वहीं राहुल गांधी सदन में एक किताब हाथ में लिए हुए दिखे। लोकसभा अध्यक्ष ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का नाम लिए बिना कहा, ''आप चुनकर आते हैं।

### सच्चाई सामने आने से डर रही है सरकार, इसलिए राहुल को बोलने नहीं दे रही: प्रियंका

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने बुधवार को दावा किया कि सरकार लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को सदन में बोलने नहीं दे रही है क्योंकि वह इस बात को लेकर डरी हुई है कि चीन के साथ सैन्य तनाव के समय की उसकी सच्चाई सामने आ जाएगी। राहुल गांधी ने सोमवार को और मंगलवार को लोकसभा में, पूर्व सेना प्रमुख एम एम नरवणे के अप्रकाशित संस्मरण पर आधारित लेख का हवाला देते हुए चीन से संबंधित मुद्दा उठाने का प्रयास किया था, लेकिन आसन से इसकी अनुमति नहीं मिली।

## जम्मू कश्मीर विधानसभा में विपक्ष के नेता ने विदेश नीति का तारीफ की, राहुल की निंदा की

**जम्मू :** जम्मू-कश्मीर विधानसभा में विपक्ष के नेता (भाजपा) सुनील शर्मा ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र की विदेश नीति की सराहना की, जबकि कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर लोकसभा में अपनी टिप्पणियों के माध्यम से देश की सुरक्षा और संप्रभुता को कमजोर करने का आरोप लगाया। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष गांधी ने भारत-अमेरिका व्यापार समझौते और 2020 में भारत-चीन संघर्ष को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कड़ी आलोचना की है। इसके चलते लोकसभा में लगातार दो दिन – सोमवार और मंगलवार– को हंगामा हुआ और सदन की कार्यवाही इस मुद्दे पर कई बार स्थगित करनी पड़ी। शर्मा ने यहां पत्रकारों से कहा, ''भारत को विदेश नीति में सफलता मिली है। यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के दौर में स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। राहुल गांधी जब हमारे देश की विदेश नीति पर सवाल उठाते हैं तो वह बचकाने तरीके से बात करते हैं। वह देश की सुरक्षा नीति और सेना पर भी सवाल उठा रहे हैं।'' उन्होंने कहा, ''यह हमारा दुर्भाग्य है कि नेता प्रतिपक्ष (गांधी) देश की संप्रभुता, एकता और अखंडता पर सवालिया निशान लगाते हैं।'' पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) के विधायक आगा सैयद मुंतजिर मेहदी ने गांधी का बचाव करते हुए कहा कि संसद में सवाल उठाना लोकतांत्रिक कार्यप्रणाली का हिस्सा है और एक विपक्षी नेता की जिम्मेदारी है।

## देर से कॉलेज पहुंचने पर विद्यार्थियों की पिटाई; दो सहायक प्रोफेसर निलंबित, चार हिरासत में

**कानपुर (उप्र) :** कानपुर के मंधाना क्षेत्र स्थित महाराणा प्रताप इंजीनियरिंग कॉलेज में छात्र-छात्राओं ने घने कोहरे के कारण देर से पहुंचने पर संकाय सदस्यों द्वारा कथित तौर पर की गई पिटाई के विरोध में प्रदर्शन किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। विवाद बढ़ने पर कॉलेज प्रशासन ने दो सहायक प्रोफेसरों सुभाष चंद्र मौर्य और अनिल कुमार पाठक को निलंबित कर दिया है और प्रकरण की जांच के लिये समिति गठित की है। इस बीच पुलिस ने चार अन्य शिक्षकों और स्टाफ सदस्यों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। छात्रों ने बताया कि घने कोहरे के कारण उन्हें सुबह कॉलेज आने में देर हुई और वे नौ बजे के बाद जब परिसर में पहुंचे तो कुछ शिक्षकों ने उन्हें देर से आने पर कथित रूप से लाठियों और बेल्ट से पीटा और 300 रुपये 'लेट चार्ज' देने को कहा। विद्यार्थियों का आरोप है कि मारपीट से 10 से ज़्यादा छात्र-छात्राओं को चोटें आईं व उन्हें इलाज के लिए कॉलेज के अस्पताल ले जाया गया। अपने साथियों के साथ मारपीट की खबर से अन्य छात्रों ने परिसर में विरोध प्रदर्शन किया व नारेबाजी शुरू कर दी। छात्रों ने गेट बंद कर दिए और वारदात में शामिल शिक्षकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। विवाद बढ़ने पर कॉलेज प्रशासन ने दो सहायक प्रोफेसरों सुभाष चंद्र मौर्य और अनिल कुमार पाठक को निलंबित कर दिया है।

### प्रधानमंत्री मोदी दो-दिवसीय यात्रा पर सात फरवरी को मलेशिया जाएंगे

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार से मलेशिया की दो-दिवसीय यात्रा पर जाएंगे, जिसका मकसद व्यापार, निवेश, ऊर्जा और समुद्री सुरक्षा के क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करना है। विदेश मंत्रालय ने बुधवार को यह जानकारी दी। यह प्रधानमंत्री मोदी की मलेशिया की तीसरी यात्रा होगी, और अगस्त 2024 में भारत-मलेशिया द्विपक्षीय संबंधों को व्यापक रणनीतिक साझेदारी में बदले जाने के बाद यह उनकी पहली यात्रा होगी। विदेश मंत्रालय ने कहा कि इस यात्रा के दौरान मोदी मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। उसने कहा कि मोदी भारतीय समुदाय के सदस्यों के साथ-साथ उद्योग जगत के प्रतिनिधियों से भी संवाद करेंगे।

### उच्चतम न्यायालय ने केंद्र सरकार को वांगचुक की हिरासत पर पुनर्विचार करने का निर्देश दिया

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को केंद्र सरकार से पूछा कि क्या इस बात की संभावना है कि वह जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की स्वास्थ्य स्थिति को देखते हुए उनकी हिरासत पर विचार कर सकती है। न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति पी.बी वराले की पीठ ने कहा कि वांगचुक की स्वास्थ्य रिपोर्ट ठीक नहीं है और केंद्र सरकार की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के.एम नटराज को इस मामले में निर्देश लेने चाहिए। अदालत ने कहा, दलीलों, जवाबी दलीलों और कानूनी पहलुओं के अलावा अदालत का एक अधिकारी होने के अलावा इस बात पर भी विचार करें। लगभग पांच महीने पहले 26 सितंबर 2025 को हिरासत संबंधी आदेश जारी किया गया था।

### ईडी ने दुबई में भारतीय व्यक्तियों की करीब 28 करोड़ की 'अघोषित' संपत्तियों का जब्ती आदेश जारी किया

**नयी दिल्ली :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को कहा कि उसने दिल्ली के कुछ लोगों की आधी दर्जन से ज्यादा संपत्तियों को जब्त करने का आदेश जारी किया है, जिनकी कीमत करीब 28 करोड़ रुपये है। उसने कहा कि इन लोगों के पास दुबई में करोड़ों रुपये की ''अघोषित'' संपत्ति है। संघीय जांच एजेंसी ने कहा कि दिल्ली में आरोपियों के परिसरों पर कुछ महीने पहले की गई तलाशी के बाद विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के तहत आदेश जारी किए गए हैं। उसने बताया कि जानकारी मिली थी कि इन लोगों ने मुख्य रूप से दुबई में निवेश किया है और रकम का लेन-देन हवाला के जरिया किया गया।

### केरल में ट्रेन की चपेट में आने से जंगली हाथी की मौत

**पलक्कड़ (केरल) :** केरल के पलक्कड़ जिले के वालयर क्षेत्र के पास बुधवार तड़के एक जंगली हाथी रेल की पटरी मिला। वन अधिकारियों ने यह जानकारी दी। वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार, वयस्क नर हाथी की मौत ट्रेन की चपेट में आने से हुई। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही वन और रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे।

## ट्रेनों में साफ-सफाई के लिए यात्रियों से कोई शुल्क नहीं लिया जाता : रेल मंत्री



**नयी दिल्ली :** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को लोकसभा को बताया कि भारतीय रेल ने स्टेशनों और ट्रेनों में स्वच्छता बनाए रखने के लिए बजट में विशेष प्रावधान रखे हैं और स्वच्छता प्रदान करने के लिए यात्री किराये में कोई शुल्क नहीं लिया जाता है। ट्रेन में यात्री डिब्बों में शौचालय की साफ-सफाई और स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए रेलवे द्वारा अपनाए गए उपायों के बारे में पूछे गए प्रश्न के लिखित जवाब में मंत्री ने कहा कि रेलवे ने डिब्बों में साफ-सफाई और स्वच्छता पर नजर रखने और इसे करने के लिए कई उपाय किए हैं। रेल मंत्री के जवाब के अनुसार, इनमें से कुछ उपायों में बेहतर सफाई के लिए मशीन से सफाई, जिसमें अंदरूनी, बाहरी और शौचालयों की सफाई शामिल है। वैष्णव ने कहा, ''निरीक्षण और रेल मदद/रेलवन ऐप और अन्य यात्री इंटरफेस के माध्यम से प्राप्त प्रतिक्रिया के माध्यम से नियमित निगरानी की जाती है।'' उन्होंने कहा, ''भारतीय रेलवे के पास स्टेशनों और ट्रेनों में साफ-सफाई और स्वच्छता बनाए रखने के लिए विशिष्ट बजटीय प्रावधान हैं। स्वच्छता प्रदान करने के लिए यात्री किराये में कोई शुल्क नहीं लिया जाता है।''

## राहुल गांधी के केंद्रीय मंत्री बिट्टू को 'गद्दार' कहने पर विवाद, भाजपा का पलटवार

**नयी दिल्ली :** कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा बुधवार को केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू को ''गद्दार'' कहे जाने से विवाद खड़ा हो गया। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने राहुल की इस टिप्पणी को पूरे सिख समुदाय का अपमान करार देते हुए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से उनके(राहुल के) खिलाफ कार्रवाई की मांग की। भाजपा के कई शीर्ष नेताओं ने गांधी पर हमला करते हुए उनपर 'सिख विरोधी मानसिकता' रखने का आरोप लगाया, जबकि कुछ सिख सांसदों ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष का समर्थन किया। भाजपा की दिल्ली इकाई के नेताओं ने भी कांग्रेस के अकबर रोड स्थित कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन किया और राहुल गांधी के खिलाफ नारेबाजी की। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू के बीच बुधवार को नोकझोंक देखने को मिली जब संसद परिसर में कांग्रेस नेता ने उन्हें 'गद्दार' कहकर संबोधित किया और उसके जवाब में बिट्टू ने 'देश का दुश्मन' कहा। यह घटना संसद के मकर द्वार के निकट उस वक्त हुई, जब संसद के बजट सत्र की शेष अवधि से निलंबित किए गए आठ विपक्षी सांसद प्रदर्शन कर रहे थे। कांग्रेस के सांसद रह चुके बिट्टू संसद भवन में प्रवेश कर रहे थे और यह टिप्पणी करते हुए सुने गए कि ये (प्रदर्शन कर रहे सांसद) जंग जीतकर आए हैं।



## उप्र में बढ़ा राज्य पक्षी सारस का कुनबा, संख्या पहुंची 20 हजार के पार



**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश में राज्य पक्षी सारस का कुनबा बढ़ गया है। राज्य के 68 वन प्रभागों में हुई शीतकालीन गणना में इन परिंदों की संख्या बढ़कर 20 हजार 628 हो गयी है। राज्य सरकार द्वारा यहां जारी एक बयान के मुताबिक, प्रदेश में वन्यजीवों के संरक्षण की दिशा में उठाए जा रहे सार्थक कदमों के फलस्वरुप राज्य में साल दर साल सारस का कुनबा बढ़ता जा रहा है। प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) अनुराधा वेमुरी ने बताया कि राज्य में सारस की प्रतिवर्ष दो बार (ग्रीष्मकालीन/शीतकालीन) गणना की जाती है। उन्होंने बताया, प्रदेश के 68 वन प्रभागों में हुई शीतकालीन गणना में कुल 20,628 सारस पाए गए। पिछले वर्ष हुई गणना में प्रदेश में सारसों की संख्या 19,994 थी। यानी इस बार इन परिंदों की संख्या में 634 की वृद्धि हुई है। वेमुरी ने बताया कि गणना से पहले वन विभाग कर्मियों द्वारा सारस बाहुल्य प्राकृतवास का सर्वेक्षण कर महत्वपूर्ण क्षेत्रों की पहचान की गई। प्रदेश में शीतकालीन गणना कार्यक्रम में 10 हजार नागरिकों ने भी भाग लिया। वेमुरी ने बताया, साल 2023 में प्रदेश में 19,196 सारस थे। वर्ष 2024 में इनकी संख्या बढ़कर 19,994 हो गई। अब इस शीतकालीन सत्र में प्रदेश में कुल सारसों की संख्या 20,628 दर्ज की गई है। वेमुरी के मुताबिक राज्यव्यापी गणना में इटावा वन प्रभाग में सर्वाधिक 3304 सारस मिले। इसके साथ ही 10 वन प्रभागों में प्रत्येक में यह संख्या 500 से अधिक रही।

## उत्तर प्रदेश के संविदा शिक्षक 17 हजार रुपये मासिक वेतन पाने के हकदार: उच्चतम न्यायालय



**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने उत्तर प्रदेश में उच्च प्राथमिक विद्यालयों के हजारों संविदा शिक्षकों को बड़ी राहत देते हुए बुधवार को फैसला सुनाया कि वे 2017-18 से 17 हजार रुपये मासिक वेतन पाने के हकदार हैं और उनके अनुबंध की समाप्ति के बाद उन्हें स्थायी रूप से नियुक्त माना जाए। न्यायालय ने कहा कि इन शिक्षकों का पारिश्रमिक हमेशा के लिए 7,000 रुपये तय करने जैसा अन्यायपूर्ण तरीका जबरन काम कराने और 'बेगार' के समान है, जिसपर संविधान के अनुच्छेद 23 के तहत कड़ी पाबंदी है। उत्तर प्रदेश सरकार की एक अपील खारिज करते हुए, न्यायमूर्ति पंकज मिश्रा और न्यायमूर्ति पीबी वराले की पीठ ने राज्य को आदेश दिया कि वह एक अप्रैल 2026 से इन शिक्षकों को प्रति माह 17,000 रुपये के हिसाब से मानदेय देना शुरू करे, और बकाया राशि का भुगतान आज से छह महीने के अंदर किया जाए। अदालत ने कहा, आंशिक समय या संविदा पर नियुक्त किए गए प्रशिक्षकों/शिक्षकों की नियुक्ति प्रारंभिक 11 महीने के अनुबंध या विस्तारित अनुबंध की अवधि समाप्त होने पर संविदा नियुक्ति नहीं रह जाती। इन प्रशिक्षकों/शिक्षकों ने दस साल से अधिक समय तक लगातार काम किया है, इसलिए इन्हें स्थायी रूप से नियुक्त माना जाएगा, क्योंकि समय बीतने के साथ और काम की निरंतरता को ध्यान में रखते हुए, ऐसे पदों का स्वचालित रूप से सृजन हो जाता है। शीर्ष अदालत ने कहा कि इन प्रशिक्षकों/शिक्षकों को मानदेय देने का प्रारंभिक दायित्व राज्य सरकार पर है, जो भुगतान व वसूली के सिद्धांत पर भारत संघ से केंद्र सरकार का योगदान वसूलने के लिए स्वतंत्र है।

## अमित शाह आज भारत का पहला सहकारी टैक्सी सेवा ऐप पेश करेंगे

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह बृहस्पतिवार को 'भारत टैक्सी', देश के पहले सहकारिता आधारित कैब सेवा मंच का दो महीने के सफल प्रायोगिक परीक्षण के बाद शुभारंभ करेंगे। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई है। इस सेवा का लक्ष्य दो साल के भीतर सभी राज्यों और शहरों में विस्तार करना है। मल्टी-स्टेट कोऑपरेटिव सोसायटीज़ एक्ट, 2002 के तहत पंजीकृत और छह जून, 2025 को स्थापित, भारत टैक्सी शून्य-कमीशन और सर्ज-फ्री प्राइसिंग मॉडल पर काम करती है, जिसमें ड्राइवरों को सीधे मुनाफ़ा बांटा जाता है। आठ शीर्ष सहकारी संगठनों द्वारा समर्थित, इस मंच ने दो दिसंबर को दिल्ली-एनसीआर और गुजरात में पायलट परिचालन शुरू किया, जिससे ओला, उबर और रैपिडो जैसे स्थापित खिलाड़ियों को चुनौती मिली। मंत्रालय का दावा है कि यह दुनिया का पहला और सबसे बड़ा सहकारिता-आधारित टैक्सी सेवा मंच और दुनिया का सबसे बड़ा ड्राइवर-स्वामित्व वाला परिवहन मंच बन गया है। तीन लाख से ज़्यादा ड्राइवर इस मंच से जुड़े हैं, एक लाख से ज़्यादा लोगों ने पंजीकरण कराया है, और दिल्ली-एनसीआर और गुजरात में रोज़ाना 10,000 से ज़्यादा राइड पूरी हो रही हैं।

## राकांपा की युवा इकाई ने अजित पवार की स्मृति में राष्ट्रव्यापी 'अस्थि कलश यात्रा' शुरू की



**मुंबई :** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) की युवा इकाई ने बुधवार को महाराष्ट्र के दिवंगत उपमुख्यमंत्री अजित पवार को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए चार दिवसीय राष्ट्रव्यापी 'अस्थि कलश यात्रा' की शुरुआत की। पार्टी द्वारा बुधवार को जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि इस यात्रा के तहत, पवार की अस्थियों को कश्मीर से कन्याकुमारी तक देशभर की प्रमुख नदियों में और धार्मिक स्थलों पर विसर्जित किया जायेगा। पुणे जिले के बारामती में 28 जनवरी को हुए विमान हादसे में राकांपा अध्यक्ष रहे पवार और चार अन्य लोगों की मौत हो गई थी। विज्ञप्ति में कहा गया है कि 'अस्थि कलश यात्रा' की शुरुआत राकांपा के दिल्ली मुख्यालय में प्रार्थना के साथ हुई और यह सात फरवरी तक जारी रहेगी। इस दौरान यात्रा 10 से अधिक राज्यों से होकर गुजरेगी। इसमें कहा गया है कि इस यात्रा उद्देश्य पूरे भारत के लोगों को अजित पवार को श्रद्धांजलि अर्पित करने का मौका देना है।


## ऑनलाइन धोखाधड़ी की बढ़ती घटनाएं डिजिटल सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा हैं: उच्च न्यायालय

**नयी दिल्ली :** दिल्ली उच्च न्यायालय ने वित्तीय प्रलोभन और ऑनलाइन धोखाधड़ी के लिए भ्रामक संदेशों और लिंक के प्रसार से जुड़े अपराधों में वृद्धि का संज्ञान लिया है और कहा है कि ये लोगों के विश्वास और डिजिटल सुरक्षा के लिहाज से गंभीर खतरा हैं। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने धोखाधड़ी के लिए फर्जी तरीके से सिम कार्ड प्राप्त करने की एक बड़ी साजिश के ''मुख्य सूत्रधार'' होने के आरोपी दो व्यक्तियों की अग्रिम जमानत याचिका खारिज करते हुए यह टिप्पणी की। अदालत ने कहा कि चक्षु मॉड्यूल और राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल के माध्यम से प्राप्त शिकायतों से पता चला है कि दो आरोपियों द्वारा नियंत्रित एक कंपनी को जारी किए गए कई सिम नंबरों का उपयोग ऋण, स्वीकृत क्रेडिट और वित्तीय प्रलोभनों से संबंधित भ्रामक संदेशों को प्रसारित करने के लिए किया गया था, जिसके परिणामस्वरूप लोगों को आर्थिक नुकसान हुआ। अदालत ने कहा कि जांच अभी शुरुआती दौर में है और पूरी साजिश का खुलासा करने के लिए आरोपियों से हिरासत में पूछताछ जरूरी है। अदालत ने 21 जनवरी को पारित अपने आदेश में कहा, ''आरोपों की गंभीरता, जांच के दौरान एकत्र की गई सामग्री की प्रकृति और दूरसंचार अवसंरचना के दुरुपयोग से जुड़े अपराधों में आवेदकों के प्रथम दृष्टया संबंध को देखते हुए, न्यायालय को आवेदकों को अग्रिम जमानत की असाधारण सुरक्षा प्रदान करने का कोई आधार नहीं मिलता है।'' इसमें कहा गया है, ''इस न्यायालय का मानना है कि वित्तीय प्रलोभनों के लिए भ्रामक संदेशों और लिंक के प्रसार तथा ऑनलाइन धोखाधड़ी से जुड़े अपराध बढ़ रहे हैं और लोगों के विश्वास तथा डिजिटल सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा पैदा कर रहे हैं।'' सीबीआई ने अग्रिम जमानत की अर्जी का विरोध किया। एजेंसी के वकील ने बताया कि हजारों सिम कार्ड जानबूझकर गलत अंतिम उपयोगकर्ता विवरण प्रदान करके और केवाईसी प्रक्रिया का दुरुपयोग करके प्राप्त किए गए थे। इसने तर्क दिया कि इस अपराध का समाज पर गंभीर प्रभाव पड़ता है और इससे डिजिटल सुरक्षा कमजोर होती है।

## वंचित वर्ग के छात्रों को मुफ्त ऑनलाइन कोचिंग देगी केंद्र सरकार

**नयी दिल्ली :** केंद्र सरकार ने अनुसूचित जाति (एससी), अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) तथा अन्य वंचित वर्गों के छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और समान अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय ने फिजिक्स वाला (पीडब्ल्यू) फाउंडेशन के साथ साझेदारी कर हर वर्ष 5,000 छात्रों को मुफ्त ऑनलाइन कोचिंग प्रदान करने की योजना शुरू की है। इस पहल का उद्देश्य देशभर के वंचित छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं की बेहतर तैयारी के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराना है। यह योजना सिविल सेवा परीक्षा, कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) की विभिन्न परीक्षाओं और बैंकिंग क्षेत्र की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों के लिए लागू होगी। इसके साथ ही प्रधानमंत्री केयर्स फॉर चिल्ड्रन योजना के लाभार्थी भी इस कार्यक्रम के तहत पात्र होंगे। मंत्रालय ने बताया कि यह पहल पूरे देश में लागू की गई है और इसमें ओडिशा सहित सभी राज्यों के छात्र भाग ले सकते हैं। मंत्रालय ने यह भी स्पष्ट किया है कि अनुसूचित जनजाति (एसटी) के छात्रों के लिए इस तरह की कोचिंग उपलब्ध कराने को लेकर जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा किसी भी संस्था के साथ कोई समझौता ज्ञापन (एमओयू) नहीं किया गया है। चयनित अभ्यर्थियों को पूरी तरह निःशुल्क और संरचित ऑनलाइन पाठ्यक्रम उपलब्ध कराए जाएंगे। इनमें लाइव और रिकॉर्डेड कक्षाएं, टेस्ट सीरीज, पिछले वर्षों के प्रश्नपत्र, अध्ययन सामग्री, मेंटरशिप, शंका समाधान सत्र और काउंसलिंग जैसी सुविधाएं शामिल होंगी।

## गैस टैंकर पलटने से मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे पर 24 घंटे तक रहा यातायात बाधित



**मुंबई :** मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे पर खंडाला घाट खंड में एक गैस टैंकर पलटने के बाद 24 घंटे तक यातायात बाधित रहा जिससे सैकड़ों वाहन फंस गए और दोनों मार्गों पर भारी जाम लग गया। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। दुर्घटना स्थल के पास रात भर वाहन फंसे रहे और इस यातायात संकट के दौरान महिलाओं और बच्चों सहित यात्रियों को भोजन, पानी और शौचालय की सुविधा नहीं मिल पाई। एक्सप्रेसवे नियंत्रण कक्ष के अनुसार, मंगलवार शाम करीब पांच बजे व्यस्त राजमार्ग पर ज्वलनशील प्रोपलीन गैस ले जा रहा गैस टैंकर पलट गया। यातायात की अफरा-तफरी के बीच बुधवार शाम व्यवधान 24 घंटे तक जारी रहा। टैंकर से ज्वलनशील प्रोपलीन गैस का रिसाव जारी रहने के कारण स्थिति को नियंत्रित करने के लिए राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ), राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) और भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) की टीम को तैनात किया गया है और अधिकारियों ने बताया कि अभियान देर शाम तक जारी रहने की संभावना है जिसके बाद ही सामान्य यातायात बहाल हो पाएगा। पुलिस अधिकारी ने बताया कि अधिकारियों ने एक और टैंकर मंगवाया है और पलटे हुए वाहन से गैस को स्थानांतरित करने की प्रक्रिया की जा रही है। उन्होंने आगे कहा कि इस पूरी प्रक्रिया में दो घंटे से अधिक समय लगेगा। उन्होंने बताया कि एक्सप्रेसवे पर पुणे-मुंबई लेन को पूरी तरह से बंद कर दिया गया है और यातायात को दोनों शहरों के बीच पुराने राजमार्ग की ओर मोड़ दिया गया है। अधिकारी ने बताया कि 15 से 20 मिनट के अंतराल पर यातायात अवरुद्ध करने के बाद एक्सप्रेसवे के पुणे लेन से मुंबई की ओर वाहनों की आवाजाही की अनुमति दी गई, जिससे यातायात बाधित होने की समस्या में कमी आई है।

## हाथियों से टकराव रोकने के लिए रेलवे ने एआई आधारित घुसपैठ पहचान प्रणाली लागू की

**नयी दिल्ली :** रेल पटरियों पर हाथियों के साथ होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए भारतीय रेलवे ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से लैस घुसपैठ पहचान प्रणाली (इंट्रूजन डिटेक्शन सिस्टम-आईडीएस) विकसित की है। यह प्रणाली वितरित ध्वनिक संवेदक (डीएएस) तकनीक के माध्यम से रेलवे ट्रैक के आसपास हाथियों की मौजूदगी का पता लगाकर समय रहते लोको पायलटों, स्टेशन मास्टरों और नियंत्रण कक्ष को अलर्ट भेजती है, ताकि संभावित दुर्घटनाओं को टाला जा सके। रेल मंत्रालय ने पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के समन्वय से यह व्यवस्था लागू की है। इस प्रणाली में ऑप्टिकल फाइबर, आवश्यक हार्डवेयर और हाथियों की गतिविधियों से जुड़े पूर्व-परिभाषित संकेतों का उपयोग किया गया है। जैसे ही हाथियों की गतिविधि दर्ज होती है, यह प्रणाली चेतावनी संदेश जारी कर देती है, जिससे त्वरित और प्रभावी निवारक कार्रवाई संभव हो पाती है। वर्तमान में पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर) में वन विभाग द्वारा चिन्हित संवेदनशील क्षेत्रों में 141 किलोमीटर से अधिक लंबाई में आईडीएस कार्यरत है। इसके अलावा भारतीय रेलवे के विभिन्न हाथी गलियारों में भी इस प्रणाली को मंजूरी दी गई है। इनमें एनएफआर (403.42 किमी), ईसीओआर (368.70 किमी), दक्षिण रेलवे (55.85 किमी), उत्तर रेलवे (52 किमी), दक्षिण पूर्व रेलवे (55 किमी), उत्तर पूर्व रेलवे (99.18 किमी), पश्चिम रेलवे (115 किमी) और पूर्व मध्य रेलवे (20.3 किमी) शामिल हैं। रेल मंत्रालय ने बताया कि हाथियों के साथ किसी भी टक्कर की स्थिति में संबंधित क्षेत्रीय रेलवे वन विभाग के साथ मिलकर जांच करता है और आवश्यक कदम उठाए जाते हैं। इनमें संवेदनशील स्थलों पर गति सीमा तय करना, ट्रेन कर्मियों को सतर्क करना और नियमित समन्वय बैठकें शामिल हैं। पिछले पांच वर्षों में ऐसी घटनाओं की औसत संख्या लगभग 16 प्रति वर्ष रही है। इसके अलावा, हाथियों की सुरक्षित आवाजाही के लिए अंडरपास और रैंप का निर्माण, संवेदनशील क्षेत्रों में बाड़ लगाना, चेतावनी संकेतक बोर्ड, पटरियों के आसपास वनस्पति की सफाई, सौर ऊर्जा से चलने वाली एलईडी लाइटें, हाथी ट्रैकर्स की तैनाती तथा मधुमक्खी की आवाज निकालने वाले उपकरण भी लगाए गए हैं।




## न्यूज ब्रीफ

### भारतीय महिला फुटबॉल टीम ने तुर्किये में तीसरा मैत्री मैच जीता

**नयी दिल्ली:** भारत की सीनियर महिला राष्ट्रीय टीम ने बुधवार को अंताल्या में रूस की टीम ज्वेज्दा-2005 पर्म को मैत्री मैच में 2-0 से हरा दिया। भारतीय टीम को नौवें मिनट में अंजू तमांग ने बढ़त दिलाई जबकि लिंडा कोम सर्तो ने 89वें मिनट में गोल दागकर स्कोर 2-0 किया जो निर्णायक स्कोर साबित हुआ। एएफसी महिला एशियाई कप ऑस्ट्रेलिया 2026 की तैयारियों के हिस्से के तौर पर यह भारतीय टीम का पांचवां अभ्यास मैच था। भारतीय टीम तुर्किये में अपना आखिरी मैच सात फरवरी को खेलेगी और फिर 10 फरवरी को ऑस्ट्रेलिया के लिए रवाना होगी।

### पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को हो सकता है भारी वित्तीय नुकसान

**कराची:** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) संचालन बोर्ड अगर 15 फरवरी को कोलंबो में भारत के खिलाफ टी20 विश्व कप मैच खेलने से इनकार करने के लिए पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) को दंडित करने का फैसला करता है तो उसे भारी वित्तीय नुकसान का सामना करना पड़ सकता है। पीटीआई द्वारा जुटाई गई जानकारी के अनुसार आईसीसी के वित्तीय चक्र 2024-27 में पाकिस्तान का हिस्सा लगभग 144 मिलियन डॉलर (14.4 करोड़ डॉलर) है जिसमें पीसीबी को सालाना 38 मिलियन डॉलर (3.8 करोड़ डॉलर) की उच्चतम भुगतान दर वितरित की जाती है। एक अंदरूनी सूत्र ने कहा, 'असल में अगर आईसीसी भारत के साथ मैच नहीं खेलने के लिए पाकिस्तान को दंडित करने का फैसला करता है तो पीसीबी को आर्थिक रूप से बड़ा झटका लग सकता है क्योंकि मौजूदा वित्तीय चक्र में आईसीसी का हिस्सा लगभग 40 बिलियन पाकिस्तानी रुपया है।'

# आरोन जॉर्ज के शतक से भारत अंडर-19 विश्व कप के फाइनल में




**हरारे:** आरोन जॉर्ज (115 रन) के शानदार शतक तथा आईपीएल स्टार वैभव सूर्यवंशी (68 रन) और आयुष म्हात्रे (62 रन) की आक्रामक अर्धशतकीय पारियों की बदौलत भारत ने बुधवार को यहां अफगानिस्तान को सात विकेट से हराकर आईसीसी अंडर-19 विश्व कप के फाइनल में जगह बना ली। भारत अब शुक्रवार को खिताबी मुकाबले में इंग्लैंड से भिड़ेगा। यह अंडर-19 विश्व कप इतिहास में भारत का 10वां फाइनल होगा।टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी अफगानिस्तान की टीम ने फैसल शिनोजादा (110 रन) और उजैरुल्लाह नियाजई (नाबाद 101 रन) के शानदार शतकों की मदद से 310 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। जवाब में भारतीय टीम ने इस लक्ष्य को 41.1 ओवर में ही हासिल कर लिया, जो अंडर-19 विश्व कप इतिहास में अब तक का सबसे बड़ा सफल रन चेज है।लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत को वैभव सूर्यवंशी ने तूफानी शुरुआत दिलाई। उन्होंने 33 गेंदों में नौ चौकों और चार छक्कों की मदद से 68 रन बनाए। सूर्यवंशी ने ऑफ स्पिनर वाहिदुल्लाह जादरान के खिलाफ आक्रामक शॉट लगाए और तेज गेंदबाज उमरजई की गेंद पर हेलीकॉप्टर शॉट से छक्का जड़कर दर्शकों को रोमांचित किया। हालांकि वह पुल शॉट खेलने के प्रयास में उस्मान सादात को कैच दे बैठे और पहले विकेट के लिए 93 रन की साझेदारी समाप्त हुई।इसके बाद आरोन जॉर्ज ने आयुष म्हात्रे के साथ मिलकर पारी को संभाला। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 102 गेंदों में 114 रन की अहम साझेदारी की। म्हात्रे ने 59 गेंदों में पांच चौकों और चार छक्कों की मदद से 62 रन बनाकर टूर्नामेंट में अपनी लय हासिल की। दूसरी ओर आरोन ने एंकर की भूमिका निभाते हुए संयम और क्लास का शानदार प्रदर्शन किया।आरोन जॉर्ज ने 104 गेंदों में 15 चौके और दो छक्कों की मदद से 115 रन की शानदार पारी खेली। उनके कवर ड्राइव और मिड-विकेट के शॉट दर्शनीय रहे। उन्होंने 95 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। बाद में विहान मल्होत्रा के साथ तीसरे विकेट के लिए 96 रन जोड़कर भारत को जीत के करीब पहुंचाया। आरोन 40वें ओवर में आउट हुए, लेकिन तब भारत को जीत के लिए सिर्फ 11 रन चाहिए थे।इससे पहले अफगानिस्तान की पारी में भारतीय गेंदबाजों को शुरुआती सफलता के लिए संघर्ष करना पड़ा। दीपेश देवेंद्रन और कनिष्क चौहान ने अहम मौकों पर विकेट लेकर टीम को संभाला, लेकिन शिनोजादा और नियाजई की बड़ी साझेदारी ने मुकाबले को चुनौतीपूर्ण बना दिया।

# अभ्यास मैच में भारत ने दक्षिण अफ्रीका को 30 रन से हराया



**नवी मुंबई:** इशान किशन की तूफानी बल्लेबाजी और गेंदबाजों के संतुलित प्रदर्शन की बदौलत भारत ने आईसीसी टी20 विश्व कप के अभ्यास मैच में बुधवार को यहां दक्षिण अफ्रीका को 30 रन से शिकस्त दी। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने पांच विकेट पर 240 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया, जिसके जवाब में दक्षिण अफ्रीकी टीम सात विकेट पर 210 रन ही बना सकी।भारत की ओर से इशान किशन ने मात्र 20 गेंदों में सात छक्कों और दो चौकों की मदद से 53 रन की विस्फोटक पारी खेली। उन्होंने अभिषेक शर्मा (24) के साथ पहले विकेट के लिए 80 रन की साझेदारी कर टीम को शानदार शुरुआत दिलाई। चोट के बाद वापसी कर रहे तिलक वर्मा ने भी आक्रामक अंदाज में 19 गेंदों में तीन छक्कों और तीन चौकों की मदद से 45 रन बनाए।कप्तान सूर्यकुमार यादव ने 30 रन का योगदान दिया जबकि उपकप्तान अक्षर पटेल ने नाबाद 35 रन बनाए। हार्दिक पंड्या ने भी 30 रन की उपयोगी पारी खेली। भारत ने पावरप्ले में एक विकेट पर 83 रन बनाए और 10 ओवर में दो विकेट पर 135 रन तक पहुंच गया।दक्षिण अफ्रीका की ओर से गेंदबाजी में मार्को यानसेन ने तिलक वर्मा को बोल्ड किया, जबकि कागिसो रबादा और लुंगी एनगिडी को सफलता नहीं मिल सकी।241 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीकी टीम को पहले ओवर में ही जॉर्ज लिंडे के रूप में झटका लगा। इसके बाद रियान रिकेल्टन (44), एडेन मारक्रम (38), जेसन स्मिथ (35) और मार्को यानसेन (31) ने संघर्ष जरूर किया, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। ट्रिस्टन स्टब्स 45 रन बनाकर नाबाद रहे।भारत की ओर से गेंदबाजी में अभिषेक शर्मा ने 32 रन देकर दो विकेट लिए। वरुण चक्रवर्ती, अक्षर पटेल और अर्शदीप सिंह को भी एक-एक सफलता मिली।मैच के बाद उम्मीद जताई जा रही है कि इशान किशन और अभिषेक शर्मा सात फरवरी को वानखेड़े स्टेडियम में अमेरिका के खिलाफ भारत के पहले टी20 विश्व कप मुकाबले में पारी की शुरुआत करेंगे।

## भारत ने भूटान को हराया, अंडर-19 महिला चैंपियनशिप के फाइनल में बांग्लादेश से होगा सामना



**पोखरा (नेपाल):** भारत की अंडर-17 महिला टीम ने बुधवार को यहां सैफ अंडर-19 महिला चैंपियनशिप के अपने अंतिम राउंड-रॉबिन मैच में भूटान को 8-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया जिसमें उसका सामना बांग्लादेश से होगा। भारत के लिए पर्ल फर्नांडिस (16, 39, 41वें मिनट) ने पहले हाफ में हैट्रिक लगाई जबकि प्रीतिका बर्मन (25, 90वें मिनट) ने भारत के लिए दोनों हाफ में एक-एक गोल किया। अलीशा लिंगदोह (छठे), अभिस्ता बसनेट (10वें), और दिव्यानी लिंडा (17वें) ने एक-एक गोल किया। वहीं बांग्लादेश ने दिन के दूसरे मैच में मेजबान नेपाल को 4-0 से हराया। भारत तालिका में तीन मैच में छह अंक के साथ बांग्लादेश से तीन अंक पीछे दूसरे स्थान पर रहा। मेजबान टीम तीन अंक के साथ तीसरे स्थान पर रही जबकि भूटान बिना किसी अंक के सबसे नीचे रहा।

## रोहित-कोहली को खेलना जारी रखना चाहिए, टी20 विश्व कप में खतरनाक साबित होगा भारत: धोनी



**नयी दिल्ली:** भारत के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने सीनियर बल्लेबाज विराट कोहली और रोहित शर्मा का समर्थन करते हुए कहा है कि उन्हें कोई यह न बताए कि वे खेलना जारी रख सकते हैं या नहीं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि भारतीय टीम घरेलू धरती पर होने वाले टी20 विश्व कप में खतरनाक साबित होगी। धोनी ने खेल प्रसारक जतिन सप्रू के साथ एक साक्षात्कार में भारतीय क्रिकेट पर अपने विचार व्यक्त किए। लगभग आधे घंटे की बातचीत के दौरान जब रोहित (38 वर्ष) और कोहली (37 वर्ष) के 2027 वनडे विश्व कप खेलने की संभावना को लेकर बात हुई तो धोनी ने पहले चुटकी लेते हुए कहा, 'माफ़ कीजिए, सवाल क्या है।' लेकिन धोनी ने तुरंत ही गंभीर लहजा अपनाते हुए पूछा, 'क्यों नहीं। किसी को विश्व कप क्यों नहीं खेलना चाहिए। मेरे लिए उम्र कोई मापदंड नहीं है। मेरे लिए प्रदर्शन और फिटनेस ही मापदंड हैं। मेरा मानना है कि किसी को कुछ भी बताने की जरूरत नहीं है। लेकिन यह स्पष्ट होना चाहिए कि सबके साथ एक जैसा व्यवहार किया जाएगा।'

## चानू ने राष्ट्रीय चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर अपने तीन राष्ट्रीय रिकॉर्ड बेहतर किए

**मोदीनगर:** ओलंपिक रजत पदक विजेता मीराबाई चानू ने बुधवार को यहां राष्ट्रीय भारोत्तोलन चैंपियनशिप में महिलाओं के 48 किलोग्राम वर्ग का खिताब जीतते हुए अपने ही तीन राष्ट्रीय रिकॉर्ड बेहतर किए। कई बार की विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता चानू ने कुल 205 किलोग्राम (स्नैच में 89 किलोग्राम, क्लीन एंव जर्क में 116 किलोग्राम) वजन उठाया जिससे उन्होंने स्नैच, क्लीन एंव जर्क और कुल प्रयास में नए राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाए। चानू ने स्वर्ण पदक जीतने के बाद पीटीआई से कहा, 'बहुत खुश हूं। इस प्रदर्शन से मेरा आत्मविश्वास बढ़ा है। पहले मैं 49 किलोग्राम वर्ग में प्रतिस्पर्धा कर रही थी, 48 किलोग्राम वर्ग में यह नतीजा हासिल करना बहुत बड़ी बात है।'

## आरसीबी की निगाह दूसरे खिताब पर, मिथक तोड़ने की कोशिश करेगा दिल्ली कैपिटल्स



**वडोदरा:** लीग चरण में खेल के प्रत्येक विभाग में अच्छा प्रदर्शन करके उत्साह से लबरेज रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम गुरुवार को यहां होने वाले महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के फाइनल में दूसरा खिताब जीतने की कोशिश करेगी जबकि पिछले तीन बार की उपविजेता दिल्ली कैपिटल्स की टीम खिताबी मुकाबले में हार के मिथक को तोड़ने के लिए अपनी तरफ से कोई कसर नहीं छोड़ेगी। इन दोनों टीम के हाल के प्रदर्शन को देखते हुए यह निश्चित है कि फाइनल में रोमांचक मुकाबला देखने को मिलेगा। पूर्व चैंपियन आरसीबी ने इस सत्र में शानदार प्रदर्शन किया है और मुश्किल परिस्थितियों में वापसी करने की अपनी क्षमता भी साबित की है। इसी जुझारूपन की बदौलत उसने लगातार पांच जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत करते हुए इतिहास रचा। वह डब्ल्यूपीएल में ऐसा करने वाली पहली टीम बन गई।

# समाज्ञा व्यापार

## भारत के लिए लगातार दो अंकीय वृद्धि हासिल करना संभव : मुकेश अंबानी



**मुंबई:** रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने बुधवार को कहा कि भारत के लिए निरंतर दोहरे अंकों की वृद्धि संभव है और किसी भी देश को स्थिर आर्थिक नेतृत्व ही परिभाषित करता है। यहां जियोब्लैकरॉक के कार्यक्रम में अंबानी ने कहा कि अगले दशक में भारत अपनी 80 प्रतिशत ऊर्जा का आयात नहीं करेगा। उन्होंने बताया कि भारत के हर गांव में 5जी नेटवर्क है जो किसी भी अन्य देश से बेहतर एवं सस्ते हैं। अंबानी ने कहा कि आर्थिक वृद्धि के लिए 15-20 वर्ष तक निरंतर कानून व्यवस्था एवं सामाजिक सद्भाव आवश्यक है। उन्होंने कहा, 'मैं स्पष्ट तौर पर देश में रिलायंस जैसी 100 नई कंपनियों को उभरते हुए देखता हूं।'

# आईटी शेयर में बड़ी गिरावट से बाजार की बढ़त सीमित, सेंसेक्स 79 अंक चढ़ा



**मुंबई:** सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र की प्रमुख कंपनियों के शेयरों में तेज गिरावट के बीच घरेलू शेयर बाजार में बुधवार को मामूली बढ़त दर्ज की गई। सेंसेक्स 79 अंक की बढ़त पर रहा जबकि निफ्टी 48 अंक चढ़कर बंद हुआ। कारोबारियों ने कहा कि अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये में कमजोरी और कच्चे तेल के दाम में तेजी से भी निवेशक धारणा प्रभावित हुई। हालांकि, चुनिंदा शेयरों में तेजी से सूचकांक हल्की बढ़त के साथ बंद हुए। पिछले कारोबारी सत्र में जोरदार उछाल के बाद बीएसई का 30 शेयर वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 78.56 अंक यानी 0.09 प्रतिशत बढ़कर 83,817.69 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 83,947.53 अंक के उच्चस्तर तक गया और 83,119.95 अंक के निचले स्तर तक आया। इस तरह इसमें 827.58 अंक का उतार-चढ़ाव देखा गया। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का 50 शेयर वाला मानक सूचकांक निफ्टी 48.45 अंक यानी 0.19 प्रतिशत चढ़कर 25,776 अंक पर बंद हुआ। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के शोध विभाग के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजित मिश्रा ने कहा, 'वैश्विक बाजार के मिले-जुले संकेतों और हालिया तेजी के बाद मुनाफावसूली से बाजार में सतर्कता का माहौल बना रहा। वैश्विक प्रौद्योगिकी शेयरों में कमजोरी का असर घरेलू आईटी शेयर पर भी पड़ा।' सेंसेक्स की कंपनियों में इटर्नल, ट्रेंट, एनटीपीसी, अदाणी पोर्ट्स, पावर ग्रिड और मारुति सुजुकी प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। दूसरी तरफ, इन्फोसिस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), एच-सीएल टेक और टेक महिंद्रा के शेयर नुकसान के साथ बंद हुए। इन शेयर में सात प्रतिशत तक की बड़ी गिरावट दर्ज की गई। प्रमुख आईटी कंपनियों में तेज गिरावट की वजह से बीएसई आईटी सूचकांक 5.49 प्रतिशत लुढ़ककर 35,109.51 पर बंद हुआ।

### इन्फोसिस सात प्रतिशत टूटा

घरेलू शेयर बाजार में सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) शेयरों में तेज गिरावट देखी गई। इस दौरान इन्फोसिस का शेयर सात प्रतिशत से अधिक लुढ़क जाने से पूरे क्षेत्र पर दबाव बना। बीएसई पर दिग्गज आईटी सेवा प्रदाता इन्फोसिस का शेयर 7.19 प्रतिशत तक गिर गया। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) में 6.95 प्रतिशत, एलटीआईमाइंडट्री में 5.51 प्रतिशत और हेक्सावेयर टेक्नोलॉजीज में 4.98 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई।

## बोइंग 787 विमानों की निगरानी जांच पूरी, ईंधन नियंत्रण स्विच में नहीं मिली खराबी: एयर इंडिया




**नयी दिल्ली:** एयर इंडिया ने बुधवार को कहा कि उसने बेड़े में शामिल बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमानों के 'ईंधन नियंत्रण स्विच' (एफसीएस) की एहतियाती जांच पूरी कर ली है और इस दौरान कोई समस्या नहीं पाई गई। रविवार को लंदन के हीथ्रो से बेंगलुरु की उड़ान के दौरान एक बोइंग-787 विमान के ईंधन स्विच में तकनीकी खराबी आने की रिपोर्ट के बाद यह जांच की गई थी। वर्तमान में एयर इंडिया के बेड़े में 33 बोइंग-787 विमान हैं जिनमें से 28 विमान परिचालन का हिस्सा हैं। एयरलाइन ने एक बयान में कहा कि उसने अपने बेड़े के सभी परिचालन वाले बोइंग 787 विमानों में ईंधन नियंत्रण स्विच की एहतियाती जांच पूरी कर ली है। एयर इंडिया ने कहा, जांच के दौरान कोई भी समस्या नहीं पाई गई। हमारे एक पायलट द्वारा दी गई जानकारी के बाद अत्यधिक सावधानी बरतते हुए यह निरीक्षण किया गया था।

### रुपया 15 पैसे टूटकर 90.47 प्रति डॉलर पर बंद

**मुंबई:** भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर सहमति की घोषणा से पिछले कारोबारी सत्र में आई तेजी के बाद अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में बुधवार को रुपया अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 15 पैसे टूटकर 90.47 पर बंद हुआ। यह गिरावट कॉरपोरेट और आयातकों द्वारा डॉलर की संभावित खरीदारी के कारण हुई। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर सहमति के बाद सकारात्मक माहौल के बावजूद अभी भी सावधानी बरतनी चाहिए क्योंकि व्यापार समझौते को अभी तक कोई हस्ताक्षरित या आधिकारिक रूप से जारी नहीं किया गया है।

## सन फार्मा ने तीन साल के लिए आरसीबी के साथ प्रमुख प्रायोजक के रूप में साझेदारी की

**नयी दिल्ली:** सन फार्मास्युटिकल इंडस्ट्रीज ने बुधवार को कहा कि उसने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के साथ वर्ष 2026 सत्र से शुरू होने वाले तीन साल की अवधि के लिए प्रमुख प्रायोजक और स्वास्थ्य साझेदार के रूप में साझेदारी की है। कंपनी ने बयान में कहा कि यह साझेदारी मुंबई स्थित दवा कंपनी का क्रिकेट प्रायोजन में पहला कदम है, जो उसकी कॉरपोरेट ब्रांड यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। सन फार्मा के प्रबंध निदेशक, कीर्ति गनोरकर ने कहा, ''आरसीबी और सन फार्मा दोनों अपने-अपने क्षेत्रों में अगुवा हैं, और यह सहयोग निरंतरता, जुनून और नवाचार के हमारे साझा मूल्यों को दर्शाता है।'' उन्होंने कहा कि इस साझेदारी के जरिये सन फार्मा का लक्ष्य पूरे भारत में लोगों के साथ अपने कॉरपोरेट ब्रांड संपर्क को मज़बूत करना है, उन्हें उस कंपनी के करीब लाना है जिस पर वे हर दिन दवाओं के लिए भरोसा करते हैं।

## इंडिगो ने लंबी दूरी के उड़ान कार्यक्रम में किया बदलाव, 17 फरवरी से कोपनहेगन के लिए सेवा स्थगित

**नयी दिल्ली:** इंडिगो ने बुधवार को विदेशी परिचालन संबंधी बाधाओं के कारण अपने लंबी दूरी के उड़ान कार्यक्रम में बदलाव करने की घोषणा की। इसके तहत 17 फरवरी से कोपनहेगन (डेनमार्क) के लिए उड़ानों का संचालन स्थगित कर दिया जाएगा। इसके अलावा, एयरलाइन दिल्ली-लंदन हीथ्रो और दिल्ली-मैनचेस्टर मार्गों पर भी उड़ानों की संख्या में कटौती करेगी। कंपनी ने बुधवार को बयान में कहा कि उसके बड़े आकार के विमानों को परिचालन से संबंधित बाहरी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। इनमें भू-राजनीतिक परिस्थितियों के कारण हवाई क्षेत्र की लगातार बदलती परिस्थितियां और भारत के साथ-साथ विदेशों में भी हवाई अड्डों पर अत्यधिक भीड़ जैसे कारण शामिल हैं। बयान के अनुसार, इन कारकों के कारण उड़ानों के समय में काफी वृद्धि हुई है, जिससे लंबी दूरी के मार्गों पर संचालित होने वाले छह 787-9 विमानों का परिचालन कार्यक्रम प्रभावित हुआ है। नेटवर्क समायोजन के हिस्से के रूप में, एयरलाइन 17 फरवरी से अगले आदेश तक कोपनहेगन के लिए उड़ानों को निलंबित रखेगी।

## न्यूज अपडेट

### आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति की बैठक शुरू, रेपो दर को यथावत रखने की संभावना

**मुंबई:** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता वाली छह सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने बुधवार को द्विमासिक मौद्रिक समीक्षा पर विचार-विमर्श शुरू कर दिया। यह बैठक अर्थव्यवस्था में वृद्धि पर केंद्रित आम बजट और भारत-अमेरिका व्यापार समझौते की घोषणा की पृष्ठभूमि में हो रही है, जिससे बाजार की धारणा मजबूत हुई है। मौद्रिक नीति समिति का फैसला शुक्रवार सुबह गवर्नर मल्होत्रा द्वारा घोषित किया जाएगा। विशेषज्ञों का मानना कि भारतीय रिजर्व बैंक ने पिछले फरवरी से अब तक प्रमुख नीतिगत दर रेपो में 1.25 प्रतिशत अंक की कटौती कर दी है और चूंकि फिलहाल न तो वृद्धि और न ही मुद्रास्फीति के मोर्चे पर कोई बड़ी चिंता है, इसलिए इस बार दरों में यथास्थिति बनाए रखी जा सकती है। हालांकि, कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि उधारी लागत को और कम करने के लिए केंद्रीय बैंक एक और दर कटौती कर सकता है।

### बजट 2026 में राजकोषीय अनुशासन बरकरार, अधिक उधारी से बाजार चिंतित



**कोलकाता :** केंद्रीय बजट 2026 को लेकर अर्थशास्त्रियों की प्रतिक्रिया संतुलित रही है। कोटक महिंद्रा बैंक की मुख्य अर्थशास्त्री उपासना भारद्वाज ने कहा कि सरकार ने राजकोषीय अनुशासन और सुदृढ़ीकरण को प्राथमिकता देना जारी रखा है, जो बाजार की अपेक्षाओं के अनुरूप है। उनके अनुसार वित्त वर्ष 2027 के लिए राजकोषीय घाटे का लक्ष्य 4.3 प्रतिशत रखा गया है और शुद्ध बाजार उधार भी अनुमान के अनुरूप है, जिससे सरकार के मध्यम अवधि के राजकोषीय रोडमैप में निरंतरता दिखती है। हालांकि, उन्होंने बजट में घोषित सकल उधारी को लेकर चिंता जताई। कुल उधारी 17.2 ट्रिलियन रुपये रहने से बाजार की धारणा पर असर पड़ सकता है। बायबैक या स्विच के अभाव में सकल उधार बढ़ने से बांड बाजारों में निकट भविष्य में दबाव की आशंका जताई गई है।

### फेनेस्टा ने पुरबा बर्धमान में पहला शोरूम खोला, पश्चिम बंगाल में 15वां आउटलेट



**पुरबा बर्धमान :** प्रीमियम दरवाजों और खिड़कियों के लिए भारत के भरोसेमंद ब्रांड फेनेस्टा ने पुरबा बर्धमान में अपने पहले शोरूम के शुभारंभ के साथ पश्चिम बंगाल में अपनी मौजूदगी को और मजबूत किया है। यह राज्य में कंपनी का 15वां शोरूम है। बालाजी आर्ट एंड होम एलएलपी द्वारा संचालित यह शोरूम पद्मपुकुर, कंचननगर स्थित है। नए शोरूम में यूपीवीसी और एलुमिनियम विंडो-डोर्स, सॉलिड पैनल डोर्स, फॉसेड्स और प्रीमियम हार्डवेयर सहित फेनेस्टा का विस्तृत प्रोडक्ट पोर्टफोलियो उपलब्ध है। लॉन्च के मौके पर फेनेस्टा के बिजनेस हेड साकेत जैन ने कहा कि पश्चिम बंगाल प्रीमियम और ऊर्जा-सक्षम फेनेस्ट्रेशन समाधानों के लिए एक प्रमुख बाजार बनता जा रहा है। यह शोरूम उपभोक्ताओं, आर्किटेक्ट्स और बिल्डरों को विश्वस्तरीय समाधान एक ही छत के नीचे उपलब्ध कराएगा।

वर्ष 10, पूर्णांक 3494 अंक 304 RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in